# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 6 मार्च 2024 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 07 • अंक : 306 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 2.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1915 : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांतिनिकेतन में मिले।

1924 : इस्मेत इनोनु ने तुर्की में एक नई सरकार बनायी।

1944 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की।

1947 : भारत से ब्रिटिश सैनिकों को हटाये जाने का विरोध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने घोषणा की।

1967 : जोसेफ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।

1983 : यूनाइट स्टेट में पहले फुटबॉल लीग की स्थापना हुई।

# गरीबों की गारंटी मोदी ने ली : पीएम

## प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर एवं सिकंदराबाद में कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भुवनेश्वर/ सिकंदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ओडिशा के चंडीखोल में 19,600 करोड़ रुपए के कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जो भी अटकी, लटकी, भटकी परियोजनाएं थीं, उन्हें हमारी सरकार पूरी कर रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अबकी बार 400 पार का संकल्प है। ये संकल्प भारत को दुनिया को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार कोयले को लूट कर खा जाती थी तो वह गरीबों को खाना कैसे दे सकती है? लेकिन जब एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तब उसने कहा कि गरीब की सबसे बड़ी गारंटी मोदी बनेगा। जिस गरीब के पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं था, उसकी गारंटी मोदी ने ले ली। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तेलंगाना पहुंचे। उन्होंने मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-



श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम, सिकंदराबाद में प्रधानमंत्री ने भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की

अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संगारेड्डी में 7200 करोड़ रुपए के परियोजनाओं का इनॉगरेशन किया। पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा- पता है ये लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हैं? ये मोदी उनकी आंखों में चुभता क्यों है? उसका कारण है- मैं उनके सैकड़ों हजारों रुपए के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। पीएम ने कहा- मैं इनके परिवार के खिलाफ परिवारवाद के खिलाफ बोल रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है?

# गांव की महिलाओं को लखपति बनाना मोदी की गांरटी : निर्मला सीतारमण

## लाभार्थी सम्मेलन में सैकड़ों लाभुकों के बीच 1348 करोड़ के ऋण का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** गांव की महिलाएं भी लखपति बनेंगी यह मोदी की गांरटी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाओं का शुरुआत की है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि गांव की महिलाएं भी लखपति बनेंगी। 'ड्रोन दीदी' योजना का जिक्र करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब गांव की महिलाएं अपने खेतों की देखभाल ड्रोन के जरिए कर रही है। इसके लिए उनको ट्रेनिंग भी दी जा रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री आज छपरा के जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस में क्रेडिट ऑफिस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैकड़ों लाभुकों के बीच 1000 करोड़ से अधिक के लोन (ऋण) और अनुदान का वितरण किया। बिहार में पहली बार इतने बड़े स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें खुद वित्त मंत्री भी शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों की ओर से स्टॉल लगाए गए थे। वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण ने कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद जनार्दन सिंह अग्रवाल के साथ सांसद राजीव प्रताप रूडी भी मौजूद थे। इस मौके पर फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने जय श्री राम के नारे के साथ अपने भाषण की शुरुआत की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता महिलाओं को सशक्त बनाने का है। आज के इस लाभार्थी सम्मेलन में केंद्रीय वित्त मंत्री ने आवास ऋण के 170 लाभार्थियों के बीच 41.76 करोड़, वाहन ऋण के 209 लाभार्थियों के बीच 38.98, शिक्षा ऋण के 36 लाभार्थियों के बीच 2.51, अन्य खुदरा ऋण के 6,565 लाभार्थियों के बीच 202.77 करोड़, मुद्रा के 922 लाभार्थियों के बीच 32.36, स्टैंड-अप इंडिया के 34 लाभार्थियों के बीच 2.28 करोड़, पीएम स्वनिधि के 751 लाभार्थियों के बीच 1.65 करोड़, पीएमईजीपी के 128 लाभार्थियों के बीच 11.91, अन्य एमएसएमई ऋण के 829 लाभार्थियों को 98.56, केसीसी (कॉर्पोरेशन) के 1,746 लाभार्थियों को 17.38, केसीसी (एएचडी और मछली पालन) के 158 लाभार्थियों को 2.46, एसएचजी के 10,420 लाभार्थियों को 267.98, अन्य कृषि ऋण के 12,542 लाभार्थियों को 266.13 और अन्य ऋण के 3,994 लाभार्थियों को 95.85 करोड़ रुपया प्रदान किया गया है।

# योगी मंत्रिमंडल का विस्तार चार नए कैबिनेट मंत्री बने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार हो गया। मंगलवार को 4 नए चेहरों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। सभी को कैबिनेट का दर्जा दिया गया है। नए मंत्रियों में सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर, भाजपा एमएलसी दारा सिंह चौहान, साहिबाबाद से भाजपा विधायक सुनील शर्मा और रालोद के दलित चेहरे अनिल कुमार हैं। नए बने चार मंत्रियों में से 3 दूसरे दलों से भाजपा में आए हैं। राजभर 9 महीने पहले सपा छोड़कर एनडीए गठबंधन में शामिल हुए थे। दारा सिंह चौहान भी सपा से भाजपा में आए हैं। एनडीए से गठबंधन के बाद रालोद विधायक



अनिल कुमार को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। इसके अलावा 2022 विधानसभा चुनाव में यूपी में सबसे ज्यादा वोट से जीतने वाले भाजपा विधायक सुनील शर्मा को भी जगह मिली है। योगी कैबिनेट में कुल 52 मंत्री थे। अब यह संख्या बढ़कर 56 हो गई। सरकार में 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। ऐसे में अभी भी 4 मंत्रियों की जगह खाली है। नए मंत्रियों के बाद योगी सरकार में अब 22 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्यमंत्री हैं। योगी सरकार में अब सामान्य वर्ग के 24, ओबीसी वर्ग के 22 और एससी-एसटी वर्ग के मंत्रियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। 25 मार्च 2022 को योगी सरकार 2.0 का शपथ ग्रहण हुआ था।

# झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने का कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने किया दावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र में मोदी सरकार को हैट्रिक लगाने से रोकने के लिए झारखंड में कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के जरिए राज्य की सभी 14 सीटों को जीतने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए कांग्रेस के द्वारा इन दिनों पार्टी द्वारा लोकसभा स्तर पर समन्वय समिति की बैठक की जा रही है। इसी के तहत रांची लोकसभा समन्वय समिति कि मंगलवार को हुई बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ कई घंटों तक मंत्रणा करते नजर आए। इस बैठक में कांग्रेस के जिला स्तरीय पदाधिकारी से लेकर प्रखंड और बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की मौजूदगी में रांची के डोरंडा स्थित घाघरा में आयोजित कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में लोगों ने खुलकर विचार रखे। रांची लोकसभा सीट से एक बार फिर



पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा होना अभी बाकी है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने इंडिया गठबंधन दलों के बीच सीटों के फार्मूला और प्रत्याशी की घोषणा जल्द होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी अपने आपको सबसे बड़ी पार्टी कहती है, वह वाकई में हकीकत से दूर है। क्योंकि पिछले चुनाव में आप आंकड़ा देखें तो बीजेपी को महज 38 फीसदी वोट मिले हैं। इसे साफ प्रमाणित होता है कि 62 फीसदी मतदाता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ किसी न किसी दल को वोट दिया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में हम पूरी रणनीति के तहत चुनाव लड़ेंगे और ना केवल रांची बल्कि झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतकर इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ देश में उभरेगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बूथ से लेकर प्रदेश स्तर पर हमारा संगठनात्मक मजबूती है। हमारा संगठन मिस कॉल के जरिए नहीं बल्कि वास्तविक सदस्यों के साथ बना है। ऐसे में हम अपनी पूरी रणनीति के साथ बीजेपी के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करेंगे। बता दें कि 9 मार्च तक कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक विभिन्न जिलों में होगी। रांची के बाद खूंटी और गुमला में मंगलवार को समन्वय समिति की बैठक में भाग लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडल कारा में कैदी की हत्या

**हाजीपुर।** हाजीपुर मंडल कारा में मारपीट के मामले में बंद एक कैदी को जेल के अंदर ही बदमाशों ने मारपीट कर हत्या कर दी। मृतक सदर थाना अंतर्गत चंद्रालय निवासी रामवृक्ष राय के 45 वर्षीय पुत्र अशोक राय बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी गौरव कुमार यादव एवं नगर थाना अध्यक्ष समिति कई पुलिस पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। बताया गया कि मंडल कारा में हत्या के मामले में बंद आरोपित ने अशोक कुमार राय की मारपीट कर हत्या कर दी।

### विस के 69 मार्शल पदों के लिए हुई परीक्षा रद्द

**पटना।** विधानसभा सुरक्षा प्रहरी के लिए पिछले दिनों हुई परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अब इसके लिए नए सिरे से परीक्षा होगी। हालांकि, इसके लिए तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के कार्यकाल में सुरक्षा प्रहरी (मार्शल) के 69 पदों के लिए 10 सितंबर को प्रारंभिक परीक्षा हुई थी, इसमें 27 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसके बाद इसी साल 19 से 22 जनवरी तक अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच व दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। दरअसल, विधानसभा सचिवालय को परीक्षा लेने में पारदर्शिता की कमी की शिकायत मिली थी। इस संबंध में सभा सचिवालय को प्रतिवेदन भी प्राप्त हुआ था। इसी के आधार पर पूरी तरह विचार करने के बाद परीक्षाओं को रद्द करनेका निर्णय लिया गया।

# आग लगने से 150 घर जले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सुपौल।** जिले के सदर प्रखंड के घूरण पंचायत के वार्ड 6 और 7 में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से 150 घर जलकर राख हो गए। अगलगी से करीब डेढ़ हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। आग लगने पर फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। अगलगी में तीन करोड़ तक की संपत्ति के राख होने का अनुमान है। बताया गया कि सबसे पहले घूरण में मो. सुल्तान के घर से आग की लपटें उठी। तेज पछुआ हवा के कारण लपटें तेज हो गई और इससे किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

# नीतीश कुमार, जदयू नेता खालिद अनवर व हम नेता संतोष सुमन ने भरा पर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसके साथ ही जदयू उम्मीदवार के रूप में खालिद अनवर और नीतीश कैबिनेट में शामिल और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने भी एनडीए प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। उनका भी कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इस दारान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू नेता अशोक चौधरी समेत कई नेता मौजूद थे। लगातार चौथी बार विधान परिषद के लिए नामांकन करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके साथ ही अपने सियासी सफर में एक और नया रिकॉर्ड बना दिया। नीतीश कुमार देश के संभवतः पहले नेता हैं जो एक बार विधायक, 6 लोकसभा सदस्य और 4 बार विधान पार्षद बनेंगे। यानी 11 बार वे अलग- अलग सदनों के लिए निर्वाचन हो रहे है। इतना ही नहीं नीतीश कुमार ने वर्ष 2000 से 2024 तक 9 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। ऐसा करने वाले भी वे देश के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार चाहे विधानसभा, लोकसभा और विधान परिषद के सदस्य बनने का रिकॉर्ड हो या फिर 9 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की, यह इतिहास कायम करने वाले वे देश के पहले नेता हैं। वर्ष 1985 में पहली बार बिहार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए नीतीश कुमार तब से लगातार किसी न किसी सदन के सदस्य हैं। वे विधायक के बाद वर्ष 1989 में बाढ़ संसदीय क्षेत्र से पहली बार सांसद बने। लगातार 5 बार (1989,1991, 1996,1998 और 1999) वे बाढ़ से सांसद रहे। वहीं 2004 में वे नालंदा से लोकसभा के सदस्य बने। इस प्रकार छह बार लोकसभा के लिए निर्वाचित होकर नीतीश कुमार ने अपने नाम एक रिकॉर्ड बनाया। इस बीच 2005 में नीतीश कुमार बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाए और राज्य के मुख्यमंत्री बने। इसके पहले वर्ष 2000 में वे 7 दिनों के लिए पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन तब वे बहुमत साबित करने में सफल नहीं हुए। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने विधान परिषद का रुख किया। वे पहली बार विधान परिषद के सदस्य बने। उसके बाद से वह लगातार विधान पार्षद ही हैं। उन्होंने चौथी बार विधान पार्षद के लिए नामांकन किया है और उनकी जीत तय मानी जा रही है क्योंकि जीत के लिए विधायकों का जो समर्थन चाहिए, वह संख्या जदयू के पास है। न सिर्फ नीतीश कुमार बल्कि जदयू के खालिद अनवर का भी विधान पार्षद बनना तय है।

# बीमारी से परेशान व्यक्ति ने नदी में कूदकर जान दी


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत यीशू भवन पंप हाउस के पास स्वर्णरेखा नदी से एक शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर आजादनगर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान बर्मामाइंस ईस्ट प्लांट बस्ती निवासी 48 वर्षीय राम निरंजन के रुप में की गई। पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को इसकी सूचना दी। इधर, परिजनों ने शव की पहचान की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिश्तेदार प्रदीप कुमार झा ने बताया कि राम निरंजन ईस्ट प्लांट बस्ती के रहने वाले थे। वह सेक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। बीते दिनो पैरालाईसिस अटैक आने पर सोनारी बी ब्लॉक स्थित ससुराल में रहकर अपना ईलाज करा रहे थे। सोमवार सुबह वह घर से 11 बजे 20 रुपये लेकर दाढ़ी बनाने की बात कहकर निकले थे फिर वापस नहीं लौटे। घर वालों ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की पर कोई पता नहीं चला। सुबह पुलिस से खबर मिली की एक शव नदी से बरामद किया गया है। शव राम निरंजन का ही था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 14-15 मार्च को संभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2024की तारीखों का एलान 14-15 मार्च को कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग



चुनाव की तारीखों की एलान करेगा। आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा। 2019 में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में हुए थे और वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी। 2019 में वोटर लिस्ट में 90 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे, जबकि 2014 के आम चुनाव में 81 करोड़ 45 लाख मतदाता थे। वहीं, इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। लोकसभा के साथ-साथ 2019 में अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। विधानसभा चुनाव के नतीजे भी लोकसभा के परिणाम के साथ घोषित किए गए थे। 2019 में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 11 अप्रैल को हुआ था। पहले चरण में कुल 20 राज्यों के 91 लोकसभा या संसदीय क्षेत्रों में वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण का मतदान 18 अप्रैल को हुआ था। इस दौरान 13 राज्यों की कुल 97 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था।

# 'मोदी का परिवार' कैंपेन में अनंत सिंह भी कूदे, पत्नी नीलम देवी आरजेडी की बागी विधायक हैं

**पटना, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार पर सवाल उठाने वाले लालू यादव के खिलाफ आवाजें उठने लगी हैं। बीजेपी नेताओं के बाद राजद की बागी विधायक नीलम देवी और उनके पति अनंत सिंह ने मोदी मेरा परिवार कैंपेन में शामिल होकर लालू के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा नेताओं के मोदी मेरा परिवार अभियान में नीलम देवी और उनका परिवार शामिल हो गया है। सोशल मीडिया पर नीलम देवी और उनके पति अनंत सिंह ने खुद को मोदी परिवार का सदस्य करार दिया है। पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी आरजेडी के टिकट पर मोकामा सीट पर जीत दर्ज कर पहली बार विधानसभा पहुंची। 12 फरवरी को नीतीश कुमार की सरकार के मौके पर विधायक चेतन आनंद, प्रह्लाद यादव के साथ नीलम देवी तेजस्वी यादव की पार्टी राजद का साथ छोड़कर एनडीए में चली गईं।



बिहार में छोटे सरकार के नाम से चर्चित पूर्व विधायक अनंत सिंह मोदी मेरा परिवार अभियान में कूद पड़े हैं। बीजेपी नेताओं की तर्ज पर उन्होंने अपना सोशल मीडिया बायो बदल लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने मोदी का परिवार जोड़ लिया है। अनंत सिंह लिखते हैं- मैं हूं ÷मोदी जी का परिवार÷। 140 करोड़ देशवासी हैं %मोदी जी का परिवार%। अनंत सिंह घर में एके 47 रखने समेत कई आपराधिक मामलों में अभियुक्त हैं और फिलहाल जेल में हैं। इससे पहले अनंत सिह आऱजेडी से मोकामा के विधायक थे। उपचुनाव में इसी वजह से राजद ने उनकी पत्नी नीलम देवी को मोकामा सीट पर उतारा था जिसमें उन्होंने जीत हासिल किया।

इधर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने भी भाजपा के इस अभियान का समर्थन किया है। पार्टी ने सीएम का एक पुराना वीडियो जारी किया है जिसमें नीतीश कुमार पूरे बिहार को अपना परिवार बताते हुए लालू यादव पर यह कहते हुए हमला कर रहे हैं कि कुछ लोग बेट बेटी को ही अपना परिवार मानते हैं। भाजपा के सभी नेताओं ने मोदी मेरा परिवार अभियान में शामिल होते हुए सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है। दरअसल रविवार को पटना गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वासरैली में परिवारवाद का विरोध करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला किया था। लालू ने कहा था कि नरेंद्र मोदी का अपना परिवार नहीं है इसीलिए दूसरे के परिवार पर बोलता है। कहा कि अपना कोई संतान नहीं हुआ। लालू ने पीएम मोदी के धर्म पर सवाल उठाया और कहा कि नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं है।

इधर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने भी भाजपा के इस अभियान का समर्थन किया है। पार्टी ने सीएम का एक पुराना वीडियो जारी किया है जिसमें नीतीश कुमार पूरे बिहार को अपना परिवार बताते हुए लालू यादव पर यह कहते हुए हमला कर रहे हैं कि कुछ लोग बेट बेटी को ही अपना परिवार मानते हैं। भाजपा के सभी नेताओं ने मोदी मेरा परिवार अभियान में शामिल होते हुए सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है। दरअसल रविवार को पटना गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वासरैली में परिवारवाद का विरोध करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला किया था। लालू ने कहा था कि नरेंद्र मोदी का अपना परिवार नहीं है इसीलिए दूसरे के परिवार पर बोलता है। कहा कि अपना कोई संतान नहीं हुआ। लालू ने पीएम मोदी के धर्म पर सवाल उठाया और कहा कि नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीरपैंती : बिना वंशावली के नहीं होगा बंटवारा

**भागलपुर/ पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड में बगैर वंशावली के बंटवारा नहीं होगा। पूर्व में बिना बंटवारे के भी लोग जमीन की बिक्री कर देते थे,इससे विवाद होता था। इसी समस्या के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए सोमवार को अंचल कार्यालय से ऑटोनुमा रथ को राजस्व अधिकारी मनोहर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो गांवों में लोगों को जागरूक करेंगे। मनोहर कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार वंशावली के लिए कैंप लगाए जाएंगे। जिसमें सभी हल्का कर्मचारी मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को अपने-अपने निर्धारित स्थान पर शिविर में मौजूद रहेंगे तथा वंशावली बनाकर ही बंटवारा करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेंगे।

### अकबरनगर में पिकअप खराब होने से दो घंटे लगा जाम

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** भागलपुर-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग एनएच-80 पर पुआल लदा वाहन खराब होने से सोमवार को करीब दो घंटे तक जाम लग गया। इससे यात्रियों व स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुल्तानगंज से भागलपुर की ओर जा रहा पुआल लदे पिकअप का एक्सल अकबरनगर बाजार के सिमराहा गांव के पास टूट गया। जिससे जाम लग गया। वहीं सोमवार को साप्ताहिक हाट होने से दुकानदारों ने सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगा दी। जिसके कारण जाम की समस्या दोगुनी हो गई। करीब एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। शाहकुंड से भागलपुर की ओर जा रहा एंबुलेंस भी फंस गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह जाम से निकाल रवाना किया। दोपहर तक रुक-रुक कर करीब दो घंटे तक जाम लगता रहा। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम हटाया।

### अकबरनगर में पिकअप खराब होने से दो घंटे लगा जाम

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** भागलपुर-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग एनएच-80 पर पुआल लदा वाहन खराब होने से सोमवार को करीब दो घंटे तक जाम लग गया। इससे यात्रियों व स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुल्तानगंज से भागलपुर की ओर जा रहा पुआल लदे पिकअप का एक्सल अकबरनगर बाजार के सिमराहा गांव के पास टूट गया। जिससे जाम लग गया। वहीं सोमवार को साप्ताहिक हाट होने से दुकानदारों ने सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगा दी। जिसके कारण जाम की समस्या दोगुनी हो गई। करीब एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। शाहकुंड से भागलपुर की ओर जा रहा एंबुलेंस भी फंस गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह जाम से निकाल रवाना किया। दोपहर तक रुक-रुक कर करीब दो घंटे तक जाम लगता रहा। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम हटाया।

### हत्या के पीछे पैसे के लेनदेन और अफेयर की आशंका

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के चेरो ओपी अंतर्गत एक युवक की हत्या मामले में 48 घंटा बीतने के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। जिसके कारण परिजनों में काफी नाराजगी है। घटना के बाद से परिवार वाले काफी दु:खी हैं। चेरो ओपी क्षेत्र के सेवदह गांव के तीन मुहानी खंधा के पास एक ( 35 ) वर्षीय युवक का शव रविवार को बरामद हुआ था। बदमाशों ने उसकी हत्या काफी बेरहमी से की थी। प्राइवेट पार्ट तक काट दिया गया था। घटना स्थल पर सदर डीएसपी नूरल हक भी पहुंचे थे। घटना को लेकर पुलिस कई एंगल से जांच में जुट चुकी है। पुलिस सूत्रों की माने तो परिजनों के मुताबिक घटना लेन-देन को लेकर बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि किसी खास व्यक्ति से उनका लेनदेन था। घटनास्थल से कांच की चूड़ी , कंडोम एवं अन्य सामान भी बरामद की गई थी। जिसके चलते कई लोग लव अफेयर को लेकर आशंका व्यक्त कर रहें हैं। हत्या के पूर्व युवक के साथ काफी मारपीट भी की गई थी। शरीर पर काफी जख्म के निशान थे। हरनौत थाना अध्यक्ष केस के अनुसंधानकर्ता अबू तालिब अंसारी ने बताया कि घटना को लेकर मानवीय और तकनीकी स्तर से अनुसंधान जारी है। मोबाइल टावर डंपिंग पर भी काम किया जा रहा है। एसएफएल और डॉग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई थी। जल्द ही घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा जख्मी: दोनों पूजा-पाठ कर लौट रहे थे, रास्ते में पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर

**आरा, एजेंसी।** भोजपुर जिले कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर सिक्स लेन पुल पर सोमवार की देर शाम पिकअप ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंद दिया। हादसे में बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद चालक पिकअप छोड़ मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

### इसी साल दी थी मैट्रिक की परीक्षा

सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया।



मृत किशोर सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी जय कुमार का 16 वर्षीय पुत्र अभय कुमार है। वह 10वीं कक्षा का छात्र था और इसी वर्ष उसने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। जबकि जख्मी महिला और मृत किशोर की मां 45 वर्षीय सीता देवी है।

### मांगी थी मन्नत

मृत किशोर के पिता जय कुमार ने बताया कि उनकी गाय बच्चा नहीं दे रही थी। जिसको लेकर उनकी पत्नी सीता देवी ने मनेर थाना क्षेत्र के सूअरमरवा गांव स्थित गगन बाबा पर मन्नत माना था कि अगर उनकी गाय बच्चा दे देगी तो वह दूध और पेड़ा चढ़ाएगी। सोमवार दोपहर इसी के लिए वह अपने बेटे अभय कुमार के साथ बाइक से पटना जिला के मनेर थाना अंतर्गत सूअरमरवा गांव स्थित गगन बाबा के मंदिर आई और दूध व पेड़ा चढ़ाई।

### स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

बेटे के साथ बाइक से वापस गांव लौट रही थी। उसी दौरान कोईलवर सिक्स लेन पुल पर पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनके बेटे अभय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी मां सीता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।




### एनटीपीसी कहलगांव में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर सोमवार को प्रशासनिक भवन परिसर में परियोजना प्रमुख अजय शर्मा ने सुरक्षा ध्वज फहराया। उपस्थित एनटीपीसी कर्मचारियों और श्रमिकों ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा में खुद को निवेश करने और नियमों, अधिनियमों और विनियमों का पूरी तरह से पालन करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आदतों और विश्वासों को विकसित करने की शपथ ली। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। शेफाली शर्मा, अध्यक्षा, , महाप्रबंधक बी राजेंद्र कुमार, एचआर मलिक, प्रभात रंजन बारिक, राजेश गुप्ता महाप्रबंधक, राकेश चौहान, मनीष कुमार, सहायक कमांडेंट ने जागरूकता पहल को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खुर्शीद अनवर, अपर महाप्रबंधक, डॉ. सुष्मिता सिंह, सीएमओ, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## मुद्दों पर वोटिंग नहीं करेंगे तो आपका जीवन कैसे सुधरेगा- प्रशांत किशोर

**सहरसा, एजेंसी।** जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि लोग हमसे कहते हैं कि पढ़ाई होनी चाहिए। लेकिन, आपने जीवन में कभी भी अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वोट ही नहीं दिया। आपने कभी अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वोट ही नहीं दिया तो आपको कैसे अच्छी शिक्षा व्यवस्था मिलेगी? नेता जी ने काम नहीं किया, तो उनपर आपको कितना गुस्सा आ रहा है? आप लोग भी जीवनभर से गलती करते आ रहे हैं, खुद पर भी गुस्सा आना चाहिए?

अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए आपने वोट नहीं दिया। अब कोई खड़ा होकर कहेगा कि बिहार में कोई पढ़ाई के लिए वोट मांगने के लिए आया ही नहीं? इस बात की क्या गारंटी है कि पढ़ाई-लिखाई करके बच्चों को रोजगार मिल जाएगा? बच्चों की पढ़ाई, रोजी-रोजगार और फसल के दाम के लिए वोट ही नहीं देते हैं, तो आपका जीवन सुधरेगा कैसे।

प्रशांत किशोर ने कहा कि आप लोगों को इतनी बात समझ में आ रही है कि इलाके में अगर फैक्ट्री लग जाए तो आपके बच्चों को रोजगार मिल जाएगा। लेकिन, आप लोगों ने जीवन में कभी फैक्ट्री-रोजगार के लिए वोट ही नहीं दिया। आपने पढ़ाई के लिए वोट ही नहीं दिया, फैक्ट्री-रोजगार के लिए वोट ही नहीं दिया। अब एक रास्ता है, खेती। अभी दो महीने महीने पहले आपने धान बेचा है, धान की कीमत है 2100 रुपए प्रति क्विंटल, लेकिन आप लोगों ने उसे 1600, 1700 और 1800 रुपए में बेचा। ये बात सभी को समझ में आ रही है कि यदि आपको धान की कीमत 2100 रुपए मिलती तो आपकी आमदनी बढ़ती। लेकिन, आपने कभी धान, गेहूं और मकई के लिए वोट ही नहीं दिया। तो जब आप अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए, अपने रोजी-रोजगार के लिए और अपने फसल के दाम के लिए वोट ही नहीं देते हैं, तो आपका जीवन सुधरेगा कैसे?

# स्कूल तोड़ने पहुंचे अधिकारी.. स्टूडेंट्स ने किया विरोध

### पटना में न्यायालय के आदेश पर पहुंचे थे मजिस्ट्रेट, खाली हाथ लौटना पड़ा

**पटना, एजेंसी।** पटना सिटी में लोहा के पुल के नजदीक सोमवार को स्कूल के भवन को तोड़ने पहुंची जिला प्रशासन की टीम को छात्र-छात्राओं के विरोध का सामना करना पड़ा। स्टूडेंट्स के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पहुंचे पुलिस बल और मजिस्ट्रेट को पीछे हटना पड़ा। मजिस्ट्रेट ने इस बात की सूचना पटना के जिलाधिकारी को दी है।

### जमीन को खाली कराने पहुंचे थे जवान

बताया जा रहा है कि 16 वर्ष पूर्व लोहा पुल के नजदीक एक सरकारी स्कूल का निर्माण कराया गया था। इस भवन में तीन-तीन विद्यालय चल रहे हैं। इसके साथ ही यहां एक प्राथमिक हेल्थ सेंटर भी चल रहा है। खुसरूपुर निवासी अंजनी कुमार सिन्हा ने इस जमीन को निजी बताते हुए न्यायालय में मामला दर्ज कराया था। न्यायालय से केस जीतने के बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में उस जमीन को खाली कराने के लिए आज फोर्स के साथ अधिकारी पहुंचे थे। वहां पहुंचते ही स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय लोगों ने भवन तोड़े जाने का विरोध शुरू कर दिया।

**स्थानीय लोगों का सवाल- निजी जमीन पर भवन निर्माण की अनुमति क्यों दी गई :** स्थानीय लोगों का कहना है कि जब यह जमीन किसी निजी व्यक्ति की है, तो अंचलाधिकारी की ओर से यहां भवन निर्माण की अनुमति क्यों दी गई। दूसरी तरफ छात्र-छात्राओं ने कहा कि जब उनका स्कूल ध्वस्त हो जाएगा तो कहां पढ़ेंगे? वह किसी भी कीमत पर स्कूल को ध्वस्त नहीं होने देंगे।



### अंचलाधिकारी ने कहा- निर्देश के बाद की जाएगी कार्रवाई

वहीं, पटना सदर के अंचलाधिकारी रजनीकांत ने बताया कि जमीन अंजनी कुमार सिंह का है। कोर्ट के द्वारा उन्हें खाली करने के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में बहाल किया गया है। यह पूछने पर कि आज स्टूडेंट्स के द्वारा विरोध किया गया है, अब आप क्या करेंगे? उन्होंने बताया कि इसकी सूचना शिक्षा विभाग को दे दी गई है। आगे के निर्देश के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार : हादसे का शिकार हुआ सेना का एयरक्राफ्ट, ट्रेनिंग के दौरान अनियंत्रित होकर खेत में गिरा

**गया, एजेंसी।** बिहार में गया जिले के बोधगया के कंचनपुर गांव में मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट खेत में गिर गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। गया ओटीए से रूटिंग ट्रेनिंग के दौरान एयरक्राफ्ट उड़ा था। लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयरक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई। जिस कारण पायलट ने गेहूं के खेत में प्लेन जा गिरा। एयरक्राफ्ट पर एक महिला पायलट और एक पुरुष पायलट सवार थे। दोनों पायलट सुरक्षित हैं। सुबह कंचनपुर गांव में माइक्रो एयरक्राफ्ट को गिरता देख अफरातफरी मच गई। इससे पहले एयरक्राफ्ट के लैंडिंग होते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ देर तक हवा में रहने के बाद तेज आवाज के साथ एयरक्राफ्ट की खेत में लैंडिंग हुई। घटना के बाद माइक्रो एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट बाहर निकले। इसके बाद पायलट ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी ( ओटीए ) को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद ओटीए के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को वापस कैंप ले गए हैं। प्रशिक्षण के लिए माइक्रो एयरक्राफ्ट से जवानों ने उड़ान भरा था। एयरक्राफ्ट में एक ट्रेनर और एक महिला प्रशिक्षु सवार थी। घटनास्थल पर मौजूद गांव वालों ने बताया कि एयरक्राफ्ट के पंखे में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिसके बाद एयरक्राफ्ट अनियंत्रित होकर खेत में गिर गया।




# दादा के साथ जा रही पोती का अपहरण; सीसीटीवी में बच्ची के साथ दिखा आरोपी





### सदमे में परिजन

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना के दानापुर थाना इलाके में दादा के साथ जा रही 11 साल की पोती के अपहरण का मामला सामने आया है। एक रिश्तेदार के छेके में शामिल होकर दादा पोती के साथ ऑटो से घर लौट रहे थे। तभी ऑटो में बैठा एक शख्स बच्ची को अपने साथ लेकर चला गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपित बच्ची को ले जाता दिख रहा है। आरोपित बच्ची को लेकर किधर गया। इसका पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। और आरोपी की पहचान की कोशिश की जा रही है। शाहपुर ठाकुरबाड़ी निवासी जय प्रकाश राय की पुत्री तनु कुमारी रविवार को अपने दादा चंद्रेश्वर राय के साथ फुलावारीशरीफ में मामा के छेके में गई थी। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद दादा और पोती घर आने के लिए दानापुर रेलवे स्टेशन पर एक ऑटो में सवार हुए थे। उसी ऑटो में एक अंजान शख्स आकर बैठ गया था। वह चंद्रशेखर राय से बातचीत करने लगा। और थोड़ी देर में घुलमिल गया। बातचीत के दौरान आरोपित ने बताया कि वो दाउदपुर में अपने रिश्तेदाप के घर जा रहा है। उधर बस स्टैंड पता नहीं होने की बात बता ऑटो चालक नहीं तीनों को सगुना मोड़ के पास उतार दिया। रविवार को रैली के कारण ऑटो कम चल रहे थे। लिहाजा बाद में दादा-पोती और अनजान शख्स पैदल ही बस स्टैंड की ओर जाने लगे थे। एमईएस पुलिया के पास पहुंच उन्हें बस स्टैंड के लिए एक ऑटो मिल गया। बाद में तीनों ऑटो में बैठकर निकल पड़े। बस स्टैंड पर चंद्रशेखर राय ऑटो वाले को पैसे देने लगे।

इसी बीच मौका पाकर आरोपी तनु को लेकर चला गया। किराया देने के बाद पोती को नहीं पाकर दादा परेशान हो उठे। उन्हें आसपास बच्ची की तलाशकी। लेकिन उसके नहीं मिलने पर उन्होने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। बाद में इस संबंध में थाने में शिकायत दी गई। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्ची की तलाश के साथ ही मामले की छानबीन की जा रही है।

### समस्तीपुर नगर आयुक्त विभूति रंजन चौधरी को खाद्य आपूर्ति विभाग का निदेशक बनाया गया

**समस्तीपुर , एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के 7 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गयी है। सोमवार को आइएएस अधिकारियों से संबंधित स्थानांतरण एवं पदस्थापन की अधिसूचना सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गयी। वहीं बिहार के विभिन्न अनुमंडलों एवं पुलिस महकमे में बिहार पुलिस सेवा के 22 पदाधिकारियों की तैनाती की गयी है। गृह विभाग द्वारा सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार नगर आयुक्त समस्तीपुर विभूति रंजन चौधरी को स्थानांतरित कर निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग बनाया गया है। वहीं, विभाग के अनुसार पथ निर्माण विभाग की अपर सचिव शैलजा शर्मा को अपर सचिव लघु जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। परिवहन विभाग के अपर सचिव प्रवीण कुमार की लघु जल संसाधन विभाग के अपर सचिव के प्रभार से मुक्त किया गया है। उद्योग विभाग के निदेशक, तकनीकि विकास विशाल राज को राज्य परिवहन आयुक्त बनाया गया है,पहले वे इसके अतिरिक्त प्रभार में थे। पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे सौरव सुमन यादव को पूर्वी चंपारण का नगर आयुक्त बनाया गया है जबकि प्रीति को डीडीसी, खगड़िया के पद पर तैनात किया गया है। सहकारिता विभाग के विशेष सचिव नंद किशोर को बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वे अभी इसके अतिरिक्त प्रभार में थे। वहीं, सहकारिता विभाग के विशेष सचिव डॉ बीरेंद्र प्रसाद यादव को बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 05-03-2024 22:09 Page 1



# सखी मंडल की दीदियों ने चलाया जागरुकता अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के विभिन्न पंचायतों में महिला समूह की दीदीओं द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला समूह की दीदियों द्वारा रंगोली , मेहंदी का बेहतर प्रदर्शन कर आस पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। सभी को निर्वाचन के अवसर पर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही प्रखंड स्तर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं बीएलओ सुपरवाइजर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी निर्वाचन सबंधित गतिविधियों के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। साथ ही न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता सुनिश्चित कराने संबंधी निर्देश दिए गए।

# ऑर्केस्ट्रा कलाकार के साथ नशीला पदार्थ खिलाकर गैंग रेप

- दो गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी
- बेहोशी की हालत में किया दुष्कर्म
- सड़क किनारे मिली बेहाश, इलाजरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** ऑर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही उसे बेहोशी की हालत में सड़क किनारे छोड़कर सभी आरोपी भाग गए। स्थानीय लोगों की सहयोग से महिला कलाकार को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

वहीं पुलिस ने कलाकार की निशानदेही पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनमें अजय कुमार उर्फ गोलू व विन्देश्वर कुमार का नाम शामिल हैं। दोनों आरोपी स्थानीय विश्रामपुर के रहने वाले हैं। वहीं अन्य एक आरोपी गोलू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्य कर रही है।

जानकारी के अनुसार, विश्रामपुर में कई ऑर्केस्ट्रा टीम संचालन का कार्य करती है, जिनका कार्य छत्तीसगढ़ आदि क्षेत्रों से कलाकारों को बुलाकर कार्यक्रम को आयोजित कराना है। हुसैनाबाद इलाके में कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ की एक कलाकार को इनके द्वारा बुलाया गया था।

कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी गाड़ी से लौट रहे थे। इसी क्रम में आरोपियों के द्वारा महिला कलाकार को कुछ नशा युक्त पदार्थ खिलाई गई। इसके बाद बेहोशी की हालत में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। साथ ही बेहोशी की हालत में किसी अनहोनी को देखते हुए अपने को बचाने के लिए सभी उसे रास्ते में ही छोड़ कर भाग गए।

रविवार को उसे अज्ञात लोगों के द्वारा मेदिनीनगर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां होश में आने के बाद पूरी घटना क्रम की जानकारी दी। साथ ही तीन लोग अजय, विन्देश्वर और गोलू पर प्राथमिकी दर्ज कराई। महिला का मेदिनीनगर में इलाज चल रहा है।

विश्रामपुर सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा ने बताया कि पीड़िता के द्वारा महिला पूरी घटना क्रम की शिकायत मेदिनीनगर महिला थाना में की गई थी। जहां तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिनमें अजय, विन्देश्वर और गोलू का नाम शामिल हैं।

सूत्र बताते हैं कि विश्रामपुर में आए दिन कलाकारों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना होती रही है। कई कलाकारों का शव भी बरामद हुआ है। लेकिन पुलिस आजतक शिनाख्त नहीं कर पाई।

## विदेशी महिला से दुष्कर्म की घटना से लोगों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनसार।** स्पेन से झारखंड टूर पर आई विदेशी महिला से गैंगरेप मामले को लेकर भाजपा बस्ताकोला मंडल ने अंबेडकर चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदेश आईटी सेल प्रभारी बप्पी बाउरी व पप्पू पासवान ने कहा कि पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। मोदी के कार्यकाल में महिलाओं को सम्मान मिल रहा है।

# कोषांगों के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। इस दौरान विशेष रूप से प्रशिक्षण, कार्मिक एवं निर्वाचन कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गई।

मौके पर सभी को निर्देशित किया गया कि कोषांगों के कार्यों को सफलता के साथ संचालन हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। इस दौरान सभी कोषांगों में प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि कोषांग के वरीय पदाधिकारी को चाहिए कि कार्य निष्पादन में त्रुटि की संभावना ना रहे। अलग-अलग कोषांगों के कार्य एवं दायित्वों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा गया कि आवश्यक समानों एवं संसाधनों की सूची उपलब्ध कराया जाय ताकि ससमय व्यवस्था मुहैया कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि जरुरत के अनुसार कोषांगों के अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने स्वीप कोषांग को निर्देश दिए कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित ना रहे, इसे लेकर लो वोटर टर्नआउट बूथ पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाय। गठित कोषांग में प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित कोषांगों में अपने दायित्वों का उचित निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

# दुर्गानंद झा बने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में आज दुर्गानन्द झा (झा.शि.से.) ने प्रभार ग्रहण किया। साथ ही पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर पदभार संभाला। इसके पूर्व वे साहेबगंज में जिला शिक्षा पदाधिकारी थे एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में थे। इन्हें पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सोपा गया है। प्रभार ग्रहण के उपरांत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के ज्ञानेश्वर पाठक, नीरज सिन्हा, शितलेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीयस राज, लक्ष्मण राम आदि कर्मियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान लिपिक महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा कचहरी मैदान, खूंटी में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मेलन का समापन हो गया। इस दौरान जिले के किसानों को कृषि की उच्च तकनीक क्री जानकारी दी गई। मेला में जिले के विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे, जहां कृषकों सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही योजनाओं के प्रति जागरुक होकर लाभ लेने की अपील की गई। किसानों के बीच दलहन फसल मूंग का बीज, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य परिसंपतियों को वितरण किया गया। मेला के प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पादन के क्रम में कृषकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का शुभारंभ किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं




राज्य सरकार द्वारा किसानों के आय को दुगुनी करने हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को सशक्त करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि किसान उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकि से कृषि कर अपनी आर्थिक स्थिति को कैसे सुदृढ़ करें, इस दिशा में जिला प्रशासन की टीम लगाातर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपने सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाओं के प्रति जागरुक होकर योजनाओं से लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय संचालित योजनाओं के तहत जिले में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सोलर इरिगेशन सिस्टम का वितरण करने की योजना है। उन्होंने कहा कि जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज व मशरूम की खेती में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जिला में 60 मेट्रिक टन क्षमता वाले कटहल प्रसंस्करण यूनिट का अधिष्ठापन का कार्य आरंभ है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज, आम सहित अन्य उत्पादों के प्रसंस्करण यूनिट का अधिष्ठापन कराया जाएगा।

# पदाधिकारियों का एक प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में समाहरण के सभागार में प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप की निगरानी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, तोरपा सह एनएलएमटी कुमुद कुमार झा द्वारा सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही आरपी एक्ट 1951 एवं सीआरपीसी एक्टे के तहत चुनाव से संबंधित उपयोगी धाराओं की विस्तृत जानकारी दी गई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 72 सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** मगंलवार को जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन नई दिल्ली एवं विशेष सहयोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में अररिया प्रखंडस्तरीय महादलित दलित जनसुनवाई जनसंवाद एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय मुसहरी टोला वार्ड न.10 पंचायत- कुसीयारगाँव प्रखंड अररिया मे आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अररिया थाना के एसआई आराधना कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया । कार्यक्रम मे प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रीति कुमारी, एव अन्य शिक्षक सोनी कुमारी, बिनोद कु. ऋषिदेव, मागन ऋषिदेव, अरुण ऋषिदेव, मो.अंजर रिजवान , दीपक कुमार पासवान,संतोष कुमार -विकास मित्र- नवल किशोर ऋषिदेव कुसीयारगाव , अशोक ऋषिदेव उपस्थित थे ।महादलित दलित लोगों से सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं संबंध में जानकारी दी। उपस्थित लोगों को जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने अपना-अपना आगामी लोकसभा चुनाव के मत डालने हेतु अपील के साथ शपथ भी दिलाया। साथ ही बाल विवाह मुक्त अररिया जिला को बनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नंदनी कुमारी, सोनी कुमारी, जुली कुमारी बच्चों ने अहम भूमिका निभाई।

# सहियाओं का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित

## 31 सहिया, छह ग्राम स्वास्थ्य समितियां पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के नगर भवन में सहियाओं के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्य कार्यक्रम समन्वयक, अकय मिंज, मनीर अहमद, अजय शर्मा एवं जिले का सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन डीपीसी उदयन शर्मा ने किया। मौके पर राज्य कार्यक्रम समन्वयक, अकय मिंज ने कहा कि सहियाओं के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य की सेवा सुदृढ हुई है और राष्ट्र स्तर पर पहचान बनी है। उनके हौसले को बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया जाता है और बेहतर कार्य करने वाले सहियाओं एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया जाता है। स्टेट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर मनीर अहमद ने कहा कि सहियाओं के कार्यों को देखते हुए समय - समय पर विभिन्न सहयोगी वस्तुएं दी जाती हैं। अब सहिया कार्यक्रम को डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। बहुत जल्द सहियाओं को टैब उपलब्ध कराए जायेंगे ताकि अपने कामों को बेहतर तरीके से कर सकें। जिले के सिविल सर्जन ने कहा की सहियाओं के सहयोग से जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुई है और जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम में सहियाओं ने अपने बातों को रखा और क्षेत्र में हो रहे कठिनाइयों के संबंध में बताया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित गीत भी प्रस्तुत किया। वित्तीय वर्ष में बेहतर काम करने के लिए कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने भी अपने विचारों को रखा। मुख्य अतिथियों के द्वारा बेहतर कार्य करने हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से इकत्तीस सहियाओं एवं छः ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुरस्कृत किया गया। मौके पर काननबाला तिर्की, सुनीता दास, विकास कुमार,डॉ रजनी टोप्पो, डॉ नामिता टोप्पो, श्वेता सिंह एसटीटी, बीटीटी सहिया साथी एवं सहियाएं मौजूद रहे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने की गौसेवा

**धनबाद।** मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा की ओर से फाल्गुन के पवित्र महीने में गौसेवा हेतु श्री झरिया धनबाद गौशाला बस्ताकोला में सदस्यों के द्वारा गाय को गुड़ ,रोटी ,चारा और गौमाता के सेवार्थ राशि प्रदान की गई । इस मौके पर डॉक्टर सुरेंद्र भगानिया अरुणा भगानिया, कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल,अंजु गुप्ता, बबीता पोद्दार,सुषमा केजरीवाल, विनीशा एवं उर्मिला सोनी उपस्थित थे।

# आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** आराधना पटनायक, (जे एस पॉलिसी, भारत सरकार) के द्वारा आज आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर, खूंटी का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में दवा की उपलब्धता का निरीक्षण किया। इस क्रम में टेलीमेडिसिन सेवाओं को बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही पेपरलेस कार्य करने की बात कही। जिले के सपारोम एवं कालामाटी स्थित आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर का भ्रमण किया और दवा की उपलब्धता आदि से संबंधित जांच की गई। साथ ही उन्होंने टेली मेडिसिन सेवा पेपरलेस कार्य करने एवं सारा रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने, मरीजों का ओनलाइन इंट्री करने एवं सभी लोगों का आभा कार्ड बनाने व योगा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्कलोड को कम करने के लिए तकनीक का उपयोग अति आवश्यक है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सरकार से मिलने वाले बारह सेवाओं का प्रचार प्रसार कराने एवं लोगों को सेवाएं उपलब्ध कराने तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही गई। साथ में अभियान निदेशक डॉक्टर आलोक त्रिवेदी, डॉक्टर कमलेश कुमार, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज, अजय शर्मा, मनीर अहमद, काननबाला तिर्की, चिकित्सा पदाधिकारी, डा आलोक बिहारी, सोफिया सीमा बाडा, नाडिया हासिम, अनीता बनर्जी, विकास सिंह, नुतन तिग्गा, जपाइगो के डॉक्टर सुशांत, अभय भगत एवं एंजेला शामिल थे।

# कृषि व पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, केसीसी,पीएमके एसवाई एवं कर्ज माफी की समीक्षा की। बैठक में मुख्यरूप से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना समेत अन्य योजनाओं की बारी-बारी समिक्षा किया। इस दौरान उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को सभी योग्य लाभुकों का ई-केवाईसी करवाते हुए एसक्रो या डेडिकेटेड एकाउंट खुलवाते हुए लाभुकों का अंशदान जमा करवाने हेतु प्रखंड पशुपालन पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभुकों को आच्छादित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों के व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध एवं किए गए कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि अनुमोदन हेतु कोई योजना लंबित है तो संचिका के माध्यम से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करते हुए योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया।

# कब्र से हो रहीं लाशें गायब, चर्चा का विषय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुगदा।** बोकारो झरिया ओपी थाना अंतर्गत सिजूवा पंचायत के जमुनिया नदी स्थित श्मशान घाट की कब्र से गायब हुए छह शव इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया निरंजन हांसदा, वार्ड सदस्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बोकारो झरिया ओ पी थाना प्रभारी से मिल कर इस घटना के उद्भेदन की मांग की।

विदित हो कि बोकारो झरिया ओपी तथा दुगदा थाना क्षेत्र की एक बड़ी आबादी श्मशान घाट के रूप में सिजुवा पंचायत क्षेत्र के जमुनिया नदी स्थित तट पर शव जलाने तथा शव दफनाने का कार्य करते हैं।

इसी क्रम में शव दफनाने गये सिजुआ पंचायत की मुखिया सरिता देवी के पति राजेश राम व स्थानीय लोगों के द्वारा देखा गया कि पूर्व में दफन किये गए कब्र से 6 शव गड्ढा खोदकर निकाला गया और उसे गायब किया गया है।

मुखिया पति राजेश राम ने इसके

## अब तक कब्र से छह लाशें हो चुकी हैं गायब

उपरांत स्थानीय बोकारो झरिया ओ पी थाना प्रभारी तथा अंचल अधिकारी चंद्रपुरा को सूचना दी गयी । इन्होंने भी श्मशान घाट जाकर निरीक्षण किया तो पाया कि कुछ गड्ढे से शव गायब है ।इस मामले में स्थानीय थाना प्रभारी निवास सिंह ने कब्र में दफनाए गये शव के गायब होने की मामले की अनुसंधान करने की बातें कही।

सिजुआ पंचायत की मुखिया सरिता देवी के पति राजेश राम ने बताया कि श्मशान घाट के कब्र में दफनाए गये छह शव अज्ञात लोगों के द्वारा गायब किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सिजुवा पंचायत के बोकारो झरिया के रहने वाले मृत अनु कुमारी, लाला भुईया, और महपतिया देवी की शव दफनाने के लिए शव यात्रा में मैं स्वयं आया था। वे तीनों शव भी कब्र से गायब है।

# सहायक निदेशक ने किया फसलों का भौतिक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार पटना के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद कुमार के द्वार केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं 2023 -24 के अनुवीक्षण के तहत पलामू जिला अंतर्गत, मेदीनीनगर, नीलांबर-पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) पाटन, नावाबजार प्रखंड के खनवा, रबदा, कुंदरी में सरसो,चना और मंसूर का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही योजना के तहत नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड के सिंगल विंडो सेंटर में गरमा मूंग बीज का वितरण किया। सहायक निदेशक के साथ तकनीकी सहायक मनोज कुमार, बीटीएम सुमित वर्मा, एटीएम प्रकाश रंजन सिंह, सुनैना कुमारी,अभिमन्यु कुमार, अनिल मेहता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को ले अंतरराज्यीय बॉर्डर पर सुरक्षा होगी अभेद्य

## बाहरी मतदाता एवं नेता को क्षेत्र से बाहर रखने पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय बॉर्डर सीलिंग एवं विधि व्यवस्था संबंधी बैठक देवघर परिसदन में हुई। बैठक की अध्यक्षता संथाल परगना आयुक्त लालचन्द डाडेल व भागलपुर सह मुंगेर आयुक्त संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में सीमावर्ती वाले इलाकों में पड़ने वाले बूथों पर विशेष चौकसी बरतने, चेक नाका पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने और बॉर्डर वाले जंगली क्षेत्रों में संयुक्त रूप से एलआरपी चलाने की चर्चा की गई। साथ ही मतदान के 48 घंटा पूर्व से ही चुनाव क्षेत्र में बाहरी मतदाता एवं बाहरी नेता को क्षेत्र से बाहर रखने के साथ-साथ बार्डर सिलिंग पर चर्चा की गई।

आयुक्त संताल परगना लालचन्द डाडेल ने सोशल मीडिया निगरानी के अलावा संचार की व्यवस्था के साथ आपसी समन्वय स्थापित करने का विचार रखा। इसके अलावे उन्होंने बिहार राज्य में शराब बंदी के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। नशीले पदार्थ व जाली नोट जैसे तस्करी पर सख्ती से निपटने की बात हुई।

भागलपुर आयुक्त संजय कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान सीमावर्ती राज्य व जिलों के थानों के बीच आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने के साथ उड़न दस्ता दल को भी प्रतिनियुक्त किया जाएगा। अपराधियों व अभियुक्तों के सीमावर्ती दूसरे जिले में आवागमन पर रोक के साथ ऐसे असामाजिक तत्वों का ब्यौरा साझा करने की बात कही गई।



चुनाव के समय सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के साथ शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातारण में चुनाव खत्म कराने की बात दुहरायी ताकि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को संपन्न कराया जा सके। उपायुक्त विशाल सागर ने सभी जिला के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक अंतरराज्यीय व अंतर जिला की बैठक लोकसभा आम चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर मुख्य रूप से आयोजित की गई है।

बता दें कि बैठक में यह भी तय हुआ कि सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। साथ ही वैसे अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान किया गया, जो अपराध कर एक राज्य से दूसरे राज्य में भागे हुए हैं। वैसे अपराधियों को गिरफ्तार करने को लेकर अभियान चलाने का भी फैसला लिया गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर बिन्दू वार चर्चा की गई ताकि विधि-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये जा सके। बैठक में अधिकारियों ने विमर्श किया कि चुनाव के दौरान सीमा पर किस तरह की समस्याएं आती है। तय हुआ कि मिलकर विशेष चौकसी बरतेंगे।

इसके अलावे चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सयुंक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। चेक पोस्टों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के साथ नकस्ली गतिविधियों पर पैनी नजर रखने पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में उपायुक्त दुमका, भागलपुर जिला दंडाधिकारी, बांका जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक दुमका, पुलिस अधीक्षक देवघर, पुलिस अधीक्षक भागलपुर, पुलिस अधीक्षक बांका, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोडडा, झाझा, उप निर्वाचन पदाधिकारी देवघर व भागलपुर के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधानाचार्य की हत्या से आक्रोश, शव रखकर धरने पर बैठे परिजन, छात्र-छात्राओं ने निकाला मार्च

**गोंडा, एजेंसी।** गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर निवासी व श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की हत्या के बाद मंगलवार की सुबह परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने आक्रोश जताया। बभनान-मसकनवा मार्ग स्थित फूलपुर चौराहे पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित परिजन धरने पर बैठ गये। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बैनर पोस्टर हाथ में लेकर मार्च निकाला। परिजन हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने, दो अन्य लोगों का मुकदमे में नाम बढ़ाने, आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग पर अड़े हुए हैं। सूचना पर सीओ मनकापुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस तैनात है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी परिजनों को मनाने में जुटे हुए हैं।

रविवार की रात में छपिया थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव में श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की सिसहनी में ही स्थित मामा के घर पर गोली मारकर दी गई थी। इस मामले में विद्यालय प्रबंधक और मकतूल के मामा आज्ञाराम यादव की तहरीर पर पुलिस ने अजय वर्मा व राज सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। रात भर परिजन शव के साथ बैठे रहे। सुबह होते ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बैनर पोस्टर लेकर पैदल मार्च किया और न्याय की मांग की।




विद्यार्थियों ने सवाल उठाया कि दिनेश सर को क्यूं मारा, प्रिंसिपल मर्डर हैसटैग के साथ अभियान चलाया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने शव को मसकनवा-बभनान मार्ग पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग मुकदमे में दो आरोपियों का नाम बढ़ाने, सभी हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने, आरोपियों का घर बुलडोर से ढहाए जाने और परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। सुबह नौ बजे से लोगों का धरना प्रदर्शन चल रहा है। सूचना पाकर एसडीएम मनकापुर, सीओ राजेश कुमार सिंह सहित छपिया, खोड़ारे व मनकापुर की पुलिस भी मौके पर पहुंची। अफसर लोगों को मनाने में जुटे हुए हैं। जबकि परिजन व ग्रामीण मांगें पूरी करने की मांग पर अड़े हैं।

**प्रिंसिपल को क्यूं मारा? :** श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने हाथों में जस्टिस फॉर प्रिंसिपल दिनेश सर लिखा बैनर लेकर बैठे रहे। प्रिंसिपल को क्यूं मारा, क्या बेटियों की सुरक्षा करना अपराध है? प्रिंसिपल मर्डर हैशटैग के साथ कई सवाल उठाए। कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे। इसी बीच सिसहनी निवासी अजय वर्मा ने पहुंचकर हूटिंग शुरू कर दी थी। इस पर प्रधानाचार्य ने विरोध किया तो वह उनसे भिड़ गया। जिस पर दिनेश ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने आरोपी अजय का शांतिभंग में चालान कर दिया था।

विद्यार्थियों ने कहा कि इसी खुन्नश में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके प्रधानाचार्य की हत्या की है। सवाल उठाया कि सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए अभियान चला रही है। बावजूद इसके बेटियों की सुरक्षा करने वाले उनके प्रधानाचार्य की हत्या कर दी जाती है। वह सब न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

**कई चक्र में हुई वार्ता विफल:** सुबह शव रखकर सड़क जाम करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसने लोगों को समझाया, लेकिन आक्रोशित लोग कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद सूचना सीओ मनकापुर को दी गई। उन्होंने भी पहुंचकर परिजनों व क्षेत्रीय लोगों को मनाने का प्रयास किया लेकिन नतीजा नहीं निकला। इसके बाद एसडीएम मनकापुर यशवंत राव भी मौके पर पहुंचे और मान मनौवल में जुट गए। हालांकि, दोपहर साढ़े 11 बजे तक मामला शांत नहीं हो सका।

## मजदूर के घर में लगी आग, तीन बकरियां व अन्य सामान जला



**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना क्षेत्र के गांव शाहगढ़ में 3 मार्च की रात एक मजदूर के घर में अचानक आग लग गई। आग में जल कर मजदूर की तीन बकरियों सहित हजारों रुपए की नकदी व अन्य सामान राख हो गया। गांव शाहगढ़ निवासी पीड़ित मुन्ना लाल पुत्र हुकमसिंह ने बताया है कि वह गांव में मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों की गुजर बसर करता है। 3 मार्च की रात समय करीब साढ़े आठ बजे वह परिजनों के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात कारण से उसके घर में अचानक आग लग गई। जिससे अफरातफरी मच गई। परिवार के सभी लोगों शोर मचाते हुए घर से बाहर निकल आए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयत्न किया पर काबू नहीं पा सके। इसी बीच घर में रखे पंद्रह हजार रुपए व तीन बकरी समेत अन्य घरेलू सामान जलाकर राख हो गये।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने मारी टक्कर, बैलगाड़ी पलटने से युवक की मौत

**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़-पलवल हाईवे पर 4 मार्च को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पराली से भरी बैलगाड़ी सडक किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसके नीचे नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव करसुआ निवासी 38 वर्षीय नरेंद्र सिंह पुत्र डिप्टी सिंह के परिजनों ने बताया कि बैलगाड़ी में पराली भर कर शहर बेचने जा रहा था। बैलगाड़ी जैसे ही आईटीएम कालेज के पास पहुंची, तभी खैर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बैलगाड़ी में टक्कर मार दी। बैलगाड़ी के नीचे दबकर नरेंद्र की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे चार बच्चे और पत्नी व परिवार के लोगो को रोते बिलखते छोड़ा है। मृतक के भतीजे रिंकू सिंह पुत्र रमेश सिंह ने लोधा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बाइक सहित नहर में गिरा युवक, बुझा घर का चिराग, सात दिन बाद मिला शव

**अलीगढ़ , एजेंसी।** पिसावा के गांव जलोखरी निवासी युवक की बुलंदशहर के जहांगीरपुर थाने की कपना नहर में डूबने से मौत हो गई। युवक का शव सात दिन बाद 4 मार्च को मिला। इकलौते बेटे की मौत से पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव जलोखरी के भोलाराम का 22 वर्षीय बेटा सलमान नोएडा में दांतों के डाक्टर के साथ काम करता था। गांव से ही प्रतिदिन बाइक से आवागमन करता था। 26 फरवरी की शाम नोएडा के निकट झाझर में अपने दोस्त से मिलने के बाद वापस गांव आ रहा था। रात 10.30 बजे वह जहांगीरपुर थाने के गांव कपना नहर के पुल के पास पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। युवक नहर में डूब गया। जब वह घर नहीं पहुंचा तो तड़के से ही परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। एनडीआरएफ की टीम नहर में युवक की तलाश में जुट गई। सात दिन बाद 4 मार्च की सुबह करीब सात बजे सलमान का शव कपना पुल के समीप मिल गया।

### नहर में मिला बराती का शव, परिवार में छाया मातम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** फतेहगढ़ी नहर के निकट मिले शव की पहचान चौंढेरा निवासी कैलाश के रूप में हुई है। सूचना पर तलाश करते हुए परिजन भी खैर पहुंच गये। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि चौंढेरा निवासी 40 वर्षीय कैलाश पुत्र करतार सिंह 3 मार्च की दोपहर बुलंदशहर के शेरपुर-ककोड़ स्थित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गये थे। कार से रिश्तेदारों के साथ गभाना तहसील के कस्बा पिसावा जा रहे थे। शाम कार जहांगीरपुर के निकट नहर में गिर गई थी। जिसमें कार सवार सभी आठ लोग नहर में डूब गये थे। तीन लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई थी तथा पांच वर्षीय बालिका व 16 वर्षीय किशोर सहित दो लोग लापता थे। 4 मार्च की दोपहर फतेहगढी पश्चिमी गांव के निकट नहर में शव होने की सूचना पर इंस्पेक्टर खैर प्रवीन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को निकलवाकर शिनाख्त के प्रयास किए। इसी बीच पीछे से नहर किनारे तलाश करते आ रहे परिजनों को ग्रामीणों ने शव की सूचना दी। सूचना पर परिजन खैर सीएचसी पहुंचे तथा शव की शिनाख्त की। मृतक के पत्नी व दो बेटी है। वह दिल्ली में मजदूरी करता था। इंस्पेक्टर खैर प्रवीन कुमार सिंह के पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### दीक्षांत समारोहः कुलाधिपति बोलीं- शिक्षा में बढ़ रहा राजनीतिक हस्तक्षेप

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 89वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल कुल 77 विद्यार्थियों को 120 मेडल प्रदान किया। इसमें 51.67 फीसदी यानी 62 मेडल तो सिर्फ 19 विद्यार्थियों के ही नाम रहे। बाकी 58 विद्यार्थियों को एक-एक मेडल मिले। इस दौरान कुलाधिपति ने अपना संबोंधन भी दिया। उन्होंने कहा कि 2023-24 सत्र में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सबसे बाद में हो रहा है।

## इश्क में रोड़ा बने घरवाले तो प्रेमी युगल ने उठाया खौफनाक कदम, पहुंचे यमुना नदी के पुल; लगा दी छलांग

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सोमवार दोपहर को पुल से प्रेमी युगल ने छलांग लगा दी। गनीमत रही कि किनारे पर युवक मौजूद थे। वो तैरना जानते थे। युवक-युवती को देखकर युवक पानी में कूद गए। प्रेमी युगल को बचाकर बाहर निकालकर ले आए। पुलिस ने पहुंचकर दोनों को एसएन मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में भर्ती कराया। पूछताछ में पता चला कि परिवालों के शादी के लिए राजी नहीं होने से आत्महत्या करना चाहते थे। घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के कैलाश घाट की है। युवक-युवती शाहदरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनके बीच काफी समय से प्रेम संबंध चल रहा है। इस बात की जानकारी घरवालों को हो गई। इस पर बंदिश लगा दी। दोनों शादी करना चाहते थे। मगर, घरवालों के राजी नहीं होने से परेशान थे। सोमवार की सुबह दोनों घर से निकले। सबसे पहले झरना नाला पहुंचे। यहां ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने दोनों को भगा दिया। इस पर युवक-युवती कैलाश घाट पहुंच गए। बल्देव जाने वाले मार्ग पर यमुना के पुल से छलांग लगा दी। यह देखकर घाट पर मौजूद तैराक युवक उनको बचाने के लिए यमुना में कूद गए।

## चैत्रा वी संभालेंगी कमिश्नर का चार्ज, हाथरस में रह चुकी हैं डीएम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ मंडलायुक्त से विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर स्थानांतरित हुए रविंद्र ने 4 मार्च को कार्यभार छोड़ दिया। 2007 बैच की आईएएस अधिकारी चैत्रा वी को अलीगढ़ का नया मंडलायुक्त बनाया है। वह देर शाम सर्किट हाउस पहुंच गईं। 5 मार्च सुबह कार्यभार संभालेंगी।



1999 बैच के आईएएस रविंद्र की अलीगढ़ में मंडलायुक्त के रूप में 28 अगस्त 2023 को तैनाती हुई थी। उनका अलीगढ़ में करीब छह माह का कार्यकाल रहा। कमिश्नरी सभागार में आयोजित समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी।


शासन ने 19 वें मंडलायुक्त के रूप में मेरठ में तैनात एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के पद पर तैनात रहीं 2007 बैच की आईएएस अधिकारी चैत्रा वी को अलीगढ़ का नया मंडलायुक्त बनाया है। वे हाथरस, कासगंज और हापुड़ में डीएम रह चुकी हैं। वह अच्छी शूटर हैं। कई शूटिंग चैंपियनशिप में पुरस्कार भी जीते हैं।

## योगी सरकार की डेढ़ करोड़ किसानों को सौगात, निजी नलकूप पर मिलेगा फ्री बिजली कनेक्शन

**लखनऊ , एजेंसी।** हाइड्रोजन नीति को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, हाइड्रोजन बस सहित अन्य वाहन चलाने की योजना साकार हो सकेगी।

बैठक में किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने निजी नलकूप पर मुफ्त बिजली कनेक्शन देने के फैसले पर सहमति दे दी। इससे प्रदेश के डेढ़ करोड़ किसानों को मुफ्त कनेक्शन का लाभ मिलेगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 से लागू होगी। जिसके बाद से बकाया निजी नलकूप का बिल नहीं जमा करना होगा।

प्रदेश में यूपीनेडा की ओर से ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी बनाई गई है। अब इसे लागू करने की तैयारी है। इस पालिसी को मंजूरी मिलने के बाद अन्य वाहनों के साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस में मिलाकर प्रयोग किया जा सकेगा। मालूम हो कि केंद्र सरकार की ओर से नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया है। अब इसे राज्यों को लागू करना है।



- अंतरा में 800 मेगावाट की दो यूनिट एनटीपीसी के सहयोग से स्थापित की जाएगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस निर्णय से हम प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं।

## एसपी दफ्तर में युवक ने खुद को लगाई आग

### चौकी से गायब हुई गाड़ी, पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो उठाया खौफनाक कदम



**शाहजहांपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में आत्मदाह की कोशिश करने का मामला सामने आया है। कांट थाना क्षेत्र के गांव सिहरान निवासी ताहिर अली ने मंगलवार सुबह करीब 11.45 बजे पुलिस के सुनवाई नहीं करने से परेशान होकर एसपी दफ्तर में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। सिपाहियों ने कंबल डाल कर आग पर काबू पाया है। तब तक ताहिर अली गंभीर रूप से झुलस गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

युवक जब खुद को आग लगा रहा था, तभी कुछ लोग उसका वीडियो बना रहे थे। किसी ने उसे रोकने का प्रयास किया। जब वह पूरी तरह आग की लपटों से घिर गया, तो भागता हुआ एसपी दफ्तर पहुंचा। लपटों से घिरे युवक को देखकर अफरातफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। गंभीर रूप से झुलसे ताहिर को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक एक युवक ने ताहिर अली की दो गाड़ियां किराये पर ली थीं। कुछ समय बाद उसने किराया देने से मना कर दिया था। मामला पुलिस तक गया तो पुलिस ने गाड़ी को चौकी में खड़ा करवा दिया था। अब उसकी गाड़ी पुलिस चौकी से गायब हो गई। ताहिर अली अपनी गाड़ी का पता लगाने के लिए चक्कर काट रहे थे। आरोप है कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही थी। इससे आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। ताहिर को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## फतेहपुर सीकरी सीट से भाजपा ने राजकुमार चाहर पर फिर खेला दांव, किसानों को साधने का मिला इनाम

**आगरा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सूबे की 80 में से 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने फतेहपुर सीकरी सीट से राजकुमार चाहर को दोबारा मौका दिया है। चाहर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। किसानों के बीच उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। पार्टी ने चाहर को कई जिम्मेदारियां सौंपी। जिन्हें उन्होंने बखूबी निभाया। हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के लिए उन राज्यों में पसीना बहाया था। राजकुमार चाहर को किसान आंदोलन के दौरान किसानों को साधने का इनाम मिला है।



फतेहपुर सीकरी की जाट लैंड में राजकुमार चाहर ने 2019 में प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सिने अभिनेता राजबब्बर को 4.95 लाख वोट से हराया था। इसके बाद भाजपा ने राजकुमार को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। कृषि कानूनों को लेकर आंदोलित किसानों को साधने का इनाम मिला। वहीं राजकुमार ने देशभर में नमो खेल प्रतियोगिताएं, सांसद खेल स्पर्धा जैसे आयोजन करके ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए लगातार काम किया। उन्हें पार्टी ने दूसरे राज्यों में प्रचार को भी भेजा। दूसरी बार राजकुमार चाहर पर फतेहपुर सीकरी से भाजपा ने दांव लगाया है।

### घर के नीचे खड़ी कार में पेट्रोल डाल लगा दी आग, आगजनी कर स्कूटी सवार साथी संग भाग निकला युवक

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में चकेरी के श्यामनगर में रविवार देर रात स्कूटी सवार युवक ने एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार पर पेट्रोल डाल आग लगा दी। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। चौकी प्रभारी 16 घंटे बाद भी जानकारी से इन्कार करते रहे। वहीं, पुलिस एक माह पूर्व श्यामनगर में हुई आगजनी के प्रयास की घटना का भी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। श्यामनगर डबल रोड रामपुरम हाउसिंग सोसायटी में अनूप कुमार शुक्ला परिवार के साथ रहते हैं। प्रथम तल में उनका दीपक स्टूडियो है, उसके नीचे भतीजा रेस्टोरेंट का संचालन करता है। रेस्टोरेंट के बाहर उन्होंने प्लास्टिक का शेड लगवा रखा है, जिसमें कार खड़ी होती है। बताया कि रविवार रात करीब 11¬45 बजे वह कार खड़ी कर ऊपर चले गए। थोड़ी देर बाद कार में आग लगने से तेज रोशनी हुई। यह देख खाना खा रहे रेस्टोरेंट के कर्मचारी बाहर की ओर भागे। आनन फानन सबमर्सिबल, अग्निरोधी यंत्र आदि की मदद से कार में लगी आग पर काबू पाया गया। बाद में पुलिस को सूचना देने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि स्कूटी से उतरकर एक युवक ग्रिल से बने गेट को खोलकर रात 12¬18 बजे घुसा। प्लॉस्टिक की बोतल से कार पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी।

## बरेली कॉलेज का आईडी-पासवर्ड लीक, जालसाजों ने हड़पा प्रवेश शुल्क, एक छात्र पकड़ा गया

**बरेली , एजेंसी।** बरेली कॉलेज का आईडी-पासवर्ड लीक होने का मामला सामने आया है। इसके जरिये प्रवेश शुल्क जमा करने के नाम पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। बीएससी का छात्र साथियों से प्रवेश फॉर्म जमा करने के लिए निर्धारित शुल्क ले लेता था, लेकिन कॉलेज में जमा नहीं करता था। यही नहीं कॉलेज की लॉगिन-आईडी का इस्तेमाल कर कैफे से विश्वविद्यालय को फॉर्म अग्रसारित भी कर देता था। शुल्क जमा होने की फर्जी रसीद भी वह छात्रों को देता था। घपले में कॉलेज के लोगों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। मामले का खुलासा सोमवार को शुल्क की फर्जी रसीद में लगा क्यूआर कोड स्कैन न होने की दो छात्रों की शिकायत पर हुआ। चीफ प्रॉक्टर प्रो.आलोक खरे के अनुसार प्राचार्य कार्यालय पहुंचे दोनों छात्रों ने बताया कि उन्होंने बीएससी तीसरे सेमेस्टर के छात्र नितिन को स्नातक का प्रवेश फॉर्म जमा करने के लिए निर्धारित 525 रुपये शुल्क दिया था। इसके बाद नितिन ने उनका फॉर्म जमा करवाकर रसीद दी थी। इस पर प्राचार्य ने विश्वविद्यालय से जानकारी की तो पता चला कि फॉर्म वहां पहुंच चुका है, जबकि कॉलेज में इसे जमा ही नहीं किया गया था। पीड़ित छात्र आरोपी नितिन को बिना बताए अपने साथ प्राचार्य कार्यालय तक लाए थे और वह बाहर खड़ा था। मामला खुलने पर नितिन को पकड़ लिया गया। नितिन ने बताया कि उसने विश्वविद्यालय के बाहर स्थित एक कैफे के संचालक से फॉर्म भरवाया है। रसीद भी वहां से मिली है। नितिन को प्रति फॉर्म कमीशन दिया जाता था। अब तक उसने 10 फॉर्म भरवाए हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रो.आलोक खरे की शिकायत पर कॉलेज से छात्र को पुलिस ले गई। नितिन और कैफे संचालक एक छात्र संगठन के सक्रिय सदस्य भी बताए जा रहे हैं।



**बड़ा सवाल... कैसे लीक हुआ डाटाः** स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद कॉलेज में उस फॉर्म का प्रिंट व निर्धारित शुल्क जमा किया जाता है। इसके बाद कॉलेज इसे अपनी लॉगिन आईडी से वेरिफाई करके विश्वविद्यालय को फॉरवर्ड करता है। कॉलेज की लॉगिन आईडी का ही घपले में इस्तेमाल किया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि लॉगिन आईडी व पासवर्ड किसी बाहरी को कैसे मिला? माना जा रहा है, कॉलेज का स्टाफ भी इसमें शामिल है। जालसाजों ने फार्मो को विश्वविद्यालय फारवर्ड करके फीस अपने पास रख ली। आरोपी छात्र के पकड़े जाने के बाद प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने विश्वविद्यालय को जानकारी दी। गंभीर प्रकरण होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कॉलेज का आईडी पासवर्ड बदल दिया है।

## बिजली की छापेमारी पर अब होगी तीसरी आंख की नजर, बॉडी वार्न कैमरे से लैस होगी जांच टीमें

**प्रयागराज , एजेंसी।** बिजली चोरी रोकने या पकड़ने के लिए विजलेंस टीम की छापेमारी पर अब तीसरी आंख की नजर होगी। टीम की छापेमारी की पूरी गतिविधियां अब कैमरे में रिकॉर्ड होंगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने इस संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए जांच टीमों को बॉडी वार्न कैमरे से लैस करने का निर्णय लिया है। अब जांच दल की छापेमारी की पूरी कार्रवाई पर कंट्रोल रूम से निगाह रखी जा सकेगी। इससे उपभोक्ताओं की ओर से लगाए जा रहे आरोपों से विजलेंस की टीम को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही प्रवर्तन दल के साथ हो रही मारपीट व विवादों की घटनाएं भी कैमरे में साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड हो जाएंगी।

प्रयागराज में प्रवर्तन दल की दो टीमें अलग-अलग छापेमारी की कार्रवाई करती हैं। पिछले एक सालों में दर्जनों बार विजलेंस की टीम के साथ मारपीट की घटनाएं हुई हैं। वहीं, कई बार उपभोक्ताओं के घर चेकिंग करने पहुंची टीम कटियामारी या बिजली चोरी के अन्य तरीकों को साक्ष्य के रूप में पूरी तरह रिकॉर्ड नहीं कर पाती हैं। बाद में विवेचना के दौरान इसका फायदा बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को मिलता है। जानकारी के मुताबिक बॉडी वार्न कैमरे में जीपीएस लोकेशन से लेकर ऑडियो-वीडियो सब स्वतः रिकॉर्ड होंगे।

इस रिकॉर्डिंग से छापेमारी के दौरान विजलेंस टीम के साथ हो रही सभी घटनाओं के साक्ष्य एकत्रित हो जाएंगे। कैमरे की नजर में हो रही छापेमारी से उपभोक्ताओं के मन में तो भय पैदा ही होगा, साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। जानकारी के मुताबिक विजलेंस की टीम को जल्द ही यह बॉडी वार्न कैमरे मिल जाएगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से जल्द ही यह कैमरे भेजे जाएंगे।

कहा जा रहा है कि कैमरे पूरी तरह से आधूनिक होंगे। यह आठ घंटे का बैटरी बैकअप देगा, ताकि रिकॉर्डिंग में किसी तरह की समस्या न आए। छापेमारी की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी को रिकार्ड के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। ताकि जरूरत पड़ने पर इसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। मुख्य अभियंता पीके सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के रहने से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सकेगी।

# चुनाव में इंडी गठबंधन बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देगा : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जन विश्वास रैली की सफलता को लेकर बिहार के लोगों का धन्यवाद दिया है। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। पटना में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग लोकसभा के चुनाव में मजबूती के साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन में कोई कंफ्यूजन नहीं है। जल्द ही बिहार की सभी सीटों को लेकर हम लोग



आपस में बंटवारा कर लेंगे। वहीं, भाजपा के द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे 'मोदी का परिवार' कैंपेन को लेकर कविता के जरिए तेजस्वी ने तीखा तंज किया। उन्होंने कहा कि '80 करोड़ गरीबी से करते हैं हाहाकार,100 करोड़ बेरोजगार, 120 करोड़ महंगाई से लाचार, दुखी सब परिवार फिर भी कहते हैं सब उनके परिवार'। तेजस्वी ने कहा कि मुद्दे की बात होनी चाहिए। पिछली बार चौकीदार हो गए थे और अब परिवार हो गए हैं। इससे काम नहीं चलने वाला है, आपको बताना होगा कि आपने कितने लोगों को नौकरी और रोजगार दिया है? आपने कितने कारखाने खोले, आपने महंगाई कम किया या नहीं किया? किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं क्या वे उनके परिवार नहीं हैं? अपने परिवार के लोगों के साथ कोई इस तरह का काम करता है क्या? उन्होंने भी प्रधानमंत्री मोदी के हिंदू परम्पराओं निभाने में विफल रहने पर सवाल उठाया। तेजस्वी ने कहा कि मेरे पिता लालू यादव ने यही सवाल किया था। हिंदू धर्म में माता-पिता की मौत के बाद सिर के बाल मुड़वाए जाते हैं। दाढ़ी बनवाई जाती है, लेकिन पीएम मोदी ने अपनी मां के निधन के बाद ऐसा नहीं किया। आज तक पीएम मोदी और भाजपा की ओर से इसका जवाब नहीं दिया गया है कि मोदी ने ऐसा क्यों नहीं किया? हिंदू की बात करके नफरत फैलाने का काम करने वाले मोदी कब इसका जवाब देंगे? वे राम-रहीम के बंदों में नफरत फैलाते हैं, लेकिन हिंदू परम्परा निभाने में असफल रहते हैं। वहीं, तेजस्वी ने नीतीश सरकार से पूछा कि आखिर कैबिनेट विस्तार में देरी क्यों हो रही है? आखिर क्या कारण है कि अभी तक कैबिनेट का विस्तार नहीं हुआ? डेढ़ महीने का समय बीत गया, लेकिन न तो कैबिनेट का विस्तार हुआ और न ही होने की किसी तरह की कोई सूचना है। आखिर इसके पीछे का कारण क्या है? इसका जवाब तो सरकार में बैठे हुए लोग ही दे सकते हैं। इसको लेकर हमको ज्यादा टीका टिप्पणी नहीं करना है। वहीं, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान के साथ चुनाव लड़ने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि इस विषय में वही ज्यादा बेहतर बता सकते हैं, इस पर टिप्पणी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें आना है, वे आएं। हम तो जहां हैं, वहीं हैं। हमको तो कहीं नहीं जाना है।

# लालू प्रसाद को सिर्फ अपना परिवार दिखता है : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक बार फिर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को घेरा है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पूर्ण रूप से दिखता है कि लालू को अपनी पत्नी और बेटे-बेटियों की चिंता है। वहीं दूसरी तरफ पीएम मोदी को पूरे देश की चिंता है। प्रधानमंत्री पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। देश में एकतरफ व्यक्तिवादी पार्टी है तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री को समाज की चिंता है, ये बड़ा फर्क है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि हम हैं या पूरा भाजपा परिवार या देश के नौजवान और गरीब सब मोदी जी के परिवार हैं। लालू प्रसाद को सिर्फ और सिर्फ अपना परिवार



दिखता है। लालू प्रसाद को सिर्फ अपनी पत्नी और बेटा-बेटी की चिंता है। जन विश्वास रैली के दौरान तेजस्वी यादव के यह कहने पर कि सम्राट चौधरी 2014 के बाद कोई चुनाव नहीं लड़े हैं, इस पर उन्होंने कहा कि अभी वे बच्चे हैं, किसी बच्चे पर बहुत बयान क्या देना? जितना उम्र नहीं है, उससे ज्यादा हमने सदन में रह लिया। अभी बच्चे का उम्र नहीं हुआ है। पांच पार्टी बदलने के सवाल पर सम्राट ने कहा कि उनको गिनती नहीं पता है अब बच्चे को गिनती भी सीखाना पड़ेगा। उधर, डीएमके नेता के द्वारा यह कहने पर कि वे भारत माता की जय नहीं मानते, इस पर सम्राट ने कहा कि इंडी गठबंधन के जितने भी लोग हैं इन लोगों को सिर्फ मैं से मतलब है। किसी को अपने परिवार के लिए टूजी चाहिए तो किसी को थ्री जी पॉलिटिक्स चाहिए। ये तमिलनाडू वाले लोग तीन जनरेशन की गुलामी खट रहे हैं जबकि कांग्रेस के लोग चार जनरेशन की गुलामी खट रहे हैं।

# राजनीतिक दल साथ रहते हैं तो नीतीश चालीसा का पाठ करते हैं : अशोक चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नामांकन में भाग लेने पहुंचे पूर्व मंत्री अशोक चौधरी ने इशारों-इशारों में राजद के साथ-साथ भाजपा पर भी निशाना साधा है। मीडियाकर्मी से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जितने भी राजनीतिक दल हैं वह नीतीश कुमार के कंधे पर सवार होकर अपनी नैया पार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज के राजनीतिक दल ऐसे हो गए हैं कि साथ रहते हैं तो नीतीश चालीसा का पाठ करते हैं और अलग होते ही तो व्यक्तिगत टिप्पणी करने लगते हैं। अशोक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह कोई भी व्यक्ति बिहार की



राजनीति में खटता हो सुबह से शाम तक, एक भी व्यक्ति का नाम बता दीजिए जो बिहार के लिए खटता हो और दिन भी उद्घाटन, शिलान्यास और योजनाओं का भ्रमण करता हो ऐसा एक भी राजनेता दिखा दीजिए। नीतीश कुमार से कम उम्र के भी कोई नेता हो जो इतना काम करते हो तो नाम बताइए? वहीं जदयू के खत्म होने वाले सवाल पर कहा कि मुंगेरीलाल के हसीन सपने को लेकर कोई क्या कह सकता है? उन्होंने कहा कि देश कैसे आगे बढ़े और 21वीं सदी का बिहार कैसे बनाएं इसको लेकर कोई बहस नहीं हो रही है। 2005 के पहले 44 हजार करोड़ का बिहार था और आज 2 लाख 68 हजार करोड़ का बिहार हो गया है जिसके कारण हो रहा है उसी को लेकर टीका-टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर किसी तरह के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। कोई अपराधियों पर आरक्षण देने तक का आरोप नहीं है और उनके उपर व्यक्तिगत टिप्पणी की जा रही है।

# बाहुबली नेता व पूर्व विधायक अनंत सिंह ने भी अपने बायो में जोड़ा- 'मोदी का परिवार'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जन विश्वास महारैली में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार पर सवाल उठाए जाने के बाद भाजपा ने इसके खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। भाजपा ने 'मोदी मेरा परिवार' कैंपेन चलाकर विपक्ष को करारा जबाब दिया है। इसी बीच भाजपा के इस कैंपेन में बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह और उनकी विधायक पत्नी भी शामिल हो गई हैं। अनंत सिंह ने एक्स पर अपना बायो बदला है और अपने नाम के बाद 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर नीलम देवी और उनके पति अनंत सिंह ने खुद को मोदी परिवार का सदस्य बताया है। अनंत सिंह ने एक्स पर एक फोटो भी शेयर किया है जिसमें वे खुद और उनकी पत्नी नजर आ रहे हैं। वहीं सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर दिख रही है। अनंत सिंह ने लिखा 'मैं हूं' मोदी जी का परिवार 140 करोड़ देशवासी हैं 'मोदी जी का परिवार'। बता दें कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद विधानसभा में विश्वासमत के दौरान राजद के तीन विधायकों ने अचानक पाला बदल लिया था। पाला बदलने वाले विधायकों में पूर्व बाहुबली सांसद आनंद मोहन के विधायक बेटे चेतन आनंद, बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी और विधायक प्रह्लाद यादव शामिल थे। पत्नी के पाला बदलने के बाद अब अनंत सिंह भी खुलकर सामने आ गए हैं और खुद को मोदी का परिवार बता दिया है।

# महाशिवरात्रि पर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा नरकटियागंज से बापूधाम मोतिहारी और रक्सौल तथा बगहा और सेमरा के मध्य 6.03.2024 से 08.03.2024 तक 03 जोड़ी महाशिवरात्रि मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05569/05570 बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज-रक्सौल मेला स्पेशल (वाया सगौली-नरकटियागंज)-गाड़ी संख्या 05569 बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज-रक्सौल मेला स्पेशल बापूधाम मोतिहारी से 10 बजे प्रस्थान कर सगौली, बेतिया आदि स्टेशनों पर रूकते हुए 14.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05570 रक्सौल-नरकटियागंज- बापूधाम मोतिहारी मेला स्पेशल रक्सौल से 14.35 बजे प्रस्थान कर 18.45 बजे बापूधाम मोतिहारी पहुंचेगी।

# विवेक कुमार सिंह बने रेरा के अध्यक्ष, संभाला कार्यभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार से वीआरएस ले चुके आईएएस अधिकारी विवेक कुमार सिंह को रेरा का नया अध्यक्ष बनाया है। इसको नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। विवेक कुमार सिंह रेरा में नवीन वर्मा की जगह लिया है। सरकार की ओर से अधिसूचना जारी करते ही विवेक कुमार सिंह ने पटना स्थित रेरा कार्यालय जाकर पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यालय में रेरा के सदस्य नूपुर बनर्जी और एसडी झा ने नये अध्यक्ष का स्वागत किया। विवेक कुमार सिंह की नियुक्ति योगदान की तारीख से 5 वर्षों की अधिकतम अवधि या 65वर्ष की उम्र, दोनों में जो पहले हो, के लिए अनुमान्य होगी। वीआरएस की औपचारिकता पूरी करने के बाद उन्होंने रेरा के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। विवेक कुमार सिंह का रिटायरमेंट जुलाई 2024 में है। इसी नाते उन्होंने वीआरएस लिया है। बता दें कि 2016 में केंद्र द्वारा रियल एस्टेट कानून के मॉडल संस्करण को अधिसूचित करने के बाद बिहार सरकार अपने स्वयं के कानून के साथ उसी वर्ष 28 अप्रैल को बिहार रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियम, 2017 को अधिसूचित किया जिसका उद्देश्य घर की सुरक्षा करना, खरीदारों के हितों और अचल संपत्ति क्षेत्र को विनियमित करना है।

# जीतन राम मांझी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया अपना भाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में परिवारवाद का मुद्दा गर्मा गया है। राजद प्रमुख लालू यादव की टिप्पणी के बाद नेताओं की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी क्रम में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने भी मंगलवार को लालू यादव पर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना भाई बताया है। जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है और लिखा है कि राष्ट्र के लिए समर्पित किसी व्यक्ति पर अभद्र टिप्पणी करना, उनको बिना परिवार का बताया जाना बेहद शर्मनाक है। मैं कुछ लोगों को स्पष्ट तौर पर कह देना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी देश के हर परिवार के सदस्य हैं, लेकिन लालू जी का नाम कोई अपने साथ नहीं जोड़ना चाहता। 'मोदी जी मेरे भाई हैं'। उल्लेखनीय है कि पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की महारैली में लालू प्रसाद यादव ने पीएम मोदी के परिवारवाद को लेकर दिए गये बयान पर तीखा प्रहार किया था। पीएम मोदी के नये नारे के बाद भाजपा अब कैंपेन चला रही है। मोदी के मंत्रियों के साथ-साथ भाजपा के नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के प्रोफाइल को चेंज कर दिया है और 'मोदी मेरा परिवार' लिख दिया है।

# पीएम मोदी को पूरा देश अपना परिवार मानता है : निर्मला सीतारमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं का धुआंधार बिहार दौरा शुरू हो गया है। इसी कड़ी में अब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी पटना पहुंचीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित पार्टी के तमाम नेताओं ने पटना एयरपोर्ट पर केंद्रीय वित्त मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान लालू प्रसाद यादव के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'परिवारवाद' वाले तंज को लेकर निर्मला सीतारमण ने कहा कि भाजपा ने करारा जवाब दिया है...पीएम ने जो कहा वह सही है, पूरा देश उन्हें अपना परिवार मानता है। इसलिए, इस तरह के ओछे



बयान देना सही नहीं है। वह भी उस व्यक्ति द्वारा जिसने दशकों तक राजनीति में बिताया और राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। अगर इतने वरिष्ठ नेता इस तरह के बयान देते हैं तो इससे लोग निराश होते हैं। राजनीति में गरिमा बनाए रखना जरूरी है। केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण पटना से छपरा गईं जहां उन्होंने जेपी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत 1349.52 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया। छपरा में आयोजित क्रेडिट आउटफिट कार्यक्रम के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री प्रदेश की महिला लाभार्थियों से रूबरू हुईं। बता दें कि बिहार में 1.1 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन महिलाओं को दिया गया है। अपने इस कार्यक्रम में सीतारमण अपनी सरकार में महिलाओं के लिए क्या-क्या काम हुए, ये भी गिनाईं। उल्लेखनीय है अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बिहार दौरा भी प्रस्तावित है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 9 मार्च को पटना के पालीगंज आने वाले हैं। अमित शाह पटना में पार्टी नेताओं के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार करेंगे। इस दौरान सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा शाह पालीगंज में स्थित मुख्यालय बाजार स्थित कृषि फार्म के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं पीएम मोदी भी बुधवार को बेतिया आएंगे। बीते एक हफ्ते के अंदर प्रधानमंत्री का यह दूसरा बिहार दौरा होगा। इस कार्यक्रम में बिहार को कई बड़ी सौगातें मिलेंगी।

# मोतिहारी में ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' विषय पर जागरुकता सह फोटो प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/मोतिहारी।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मोतिहारी में 9 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के साथ आज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के पांचवें दिन दर्शकों द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भाग लेने के साथ शुरू हुआ इसके बाद विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के



साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया और प्रदर्शनी स्थल पर लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अंसारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जमालपुर में विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमई-विकास कार्यालय, पटना द्वारा जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप, ईस्टर्न रेलवे, रेल मंत्रालय जमालपुर के साथ संयुक्त रूप से सेंट्रल इंस्टीट्यूट हाल, जमालपुर, रेल मंत्रालय, भारत सरकार में 05.03.2024 से 06.03.2024 तक बिहार राज्य के उद्योग संघों, चैम्बर्स एवं समीपवर्ती जिले में कार्यरत उद्यमियों के सहयोग से सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्याक्रम का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को



नए बाजार सुविधा, नए बाजार सृजन, पब्लिक प्रॉक्यूरमेंट पॉलिसी 2012 के बारे में जागरुकता, विभिन्न सीपीएसई / केंद्र सरकार के कार्यालयों के वेंडर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता, बेहतर पैकेजिंग, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेना, जेडईडी प्रमाणीकरण, स्फूर्ति योजना, क्लस्टर विकास योजना, इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जागरुक करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को सेंट्रल इंस्टीट्यूट हाल, जमालपुर, रेल मंत्रालय, भारत सरकार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस विजय, मुख्य कार्यशाला प्रबन्धक, जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप, ईस्टर्न रेलवे, रेल मंत्रालय, भारत सरकार, जमालपुर सम्मलित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मधु रानी, महाप्रबंधक, जिला उधोग केंद्र, बिहार सरकार, इंडियन ऑइल कार्पोरेशन लिमिटेड, बरौनी, पावरग्रिड, पटना, व्हील प्लांट, बेला, एनटीपीसी, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारिगण, अन्य संबन्धित राज्य सरकार, केंद्र सरकार, बैंक, उद्योग संघों इत्यादि के वरिष्ठ अधिकारिगण की गरिमामय उपस्थिति व सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय के संयुक्त निदेशक सी एस एस रा , आईईडीएस द्वारा की गई।

# लालू-राबड़ी राज में कारखाने बंद हुए और सामूहिक पलायन हुआ : सुशील कुमार मोदी

## बिहार को कारखानों का कब्रिस्तान बनाने वाले किस मुंह से पूछ रहे प्रधानमंत्री से सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जिस प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बिहार के 2.5 करोड़ लोग गरीबी से उबर गए, एक लाख करोड़ की विकास योजनाएं लागू होने से राज्य के हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है और आयुष्मान योजना से लाखों गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है, उसके काम पर सवाल उठाने से पहले तेजस्वी यादव बताएं उनके माता-पिता के राज में कितने कारखाने बंद हुए? उन्होंने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने हजारों करोड़ लगाकर बिहार के



बरौनी, झारखंड के सिंदरी सहित चार उर्वरक कारखानों में फिर से उत्पादन शुरू कराया, उससे वे लोग सवाल पूछ रहे हैं जिनके राज में बिहार कारखानों का कब्रिस्तान बन गया। श्री मोदी ने कहा कि वे बतायें कि लालू-राबड़ी राज में बिहार से सामूहिक पलायन क्यों हुए? दलितों के सामूहिक नरसंहार क्यों होते थे? खड़ी फसलें क्यों जला दी जाती थीं? किसानों के लिए आपकी पार्टी की सरकार ने क्या किया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का पढ़ाई-लिखाई से कोई वास्ता होता तो वे थेथरोराजी के बजाय सही आंकड़ों के आधार पर बात करते। श्री मोदी ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। क्या यह 80 करोड़ लोगों का हाहाकार है? देश की आबादी 130 करोड़ और वे 100 करोड़ लोगों को बेरोजगार बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार 1 लाख करोड़ रुपये खर्च कर फोरलेन सड़क, मेगा ब्रिज, फ्लाइओवर बनवा रही है। इस ढांचागत विकास से राज्य की आर्थिकी मजबूत होगी। 1 मार्च को प्रधानमंत्री ने 21000 करोड़ की योजनाओं का शुभारभ किया, लेकिन थेथरोलॉजी करने वालों को ये आंकड़े नहीं दिखते। वे पूछते हैं कि बिहार को क्या दिया? श्री मोदी ने कहा कि दस साल में जहां देश भर में हवाई-अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई, वहीं बिहार को दरभंगा एयर पोर्ट मिला। दरभंगा एम्स पर काम शुरू होने वाला है, पर राजद ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। इनके लिए लालू परिवार का विकास ही बिहार का विकास है।

# हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता कार्यक्रम शुरू

## बांका के वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी यादव ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/बांका।** बांका के सर्वोदय नगर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर इकाई द्वारा फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता का शुभारंभ किया गया। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ बांका के वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' की थीम पर लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इस विशेष चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा किए गए कार्य को चित्रों,




सूचना तथा ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, मिशन लाइफ, नमामि गंगे पीएम विश्वकर्मा योजना, स्किल इंडिया मिशन, एक भारत श्रेष्ठ भारत, पीएम किसान, आदित्य एल 1 मिशन, गगनयान मिशन, जी 20 शिखर सम्मेलन की सफलता, रोजगार मेला, हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा डिजिटल इंडिया से संबंधित चित्र शामिल हैं।जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर महेश्वरी यादव, उपस्थित कॉलेज के अन्य शिक्षकों तथा बुद्धस्थली विद्यापीठ के निदेशक बिमल कुमार मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा आम जनता को संबोधित करते हुए बांका के वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी यादव ने कहा कि विकसित भारत के बनाने के लिए प्रधानमंत्री का संकल्प सराहनीय है और इसी संकल्प से 2047 तक भारत एक विकसित और महान देश बनेगा। उन्होंने युवाओं के लिए किए गए कार्यों विशेषकर नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए इसे विकसित भारत का मजबूत स्तंभ बताया।

उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए बुद्धस्थली विद्यापीठ के निदेशक बिमल कुमार मंडल ने कहा कि आज देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से किया जा रहा प्रयास स्वागत योग्य है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इसका अवलोकन करने की अपील की।

# कर्मयोगी महिला सम्मान 2024 से सम्मानित हुईं कर्मयोगी महिलाएं

## महिला आज किसी पहचान की मोहताज नहीं : किरण घई सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभागमन पर बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन सभागार में संगोष्ठी-सह-कर्मयोगी की महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधान पार्षद डॉ किरण घई सिन्हा ने की। समारोह का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिला आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आत्म सम्मान के साथ आगे बढ़ते हुए उन्होंने खुद को आत्मनिर्भर बनाया है। अपने परिश्रम और




विजन के बलबूते पर सपना साकार कर महिलाएं लड़ाकू जहाज उड़ा कर देश की रक्षा कर रही है।

महापौर सीता साहू ने कहा कि ''नारी शक्ति बन्दन'' ने महिलाओं को समृद्ध बनाया है। उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि अब महिलाएं निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। समाज और राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। अतिथियों का स्वागत राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश राज ने किया। इस अवसर पर डॉ ध्रुव कुमार, समाज सेवी कमलनयन श्रीवास्तव, शिव प्रसाद मोदी, डॉ दिवाकर तेजस्वी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

CMYK




# सिर पर छत का हक

लखनऊ के अकबरनगर की अवैध कॉलोनियों को ढहाए जाने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के गहरे अर्थ हैं कि सिर के ऊपर छत लोगों का मूलभूत अधिकार है। देश की पिछली जनगणना के आंकड़ों के आलोक में इस टिप्पणी का मानवीय महत्व कहीं बेहतर समझा जा सकता है। साल 2011 की जनगणना ने हमें बताया था कि देश में 17.5 लाख से अधिक लोगों के पास छत नहीं है। सर्दी, गरमी और बरसात में वे फुटपाथों पर जीने को मजबूर हैं। पिछले 13 वर्षों में यह आंकड़ा घटा या बढ़ा इसका पुख्ता प्रमाण तो हमें अगली जनगणना से ही मिलेगा। निस्संदेह, सरकारें इस समस्या से गाफिल नहीं हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने का संकल्प इसकी तस्दीक करता है। इस मामले में प्रयास भी हो रहे हैं, मगर विडंबना यह है कि एक तरफ निर्माण की कवायद हो रही है, तो दूसरी ओर जगह-जगह अवैध बस्तियों के ढहाए जाने से कई परिवार बेघर भी हो रहे हैं। ऐसे में, शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल वाजिब है कि किफायती दर पर घर मुहैया कराने में सरकारी नीतियों की नाकामी ने अवैध बस्तियों का विस्तार किया है। यह किसी एक प्रदेश या शहर की बात नहीं है, देश के तमाम महानगरों और छोटे-बड़े शहरों के सामने अवैध कॉलोनियों की गंभीर समस्याएं हैं। जाहिर है, ये रातोंरात नहीं उग आई। स्थानीय रसूखदारों और सरकारी अधिकारियों की सांठगांठ ने इनका विस्तार किया है। फिर इनमें से कई तो दशकों पुरानी हैं। कहने की आवश्यकता नहीं, ऐसी बस्तियों को खाली कराते समय अतिरिक्त संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। विस्थापित होने वाले लोग देश के ही नागरिक हैं और उन्हें विकल्प मुहैया कराने का दायित्व भी तंत्र का ही है। हमने पूर्व में देखा है कि राजधानी दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान यमुना किनारे बसी अनेक बस्तियां दूसरी जगहों पर शांतिपूर्वक स्थानांतरित की गईं। दुर्योग से सरकारों की अच्छी मंशा भी कई बार तंत्र का शिकार हो जाती है। बुल्डोजर तो उपयोग के लिए ही बने हैं, मगर वे इस्तेमाल के लिए मानवीय विवेक की भी मांग करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही तंत्र को यह बताया है। निस्संदेह, सरकारी भूमि के किसी भी अतिक्रमण का बचाव नहीं किया जा सकता। अवैध कॉलोनियों के निर्माण से शहरी प्रबंधन पर भी तमाम तरह के दबाव बढ़ते हैं।

## सनातन संस्कृति को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से एक अनमोल उपहार है सुदर्शन सेतु

(मृत्युंजय दीक्षित)

सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आरम्भ सनातन हिन्दू संस्कृति का अमृतकाल प्रतिदिन नयी आभा प्राप्त कर रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर के उद्घाटन से अबूधाबी के मंदिर और उसके उपरांत उत्तर प्रदेश के संभल जिले में कल्कि धाम का शिलान्यास अमृतकाल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बिंदु हैं। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से संपूर्ण विश्व के सनातन हिंदू समाज ने दीपावली मनाई वह अद्भुत और ऐतिहासिक है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन तक कठोरता से यम नियम का पालन किया और उन सभी मंदिरों में गये जिनका रामायण काल से किसी न किसी प्रकार से संबंध रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस भी मंदिर में जाते हैं उसके विस्तार तथा आसपास के क्षेत्रों के विकास का वृहद चित्र खींकर आते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज भारत प्रत्येक तीर्थ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

सनातन की प्राचीनता से वर्तमान को परिचित कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात यात्रा के दौरान यहाँ के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा ड्राइविंग करके भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करते हुए जल के अंदर पूजा की और इतिहास में एक अमर क्षण जोड़ दिया। स्वाभाविक रूप से अब प्रत्येक सनातनी हिंदू जलमग्न द्वारका के दर्शन कर स्वयं को धन्य करना चाहेगा और जलमग्न द्वारका तीर्थ भी श्रद्धालुओं की यात्रा सूची में आ जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका शारदापीठ में शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जलमग्न द्वारका के विषय में पुरातत्व वेत्ताओं द्वारा और पुराणों में बहुत कुछ लिखा गया है। हमारे शास्त्रों के अनुसार द्वारका सुंदर द्वारों और ऊंचे भवनों वाली ये पुरी पृथ्वी पर शिखर के सामान होगी, मान्यता है कि स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने ही द्वारका नगरी का निर्माण किया था। नौसेना के गोताखोरों की सहायता से प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की, हाथ जोड़े और भगवान श्रीकृष्ण को मोरपंख अर्पित किया। बाहर आने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका जी में मैं पुरातन भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर रहा था।

इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने द्वारका में देश के सबसे लंबे पुल का लोकार्पण किया जिससे इस क्षेत्र में विकास और पर्यटन के एक नये महायुग का प्रारम्भ होगा, इस पुल का नामकरण 'सुदर्शन सेतु' किया गया है।

सुदर्शन सेतु की विशेषताएं

यह एक ऐतिहासिक सिग्नेचर ब्रिज है जिसकी प्रेरणा गीता है और स्रोत सूर्य की ऊर्जा। 7 अक्तूबर 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पुल की आधारशिला रखी थी। पूर्व में इस पुल का नाम सिग्नेचर ब्रिज था जिसे अब सुदर्शन सेतु कर दिया गया है। यह ओखा को समुद्र के बीच टापू जैसे रूप से उभरे बेट द्वारका से जोड़ता है। सुदर्शन सेतु की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दोनों ओर भगवद्गीता के श्लोकों और श्रीकृष्णकी छवियों को उकेरा गया है। इसमें फुटपाथ के ऊपरी हिस्से पर सौर पैनल लगाये गये हैं जिससे एक मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाता है। ओखा मैनलैंड को बेट द्वारका द्वीप से जोड़ने वाले इस सेतु से इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी। अभी तक तीर्थयात्रियों को बेट द्वारका जाने के लिए नाव पर निर्भर रहना होता था और मौसम खराब हो जाने पर प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। सुदर्शन सेतु का निर्माण हो जाने के बाद तीर्थयात्रियों की यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सुदर्शन सेतु वस्तुतः सनातन संस्कृति को प्रधानमंत्री का उपहार है।

प्रधानमंत्री के जलमग्न द्वारका के दर्शन करने और फिर जनसभा करने से यह स्पष्ट हो गया कि अभी इस क्षेत्र का और अधिक व्यापक स्तर पर विकास होने वाला है। यह सुदर्शन सेतु 2.32 किमी लंबा है तथा पुल पर 2.50 मीटर चौड़े फुटपाथ हैं। यह 27.20 मीटर चौड़ा पुल चार लेन का है। यह 979 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहाँ भी जाते हैं वो स्थान तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की यात्रा सूची में ऊपर आ जाता है केदारनाथ, लक्षद्वीप, सिक्किम, पार्वती कुंड, काशी, अयोध्या, इसके ज्वलंत प्रमाण हैं और अब जलमग्न द्वारका भी इस सूची में स्थान बनाने को व्यग्र है।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह- एक नए युग का ऐतिहासिक शुभारम्भ

**आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय ; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, ख़ासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएँ सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाजके प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले ज़िला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन डिप्टी कंसेंसटेविल अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुक़दमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था।**

(पंकज तोमर)

22 जनवरी 2024 को, अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ।

भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद् स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिज़ोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।'

सितम्बर, 2023 से ही निमंत्रितों की सूची बनाने से लेकर उनको बुलाने की व्यवस्था का चिंतन प्रारम्भ हो गया था सभी को निमंत्रण देने का क्रम डिजिटल पत्राचार से प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद सभी निमंत्रितों को राष्ट के सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए गए। अंततः सभी निमंत्रितों को एक व्यक्तिगत कोड दिया गया। कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दालों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था।

आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, ख़ासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएँ सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाजके प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले ज़िला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन डिप्टी कंसेंसटेविल अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुक़दमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था। रामजन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, रामजन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। भारत की माननीया राष्टपति और माननीय उप-राष्टपति जी के साथ पूर्व राष्टपति एवं प्रधान-मंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहाँ थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहाँ थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकैडमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, ष्ट, समाचार पत्रों और



टीवी चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी; चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्यकला आदि ललित कलाओं के कलाकार; हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फ़िल्म उद्योग की अनेक हस्तियाँ भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियाँ आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। इन सभी की मंच पर ही बैठने की व्यवस्था थी। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मज़दूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहाँ उपस्थित थे। रूञ्ज व टाटा समूह के अधिकारी, अभियंता और श्रमिक भी यहाँ उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधान मंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकर्ताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय श्री मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री रामलला प्रतिष्ठित हुए हैं तो सभी देवी-देवताओं ने भी उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद अवश्य ही दिया होगा।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर जहां विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात लगे थे, वहीं ट्रस्ट के ही आग्रह पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अन्य कई स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के अनेक कार्यकर्ता इस आयोजन की व्यवस्था में थे। उनके प्रबंधन के अनुभव का लाभ सूक्ष्म दृष्टि से व्यवस्था के चिंतन में हुआ। जिसका अनुभव वहाँ आए प्रत्येक रामभक्त को हो रहा था। चाहे स्वागत हो, चाहे बैटरी चालित वाहन, चाहे व्हील चेयर की व्यवस्था हो, चाहे पदवेश उतारने की व्यवस्था। सभी के जूते स्वयमसेवी संस्था के प्रमुख लोग अपने हाथों से उतार कर रख रहे थे और लौटने पर पहना भी रहे थे। लघुशंकलयों के बाहर भी चप्पलों की व्यवस्था थी। सभी कुछ सूक्ष्म चिंतन करके तैयार किया गया था। अयोध्या के नागरिक और प्रशासन भी ट्रस्ट के साथ समन्वय करते हुए अयोध्या को संवारने में लग गए। अयोध्यावासी सामान्य-जन के लिए यह एक कौतूहल का विषय था कि कैसे 4 माह में अयोध्या नगरी का स्वरूप सहसा परिवर्तित हो गया। भक्त-जन, पूज्य साधु संत और अनेक महानुभावों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय था, जो कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षा दलों के बिना सम्भव नहीं था। उत्तर प्रदेश और अयोध्या पुलिस के सहयोग पूर्ण, मित्रवत् व्यवहार से सभी प्रभावित हुए। उसी का परिणाम था कि इतना बड़ा कार्य सरलता से निर्विघ्न व यशश्विता के साथ सम्पन्न हुआ। सभी के साथ प्रभु श्री राम का आशीर्वाद तो था ही। तीन दिनों में अयोध्या में बिना किसी राजनैतिक या व्यावसायिक आयोजन के 71 निजी विमान गतिमान हुए। लखनऊ तथा अयोध्या के विमानतल एवं लखनऊ, अयोध्या, काशी, गोरखपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, प्रयागराज आदि रेल-स्टेशनों पर केसरिया पटके के साथ स्वागत एवं यातायात की पूर्ण व्यवस्था की गयी। विभिन्न उपस्थित लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सभी के लिए आवास व्यवस्था सावधानीपूर्वक तैयार की गई थी। टेंट सिटी, होटेल, आश्रम, धर्मशाला सहित कुछ विद्यालयों तथा 200 स्थानीय परिवारों में रुकने की व्यवस्था की गयी थी। सम्पूर्ण अयोध्या 'राम आएँगे' गीत की ध्वनि से गुंजायमान थी। अयोध्या की गलियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद देर रात्रि तक सभी ने लिया। भारत का इतिहास साक्षी है कि यह स्वयं में ऐसा एक ही कार्यक्रम था जहां इस स्तर के व्यक्ति 4-5 घंटों तक सामान्य कुर्सियों पर बैठे। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी वहाँ 4 घंटे व्हील-चेयर पर बैठे। ना तो वहाँ किसी के सहयोगी थे, ना ही सुरक्षाकर्मी। प्रसाद स्वरूप सभी को जल सेवा एवं जलपान अपनी कुर्सियों पर ही दिया गया। प्रभु श्री राम के घर में सभी जातियाँ, सभी वर्ग, सभी क्षेत्र, एक समान थे, एक साथ थे। सभी ने अपने औहदे, अपनी सामाजिक-आर्थिक महत्ता से ऊपर उठकर अयोध्या के सादगी-पूर्ण आतिथ्य को सहृदय स्वीकार किया। भारत के हर नगर, हर गांव में सभी प्रभु श्री राम के शुभागमन हेतु आतुर थे। सम्पूर्ण भारत का हर गांव, हर मोहल्ला, हर मंदिर अयोध्या बन गया था। जो अयोध्या नहीं आ पाए, उन्होंने स्थानीय मंदिरों में पूजन किया, रात्रि में दीपोत्सव मनाया। सभी का मन एवं आत्मा उस दिन अयोध्या में ही थे। श्री रामलला के स्वागत हेतु अयोध्या नगरी एवं मंदिर परिसर को भी असंख्य क्विंटल पुष्पों से सुसज्जित किया गया, भारत के सभी प्रांतों के परम्परागत वाद्य-वादक, 30 से अधिक कलाकारों ने वातावरण को राम-गीतों से संगीतमय कर दिया और आरती के समय सहस्त्रों पीतल की घंटियों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। रामलला के अवतरण के साथ ही, हेलिकॉप्टर द्वारा मंदिर परिसर पर की गयी पुष्प वर्षा से लग रहा था मानों सम्पूर्ण देवलोक प्रसन्ना होकर पुष्प-वर्षा कर रहा है।

# अपनी भूलों के भंवर में कांग्रेस

(शशि शेखर)

जराग्रस्त कांग्रेस को ताजा झटका हिमाचल से लगा है। वहां न केवल राज्यसभा के लिए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा, बल्कि लंबे समय तक इस पर्वतीय प्रदेश में कांग्रेस का चेहरा रहे वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने भी इस्तीफा दे दिया। फिलहाल उन्हें पार्टी ने रोक लिया है, पर क्रॉस वोटिंग करने वाले छह विधायकों को अपनी सदस्यता से हाथ धोना पड़ गया। शिमला में सियासी तापमान इस समय चरम पर है। कांग्रेस अगर इस झंझावात से उबरने में कामयाब हो जाए, तब भी उस तबके में कोई कमी नहीं आएगी, जो इस पार्टी को पुरा ऐतिहासिक साबित करने में जुटा है। ये लोग भूल जाते हैं कि राजनीति सांप-सीढ़ी का विषम खेल है, कोई परिकथा नहीं।

अपनी बात समझाने के लिए मैं आपको 40 साल पीछे ले चलता हूं। उस वर्ष के अंत में हुए आम चुनाव में कांग्रेस ने 414 और भारतीय जनता पार्टी ने महज दो सीटें जीती थीं। क्या तब किसी ने सोचा था कि हर ओर से निंदा के शिकार अटल बिहारी वाजपेयी कुलजमा 12 बरस में देश के प्रधानमंत्री बन जाएंगे और सूर्य की तरह चमकते राजीव महज चार साल में आभा खो बैठेंगे? इससे पहले जिन मोरारजी देसाई और चौधरी चरण सिंह को इंदिरा गांधी ने अलग पार्टी बनाने पर मजबूर कर दिया था, वे भी प्रधानमंत्री की कुरसी तक पहुंचे। इंदिरा गांधी के शुरुआती दौर में ही अपमानित महसूस करने वाले नीलम संजीव रेड्डी तो राष्ट्रपति बन गए थे। यही नहीं, राजीव ने जिन विश्वनाथ प्रताप सिंह को अपमानित कर पार्टी से निकाल दिया था, वह उनके तत्काल बाद प्रधानमंत्री चुने गए।

पता नहीं, आपको याद है या नहीं? 1989 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रमुख चेहरा तो थे, पर उनका रास्ता हमवार न था। शपथ ग्रहण से पहले परदे के पीछे जबर्दस्त द्वंद्व चल रहा था कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा? चंद्रशेखर उन्हें नेता मानने को तैयार न थे। इस कठिन परिस्थिति से उबरने के लिए कुछ सयानों ने सुझाया कि क्यों न हरियाणा के वरिष्ठ नेता चौधरी देवीलाल को प्रधानमंत्री बना दिया जाए? दोनों खेमे इस पर सहमत भी हो गए थे, लेकिन हरियाणा के ताऊ ने ऐन समय पर अकल्पनीय चाल चल दी। अपने नाम की घोषणा होने के बाद उन्होंने माइक संभाला और जो कहा, उससे सभी अचंभित रह गए। उनके शब्द थे कि मैं ताऊ ही बना रहना चाहता हूं, प्रधानमंत्री तो राजा साहब (वी.पी. सिंह) रहेंगे। वहां तत्काल जयघोष गूंजने लगा। यह फैसला जनभावना के अनुकूल था, मगर चंद्रशेखर और उनके साथियों ने इसे दिल पर ले लिया। वह पहले दिन से सरकार गिराने में जुट पड़े। महज 11 महीने के छोटे से अंतराल में अपना मनोरथ पूर्ण करने में वह सफल रहे और अब उनकी बारी थी।

है न गजब! जिस राजीव गांधी को बदनाम कर सत्ता से हटाने वालों के वह सरदार थे, उन्हें दर-बदर कर कुरसी हासिल करने में चंद्रशेखर को राजीव गांधी की मदद मिली। यह बात अलग है कि महज आठ महीनों में कांग्रेस ने उनके पैर के नीचे की कालीन सरका दी।



अब कांग्रेस की बात। यह ठीक है कि 1989 से एक अपवाद को छोड़कर इस पार्टी का वोट बैंक छीजता चला गया है, पर भूलिए मत, आज भी तीन राज्यों में इसकी बहुमत संपन्न सरकार है। झारखंड की हुकूमत में यह हिस्सेदार है और जनवरी के अंत तक बिहार के सत्ता-सदन में भी इसका दखल होता था। 13 राज्यों में इसे प्रमुख विपक्षी पार्टी का दरजा हासिल है। देश के हर जिले में जर्जर ही सही, पर इसका संगठन मौजूद है और वह हमेशा के लिए गर्त में चला गया हो, ऐसा भी नहीं है। देश भर में पार्टी के पास 650 से अधिक विधायक हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में लगभग 12 करोड़ मतदाताओं ने इस पर भरोसा जताया था। कुलजमा 196 लोकसभा सीटों पर यह दूसरे नंबर पर थी।

रही बात राहुल गांधी की, तो यह तय जान लीजिए कि वह आज भी कांग्रेस के सबसे बड़े और लोकप्रिय नेता हैं। यह बात अलग है कि अगर हार का सिलसिला ऐसे ही जारी रहा, तब या तो कांग्रेस बिखर जाएगी अथवा उसे नया झंडाबरदार चुनना होगा। इससे बचने के लिए नेहरू-गांधी परिवार को अपनी ऐतिहासिक कमजोरियों से छुटकारा पाना होगा। उन्हें अपने संदेश का तरीका और नए संदेश-वाहक चुनने होंगे। इंदिरा गांधी के शुरुआती वक्त तक कांग्रेस बड़े क्षत्रपों की पार्टी हुआ करती थी। उसके पास हर राज्य में इतने कद्दावर नेता थे कि वे सत्ता और संगठन, दोनों को संभालने का माद्दा रखते थे। इंदिरा गांधी ने जिस एक नायकवाद की शुरुआत की, उनके वंशज उसी का शिकार बन रहे हैं। उनके पुत्र राजीव गांधी ने भी इसे सुधारने के बजाय बढ़ाने का अनर्थ किया।

राहुल भी राजनीति में अपने पिता की तरह हिचकते हुए आए थे। उनसे उम्मीद थी कि वह इस भूल को सुधारने का सार्थक प्रयास करेंगे। वह ऐसा न कर सके। इन चुनावों से पूर्व मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में पार्टी ने सत्ता हासिल कर ली थी। कायदे से ज्योतिरादित्य सिंधिया को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए था, लेकिन उनकी जगह जराग्रस्त कमलनाथ को कुरसी थमा दी गई। वह अपनी अवधि तक पूरी नहीं कर सके। यही हाल राजस्थान का था। मध्य प्रदेश के साथ ही राजस्थान का चुनाव भी कांग्रेस ने जीता था। उस समय सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हुआ करते थे। उनको दरकिनार कर अशोक गहलोत को सत्ता सौंप दी गई, जबकि गहलोत नई दिल्ली में बतौर महासचिव-संगठन बहुत अच्छा काम कर रहे थे। यह अनघ यहीं नहीं रुका। कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनावों में भी यही दो बुजुर्ग चेहरा बना दिए गए और पार्टी को लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सांघातिक झटका लग गया। राहुल के पास अभी भी वक्त है कि वह तथाकथित पुराने वफादारों से मुक्ति पाएं और नए सिपहसालार नियुक्त करें। ऐसे जुझारू लोगों की कमी नहीं है, जिनके विचार भाजपा से मेल नहीं खाते।

कांग्रेस को नए लोगों के लिए भी दरवाजे खोलने चाहिए। भारतीय जनता पार्टी बिना संकोच इस काम को अंजाम देती है। यह भगवा दल का ही बूता था कि उसने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर रहे देवेंद्र फडणवीस को सत्ता-प्राप्ति के लिए उप-मुख्यमंत्री बनने पर बाध्य कर दिया। नीतीश कुमार इस सिलसिले की अगली कड़ी हैं। कांग्रेस ने भी तेलंगाना में यह प्रयोग किया और वह सत्ता हासिल करने में सफल रही। राहुल क्यों नहीं रेवंत रेड्डी जैसे कुछ और चेहरों पर दांव लगाते?

जहां तक गठबंधनों की बात है, तो इस मामले में भी पार्टी को कहीं लचीला, तो कहीं कठोर रुख अपनाना होगा। भाजपा की परंपरा थी कि वह बाहर से आए लोगों को मुख्यमंत्री नहीं बनाती थी। उसने इससे चिपके रहने के बजाय हिमंत बिस्वा सरमा और एकनाथ शिंदे जैसे लोगों पर दांव लगाया। अगर कांग्रेस इन भूलों में सुधार कर लेती है, तो आने वाले दिनों में उसे बेहतर दिन देखने को मिल सकते हैं। इस लोकसभा चुनाव के लिए तो देर हो चुकी है।




# क्या आपको पता है पुलिस का फुल फॉर्म?

पुलिस ये एक ऐसा शब्द है, जिससे है व्यक्ति अपने बचपन से ही परिचित होता है। सभी जानते हैं कि देश के किसी भी क्षेत्र में होने वाले अपराधों से निपटने में पुलिस अहम भूमिका निभाती है और सुरक्षित समाज के निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा साबित होती है। पुलिस के कर्तव्यों और उनसे मिलने वाली मदद से तो लगभग हर कोई परिचित है लेकिन क्या आप जानते हैं कि बाकी पदों की तरह आखिर पुलिस का फुल फॉर्म क्या होता है। जाहिर सी बात है बहुत कम लोगों को इस बारे में जानकारी होगी।

## सुरक्षित समाज की निर्माता

पुलिस एक ऐसा सुरक्षा बल है, जो देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर पल डटकर खड़ा रहता है। जिस तरह से सेना देश की सीमा पर खड़े होकर बाहरी दुश्मनों से हमारी रक्षा करती है। ठीक उसी तरह से आंतरिक क्षेत्र में मौजूद अनैतिक गतिविधियों से निपटकर, अपराधियों को पकड़ कर समाज और लोगों की रक्षा करती है।

## सितारे दर्शाते हैं पद


पुलिस में महिला और पुरुषों दोनों की ही भर्ती होती है जिन्हें आरक्षी और आरक्षक कहा जाता है। पद के हिसाब से वर्दी पर सितारे अंकित किए जाते हैं। जो ये दर्शाते हैं कि किस पुलिस अधिकारी के पास विभाग का कौन सा पद है। पुलिस विभाग में कार्यरत कांस्टेबल से लेकर उच्च श्रेणी तक के सभी अधिकारियों का काम देश की आंतरिक सुरक्षा होता है।

## जनता की सहायक

पुलिस विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों को देश की सुरक्षा और कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार होता है। देश की कानून व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखना और किसी मामले में परेशान व्यक्ति की मदद करना पुलिस का मुख्य काम है और कोई भी इनसे मदद ले सकता है। किसी भी समस्या से परेशान चल रहा व्यक्ति अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा सकता है।

## पुलिस का पूरा नाम

भारत में पुलिस विभाग की शुरुआत अंग्रेजों द्वारा की गई थी और उसके बाद से आज तक यह देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था का प्रमुख अंग है। पुलिस का फुल फॉर्म पब्लिक ऑफिसर फॉर लीगल इन्वेस्टिगेशन एंड क्रिमिनल इमरजेंसी होता है। नाम से ही जाहिर है कि ये सुरक्षा बल जनता की सहायता के लिए काम करता है।




# ये है दुनिया की 5 अनोखी किताबें, एक है सबसे छोटी तो एक की कीमत है 200 करोड़

**किताबें मनुष्य के जीवन का सबसे अहम और जरूरी हिस्सा है जिसका इंसानी सभ्यता से सदियों पुराना नाता है। किताबों में वर्णित चीजों और ज्ञान से ही व्यक्ति को अपने इतिहास की जानकारी मिलती है और यही वर्षों से इंसानी सभ्यता के आगे बढ़ने की वजह रही है।**

दुनिया में अनगिनत किताबें मौजूद हैं। इसमें धार्मिक से लेकर ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और अन्य विषयों की पुस्तक है, जिनसे मनुष्य सीखता समझता आया है। लेकिन इनमें से कुछ किताबें ऐसी हैं जो बहुत ही अजीबोगरीब है। आज हम आपको कुछ ऐसी ही पुस्तकों की जानकारी देते हैं। दुनिया की इन अनोखी किताबों के बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

## कोडेक्स लेस्टर





यह दुनिया की सबसे महंगी किताब है। आज के समय में अगर भारतीय रुपयों में इसकी कीमत की बात करें तो वह 200 करोड़ से ज्यादा है। 15 वीं शताब्दी में इस किताब को लियोनार्डो द विंची ने लिखा था। 1994 में बिल गेट्स ने इसे 3.08 करोड़ डॉलर में खरीदा था।

## मिस मारपेल कलेक्शन



अगाथा क्रिस्टी की लिखी हुई मिस मारपेल दुनिया की सबसे मोटी किताब है। 8 किलोग्राम वजन किस किताब में 4032 पन्ने है।

## शिकी नो कुसाबाना



यह दुनिया की सबसे छोटी किताब है जो महज 22 पन्नों की है और इसका आकार 0.74 बाय 0.75 है। इसे जापानी भाषा में लिखा गया है और पढ़ने के लिए ग्लासेस का इस्तेमाल करना होता है।

## डायमंड सूत्रा




दुनिया की सबसे पहली और पुरानी प्रिंटेड किताब डायमंड सूत्रा है। बुद्ध और उनके शिष्यों के बीच में संवाद की व्याख्या करने वाली इस पुस्तक को 868 वीं ईस्वी में जापान में छपाई तकनीकी विकसित होने के बाद छापा गया था।

## बाइबिल



दुनिया में अगर अब तक सबसे ज्यादा किसी किताब को पढ़ा गया है, तो वह ईसाई धर्म का ग्रंथ बाइबिल है। दुनिया भर में इस ग्रंथ की अलग-अलग भाषाओं में ढाई से लेकर 5 अरब प्रतियां मौजूद है।
गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली किताब का रिकॉर्ड दिया है।





# प्रकृति का अद्भुत नज़ारा है डेनमार्क का 'ब्लैक सन'

क्या हो जब हजारों पक्षी एक साथ झुंड बनाकर आसमान में उड़ रहे हों? ये नजारा देखने के लिए डेनमार्क में लोगों की भीड़ पड़ती है क्योंकि हज़ारों पक्षियों का एक साथ उड़ना किसी 'काले सूरज' जैसा प्रतीत होता है। जी हां, डेनमार्क का 'ब्लैक सन' इसलिए ही कहा जाता है क्योंकि यहां सूरज ढलने के समय एक साथ हजारों पक्षी उड़ान भरते हुए नज़र आते हैं। वे आसमान में अलग-अलग के फॉर्मेशन बनाते हुए दिखते हैं। इसके साथ ही कई बार वे सूरज को पूरी तरह से ढंक देते हैं। ये नज़ारे जुटलैंड में वैडन सी के बाद राइब आइलैंड में या टोंडर मार्शलैंड्स में देखने को मिलते हैं। मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है कि ये नज़ारा कितनी देर तक दिखेगा। वैसे आमतौर पर 20-30 मिनट ये अनोखा अनुभव लिया जा सकता है। मार्च से अप्रैल के बीच और सितंबर से अक्टूबर के बीच, दो बार यह अद्भुत दृश्य देख सकते हैं।



# ये है दुनिया की सबसे महंगी डॉग ब्रीड्स, खरीदने की लिए खर्च करने होंगे लाखों रुपए

लोगों के बीच जब भी वफादारी की बात निकलती है तो हर किसी की जुबान पर सबसे पहले कुत्ते का नाम सामने आता है। आए भी क्यों ना क्योंकि इन्हें सदियों से सबसे वफादार जानवर के रूप में पहचाना जाता है। इंसान के इस सबसे करीबी दोस्त कि कई तरह की नस्लें दुनिया भर में मिलती है। लोग अपनी पसंद के अनुसार इन्हें अपने घर का सदस्य बनाना पसंद करते हैं।
दुनिया में अलग अलग किस्म की कई डॉग ब्रीड हैं, जिन्हें बहुत पसंद किया जाता है। यह सब अपनी अलग-अलग खासियतों के चलते पहचाने जाते हैं। कोई अपने लंबे तो कोई छोटे कद के लिए प्रसिद्ध है। तो कोई क्यूटनेस के चलते लोगों के बीच पहचाना जाता है। आज हम आपको दुनिया की सबसे महंगी ब्रीड बारे में बताते हैं जिन्हें खरीदने के लिए बड़ी रकम खर्च करना होगी।

## तिब्बतन मस्तिफ डॉग

तिब्बतन मस्तिफ तिब्बत में पाया जाने वाला एक डॉग है। इसके शरीर पर बाल काफी ज्यादा होते हैं और दूर से देखने पर यह बब्बर शेर की तरह नजर आता है। इसकी कीमत की बात की जाए तो वह लगभग 11 करोड़ रुपए है।

## फराओ हाउंड

ये डॉग्स देखने में काफी मासूम लगते हैं। इस ब्रीड में मेल डॉग की हाइट फीमेल डॉग से ज्यादा लंबी होती है। इनकी आंखे और कान सबसे ज्यादा अट्रैक्टिव होते हैं। इनकी कीमत 5 लाख रुपए है।

## रॉटविलर

यह दुनिया भर में डॉग की सबसे फेमस प्रजाति है और इसे पुलिस में भी शामिल किया जाता है। यह प्रजाति कई देशों की पुलिस के साथ मिलकर अपराधियों को पकड़ने का काम कर रही है। इसे खरीदने के लिए पोने दो लाख खर्च करने होंगे।

## जर्मन शेफर्ड

सबसे महंगे डॉग की इस लिस्ट में जर्मन शेफर्ड नस्ल भी शामिल है। जो देखने में तो खतरनाक लगते हैं लेकिन यह काफी फ्रेंडली भी होते हैं।

## अकिता

इस नस्ल के डॉग नॉर्थ जापान के पहाड़ों पर पाई जाने वाली बड़े डॉग्स की ब्रीड है। इनकी कीमत 32 हजार से शुरू होती है, जो 2 लाख तक जाती है।

## चाउ चाउ

यह चीनी नस्ल का डॉग है जो देखने में बहुत सुंदर लगता है। इसका मुंह छोटा सा होता है, जो बालों के बीच छिप जाता है। इसे खरीदने के लिए आपको 2 लाख रुपए खर्च करने होंगे, जो इनकी शुरुआती कीमत है।

## एस्किमो

ये कैनेडियन नस्ल का डॉग है। इनका मुंह थोड़ा लम्बा होता है और ये बच्चों के साथ काफी फ्रेंडली होते हैं। इनकी कीमत 4 लाख से शुरू होती है।

## सालुकी

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस ब्रीड को सबसे पुराना बताया जाता गई। इन डॉग्स की हाइट काफी लंबी होती है और ये स्लिम होते हैं। इनका चेहरा और कान भी लंबे होते हैं। इस डॉग की शुरुआती कीमत भी लाखों रुपए है।






**बीते 32 सालों से अमेरिका के एक प्लेन के गायब होने और उसके वापस लौटने की कहानी दुनियाभर में मीडिया की सुर्खियां बन चुकी हैं। कहानी कुछ यूं है कि 1955 में पैन अमेरिका का एक प्लेन फ्लाइट नंबर- 914 उड़ान के दौरान अचानक गायब हो गया। लेकिन वह प्लेन ठीक 37 साल बाद 1992 में लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला की राजधानी काराकास के एयरपोर्ट पर लैंड करता है। लेकिन हाल ही में कई फेक खबरों का सच जानने वाली न्यूज साइट्स ने इस पूरी कहानी पर से पर्दा उठाया है।**

# 37 साल से गायब विमान अचानक एयरपोर्ट पर किया लैंड सालों पहेली बनी इस खबर का सच

रहस्यों से दुनिया भरी पड़ी है, लेकिन कुछ ऐसे रहस्य जिनको समझ पाना बेहद मुश्किल लगता है। दुनियाभर में कई ऐसे रहस्य हैं जिनकी गुत्थी आज तक वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए हैं। इस कड़ी में हम आपको एक ऐसे रहस्य के बारे में बताएंगे जिनके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इसके साथ ही इस रहस्य पर यकीन करना भी नामुमकिन लगता है। दुनिया के बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी इस रहस्य की वजह से हैरत में पड़ गए थे। करीब 67 साल पहले सन 1955 में भी एक ऐसी ही रहस्यमयी घटना घटी थी। यह घटना अमेरिका के एक ऐसे रहस्यमयी विमान से जुड़ी है जिसने उड़ान भरने के करीब 30 साल बाद दूसरे देश में लैंड किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह विमान लैंड करने के बाद फिर लापता हो गया।
मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि 2 जुलाई 1955 को फ्लाइट 914 ने अमेरिका के न्यूयॉर्क से मयामी के लिए उड़ान भरा था जिसमें कुल 57 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स थे। लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि न्यूयॉर्क से उड़ान भरे के बाद और मयामी पहुंचने से पहले ये जहाज आसमान में ही लापता हो गया। अमेरिका ने उस दौरान इस जहाज को खोजने की बहुत कोशिश की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इस समय हवाई जहाज को न्यूयॉर्क से मयामी जाने में करीब साढ़े तीन घंटे लगते हैं। 1955 में विमान से न्यूयॉर्क से मयामी जाने में अधिक से अधिक पांच घंटे का समय लगता था।
उस समय पूरी दुनिया में हैरत में पड़ गई जब साल 1955 में लापता विमान फ्लाइट 914, 30 साल बीतने के बाद 9 मार्च 1985 को रहस्यमयी तरीके से वेनेजुएला के कारकास एयरपोर्ट पर लैंड किया। इस विमान बारे में एर ट्रैफिक कंट्रोल को भी कोई जानकारी नहीं थी। लैंडिंग के कुछ ही देर बाद इस विमान ने फिर से फिर उड़ान भरी और आसमान में गायब हो गया।
मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक, काराकास एयरपोर्ट पर जहाज के लैंडिंग के बाद पायलट ने वहां के स्टाफ से पूछा कि यह कौन सा साल है? ग्राउंड स्टाफ ने पायलट को बताया कि यह साल 1985 है। यह सुनते ही विमान के पायलट लंबी लंबी सांस लेने लगे और कहा किओह! माई गॉड। इसके बाद विमान ने एक बार फिर उड़ान भरी और आसमान में लापता हो गया।
21 मई 1992 में अमेरिका के एक लोकल न्यूज पेपर प्लेन के गायब होने और वापस आने की खबर पब्लिश करता है। यहीं से इसकी शुरुआत होती है। हैडलाइन थी प्लेन की पहेली। नीचे लिखा होता था, 1955 में उड़ान भरने वाला प्लेन 1985 में वापस आया। खबर आग की तरह फैलती है। लोग इसपर भरोसा करने लगते हैं। अफवाहों का दौर शुरू हो जाता है, कहा जाता है कि प्लेन बरमुडा ट्राएंगल से वापस लौटकर आ गया तो कुछ इसे दूसरी दुनिया से जोड़कर देखने लगते हैं।

## दुनिया में आग की तरह फैली खबर

न्यूज पेपर में पब्लिश होने के बाद ये खबर दुनियाभर में फैल जाती है। इंटरनेट पर लोग इसे अलग-अलग तरीके से पेश करते हैं। कुछ लोग सवाल उठते हैं कि आखिर इतने समय से ये प्लेन कहां था? अगर ये उड़ रहा था?, तो इसका ईंधन खत्म क्यों नहीं हुआ?, क्या ये किसी खुफिया मिशन पर था?, इन तमाम कयासों के बीच खबर आती है कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स से मिली वॉयस रिकॉर्डिंग इस बात का सबूत है।

## बातचीत रिकॉर्डिंग को बताया जाता है सबूत!

पायलट कहता है, हम कहां है? एयर ट्रैफिक कंट्रोल से आवाज आती है, ये वेनेजुएला है, आप कहां से आए हैं? पायलट जवाब देता है, हम न्यूयॉर्क से आए हैं और ये फ्लाइट नंबर-914 है, मियामी फ्लोरिडा के लिए। कंट्रोल पैनल से आवाज आती है, तुम इतनी बड़ी गलती कैसे कर सकते हो? तुम 2000 किलोमीटर गलत कैसे आ गए? इसके बाद कंट्रोल पैनल पर बैठा शख्स डायरी चेक करता है, तो पता चलता है कि जिस प्लेन का जिक्र किया जा रहा है, उसने 1955 में आखिरी उड़ान भरी थी। कंट्रोल पैनल कंफ्यूजन में प्लेन को उतरने की इजाजत देता है। बताया जाता है कि जब अफसर उसकी जांच के लिए पहुंचते हैं, तब तक प्लेन गायब हो जाता है।

## क्या है इसका सच

हालांकि इस खबर को फर्जी होने की वजह किसी भी प्रॉमिनेंट न्यूजपेपर ने पब्लिश नहीं किया। ये कहानी पूरी तरह से महज एक कल्पना थी।


## संक्षिप्त समाचार

### अमिताभ बच्चन के पास हैं –डीपी वायर्स कंपनी के 298545 शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे सुपरस्टार हैं जिनकी दिलचस्पी शेयर बाजार में है। कुछ एक्टर्स तो शेयर बाजार में निवेश कर कमाई भी कर रहे हैं। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी शेयर बाजार में दांव लगाकर कमाई करते हैं। अमिताभ बच्चन के पोर्टफोलियो में चर्चित शेयर-डीपी वायर्स का है। इस कंपनी में अमिताभ बच्चन की हिस्सेदारी एक फीसदी से ज्यादा की है। बीते शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के दौरान डीपी वायर्स के शेयर पर निवेशक टूट पड़े थे। सप्ताह के इस आखिरी कारोबारी दिन शेयर की कीमत 538.10 रुपये थी। एक दिन पहले की क्लोजिंग के मुकाबले शेयर में 2.09 प्रतिशत की तेजी थी। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 548 रुपये तक गई थी। बता दें कि 17 नवंबर 2023 को शेयर की कीमत 677.80 रुपये तक गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी था। हालांकि, इसके बाद मुनाफावसूली आई और फरवरी 2024 में शेयर 452 रुपये तक लुढ़का। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। बिग बी के नाम से मशहूर अमिताभ बच्चन के पास डीपी वायर्स के 2,98,545 शेयर हैं। यह 1.93 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। हालांकि सितंबर तिमाही के मुकाबले देखें तो अमिताभ बच्चन ने अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। सितंबर 2023 तिमाही में डीपी वायर्स के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार अमिताभ बच्चन के पास कंपनी के 1,99,310 शेयर थे जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 1.47 प्रतिशत था। इससे पहले अप्रैल से जून 2023 तिमाही में अमिताभ बच्चन के पास डीपी वायर्स के 2,81,112 शेयर थे, जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 2.07 प्रतिशत था। कहने का मतलब है कि अमिताभ बच्चन समय-समय पर इस शेयर में मुनाफावसूली भी करते रहे हैं।


### विराट कोहली के दांव वाली कंपनी का आ रहा आईपीओ, सेबी की मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार को रेग्युलेट करने वाली संस्था भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गो डिजिट के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को मंजूरी दे दी है। गो डिजिट के आईपीओ को दूसरे प्रयास में मंजूरी मिली है। बता दें कि गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड को कनाडा स्थित फेयरफैक्स ग्रुप का समर्थन प्राप्त है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के मुताबिक गो डिजिट के प्रस्तावित आईपीओ में 1250 करोड़ के शेयरों का एक फ्रेश इश्यू है। इसके अलावा आईपीओ में प्रमोटर गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 10.94 करोड़ शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी के पूंजी आधार को बढ़ाने, सॉल्वेंसी स्तर को बनाए रखने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। गो डिजिट के प्रमुख निवेशकों में क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी प प्रतिशती अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। इन दोनों सेलिब्रेटी ने फर्म में निवेश किया है।

# टाटा मोटर्स का शेयर 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा

▶▶ कारोबार के दौरान आई करीब आठ फीसदी तेजी ▶▶ पीवी और सीवी बिजनस अलग-अलग करेगी कंपनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स का शेयर आज करीब आठ फीसदी तेजी के साथ 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी अपने पैंसेजर वीकल और कमर्शियल वीकल बिजनस को अलग करने जा रही है। इससे कंपनी के शेयरों में आज काफी तेजी दिखाई दी और यह 7.9 प्रतिशत तेजी के साथ 1065.60 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। दोपहर बाद 1.45 बजे यह 3.17 प्रतिशत तेजी के साथ 1018.50 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इन्वेस्टर्स प्रस्तावित डिमर्जर से बेहतर वैल्यू डिस्कवरी की उम्मीद कर रहे हैं। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। इस साल इसमें 30 फीसदी से अधिक तेजी आई है।

डिमर्जर में 12 से 15 महीने का समय लग सकता है। इसके बाद बनने वाली टाटा मोटर्स पीवी का पैंसेजर वीकल सेगमेंट में सीधा मुकाबला मारुति, हुंडई और महिंद्रा एंड महिंद्रा से होगा। इस सेगमेंट में मारुति लीडर है। दूसरी ओर सीवी यानी कमर्शियल सेगमेंट में टाटा मोटर्स के आगे अशोक लीलैंड की चुनौती होगी। जानकारों का कहना है कि डिमर्जर से टाटा मोटर्स के शेयरों में बेहतर वैल्यू डिस्कवरी देखने को मिलेगी। डिमर्जर के बाद कंपनी के शेयरहोल्डर्स को दोनों लिस्टेड कंपनियों में समान शेयरहोल्डिंग रहेगी।

### कहां से आता है सबसे ज्यादा रेवेन्यू

एमके ग्लोबल के चिराग ग्लोबल ने कहा कि टाटा मोटर्स की डिमर्जर की योजना मैनेजमेंट के इस भरोसे को दिखाती है कि दोनों कंपनियों अलग–अलग काम कर सकती हैं। ऐतिहासिक रूप से देखें तो कमर्शियल वीकल बिजनस का कैश फ्लो बेहतर रहा है जबकि पैसेंजर वीकल सेगमेंट को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। दिसंबर तिमाही में टाटा मोटर्स का रेवेन्यू 1.1 लाख करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का मार्केट कैप करीब 3,39,237 करोड़ रुपये है जबकि घरेलू मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 13.8 फीसदी है। लेकिन इसके रेवेन्यू में 70 फीसदी हिस्सेदारी जगुआर लैंड रोवर की है। कमर्शियल वीकल्स की 18 फीसदी और पैसेंजर वीकल्स की 12 फीसदी हिस्सेदारी है।

# अनार की अच्छी पैदावार से किसान और व्यापारियों की बल्ले-बल्ले, दिल्ली की आजादपुर मंडी भी गुलजार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इस बार अनार की अच्छी पैदावार हुई है। अब अनार का एक्सपोर्ट अमेरिका समेत कई देशों में हो रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले दिनों ङ्ग पर लिखा कि अमेरिका के लिए स्वाद और सेहत का उपहार, भारत से रवाना हुए रसदार अनार। कृषि निर्यात निकायएपीडा के मुताबिक 4,200 बक्शे (12.6 टन) अनार का शिपमेंट 28 फरवरी को भेजा गया है। दिल्ली में भी अच्छी क्वालिटी का अनार आ रहा है। आजादपुर मंडी में न्यू अनार मर्चेंट असोसिएशन के सदस्य प्रवीण बघाई ने बताया कि अनार की अच्छी पैदावार से किसान और व्यापारी दोनों उत्साहित हैं। इस समय कच्छ और भुज से अनार आ रहा है। फिर मई जून से महाराष्ट्र से आएगा, जो पूरे साल रहेगा। कच्छ-भुज से पहले राजस्थान से दिल्ली में अनार आ रहा था।

प्रवीण ने बताया कि 3-4 साल पहले महाराष्ट्र में काफी बरसात हुई। वहां के पेड़ पौधे खत्म हो गए। दो-तीन साल मार्केट में अनार कम हो गया था। बाद में किसानों ने अनार की फसल तैयार की। महाराष्ट्र के अनार की क्वालिटी भी काफी अच्छी मानी जाती है। इसका दाना बढ़िया होता है। इसी तरह राजस्थान का अनार भी पसंद किया जाता है। कच्छ-भुज के अनार का बीच छोटा और रसीला होता है। फिर भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का माल महाराष्ट्र से जाता है। आजादपुर मंडी में अनार की औसतन 30 गाड़ियां रोजाना आ रही हैं। एक गाड़ी में 15 से 20 टन माल होता है। मंडी में 20 से 100 रुपये किलो अनार बेचा जा रहा है। रिटेल मार्केट में दुकानदार माल, क्षेत्र और ग्राहक के हिसाब से रेट तय करते हैं। आजादपुर मंडी में 80 से 100 आढ़ती हैं। द चेंबर ऑफ आजादपुर फ्रूट एंड वेजिटेबल असोसिएशन के महासचिव राजकुमार भाटिया ने बताया कि अच्छे साल में अच्छी फसल की बात करें, तो किसान को अनार की खेती में 3 से 5 लाख रुपये प्रति एकड़ की सकल आय प्राप्त होती है। ये किसी भी अन्य फसल से अधिक है। महाराष्ट्र के किसानों की समृद्धि में अनार और अंगूर प्रमुख हैं। देश में अनार की अलग-अलग किस्में महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होती हैं। भगवा किस्म का अनार ज्यादा बिकता है। एक दशक में राजस्थान और गुजरात के तीन चार जिलों में अनार की फसल बढ़ी है। इससे पहले देशी अनार राजस्थान के कुछ क्षेत्रों और हरियाणा के हिसार में होता था। हिसार यूनिर्वसिटी से पौध हर जगह जाती थी, लेकिन इसकी खूबसूरती कम थी। फिर 80 के दशक में पूसा इंस्टीट्यूट ने अफगानिस्तान के विकल्प के रूप में अनार और अंगूर की खेती को महाराष्ट्र में बढ़ावा दिया था। हिमाचल की कुल्लू बेल्ट के अनार भी उत्तर भारत में कई जगह पहुंचते हैं। सीजन का साइकल नवंबर से अगस्त तक एक जैसा रहता है।

देश में अनार का क्षेत्रफल 2,76,000 हेक्टेयर, उत्पादन 31,03,000 मीट्रिक टन है। अनार की खेती मुख्य रूप से महाराष्ट्र के पुणे, अहमदनगर, पुणे, सांगली, सोलापुर और वाशिम में होती है। अभी महाराष्ट्र में अनार की फसल के तहत 73,027 हेक्टेयर क्षेत्र कवर है। वहीं राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक में इसकी खेती की जाती है।

### 62,280 मीट्रिक टन अनार का निर्यात

साल 2022-23 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बांग्लादेश, नेपाल, नीदरलैंड, सऊदी अरब, श्रीलंका, थाईलैंड, बाहरीन, ओमान सहित देशों में 58.36 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के 62,280 मीट्रिक टन अनार का निर्यात किया गया है। भारत दुनिया में अनार के उत्पादन में सातवें स्थान पर है।

# कारोबारी गतिविधियों, बिक्री में नरमी के चलते फरवरी में सर्विस सेक्टर की वृद्धि सुस्त पड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है।

सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा, हालांकि यह पहले के मुकाबले थोड़ा कमजोर पड़ गया।

# इंश्योरेंस पॉलिसी लेने वालों को होगा फायदा, सरेंडर चार्ज में हो सकते हैं बदलाव




**मुंबई, एजेंसी।** इंश्योरेंस रेग्यूलेटर इरेडा प्रस्तावित सरेंडर चार्जेज को तर्कसंगत बनाने पर विचार करने के लिए तैयार हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित सरेंडर वैल्यू के दो पहलुओं पर इसे तर्कसंगत बनाने की दिशा में काम चल रहा है। लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने लॉग- टर्म, शॉर्ट-टर्म सरेंडर वैल्यू को अलग अलग करने की सिफारश की है। सूत्रों के अनुसार आईआरडीएआई सरेंडर वैल्यू को कैलकुलोन के लिए लिमिट में कटौती पर भी विचार कर सकता है। अगर लिमिट कम कर दी जाती है तो सरेंडर वैल्यू भी कम हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बीमा नियामक की मार्च में होने वाली बोर्ड की बैठक में प्रस्तावित सरेंडर वैल्यू को तर्कसंगत बनाने के कदमों पर विचार किए जाने की संभावना है।

नए नियमों के प्रस्ताव के तहत बीमा कंपनियों को उन कस्टमर्स को भुगतान किए जाने वाले अमाउंट में बढ़ोतरी करनी होगी जो अपनी योजना को जल्दी बंद करने का विकल्प चुनते हैं। इससे निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास कम बिक्री या कम मुनाफे का विकल्प है। यदि बीमा कंपनी कमीशन में कटौती करके हाईयर पेआउट का विकल्प चुनती है, तो यह पॉलिसी की बिक्री को प्रभावित कर सकता है। यदि वे अपना कमीशन बनाए रखते हैं तो उन्हें पॉलिसी से मिलने वाली आमदनी का नुकसान होगा।

इस कदम का मकसद इंश्योरेंस कंपनियों को पहले साल में कमीशन के चक्कर में गलत बिक्री पर अंकुश लगाना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि बीमा कंपनी अपनी क्षमता को बनाए रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश करें। कंपनियों की दलील कंपनियों की दलील प्रस्ताव में सरेंडर वैल्यू में ज्यादा बढ़ोतरी और सरेहर चार्ज में कमी की बात कही गई अगर ये लागू हुआ तो लाइक इश्योरेंस कंपनियों की तरफ से अपने पॉलिसीहोल्डर्स को दी जाने वाली सरेंडर वैल्यू लगभग दोगुनी हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी के सरेंडर करने पर इंश्योरेंस कंपनियां सरेंडर चार्ज काटती हैं, क्योंकि वे पॉलिसी बेचने की अपनी सभी कॉस्ट को पहले ही बुक करती है। ऐसे मामले है जब पहले वर्ष के प्रीमियम का 75 प्रतिशत अलग-अलग कॉस्ट पर जाता है। इनमें कॉरपोरेट एजेंट (आमतौर पर बैक या पर्सनल एजेंट को पे किया जाता है। एक दशक पहले रेगुलेटर ने यूलिप पर चार्ज की अधिकतम सीमा तय की थी।

# आरबीआई के फैसले के बाद आईआईएफएल फाइनेंस के शेयर में लगा 20 प्रतिशत लोअर सर्किट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय बैंक आरबीआई की कार्रवाई ने आईआईएफएल फाइनेंस के शेयरों पर तगड़ी स्ट्राइक की है। आरबीआई ने इसे तत्काल गोल्ड लोन बांटने से रोक दिया है जिसके चलते शेयरों को तगड़ा झटका लगा है। आज कारोबार की शुरुआत होते ही इसके शेयर 20 फीसदी टूटकर लोअर सर्किट पर आ गए। मार्केट में इसके शेयरों का एक भी खरीदार नहीं है जिसके चलते सर्किट खुल नहीं पा रहा है और यह 478.50 रुपए के भाव पर बना हुआ है। पिछले साल इसके शेयर 16 अक्टूबर 2023 को एक साल के हाई 704.20 रुपए और 14 मार्च 2023 को एक साल के निचले स्तर 408.40 रुपए पर थे।

### आरबीआई ने क्यों की कार्रवाई

आरबीआई ने सुपरवाइजरी से जुड़ी चिंताओं के चलते आईआईएफएल फाइनेंस पर गोल्ड लोन बांटने पर रोक लगा दिया है। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो चुका है। इस मामले में कंपनी ने सफाई पेश की है कि आरबीआई ने जो आपत्तियां जताई हैं, उस पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा और गोल्ड लोन सर्विसेज में दिक्कत नहीं आने दिया जाएगा। आईआईएफएल फाइनेंस का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो दिसंबर 2023 तिमाही में सालाना आधार पर 35 फीसदी उछलकर 24,692 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह देश के 25 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 2721 नगरों और शहरों में गोल्ड लोन मुहैया कराता है।

### ब्रोकरेज का क्या है रुझान

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने आरबीआई की कार्रवाई के बावजूद इसकी खरीदारी की रेटिंग को बरकरार रखा है। इसका टारगेट प्राइस 765 रुपए फिक्स किया है। ब्रोकरेज के मुताबिक आरबीआई ने स्पेशल ऑडिट और रेक्टिफिकेशन प्रोसेस के बाद आईआईएफएल फाइनेंस पर प्रतिबंध लगाया है जिससे इसकी कमाई पर निगेटिव असर पड़ सकता है।

# बिटकॉइन की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंची

एक साल में 200 प्रतिशत चढ़ चुकी है यह क्रिप्टोकरेंसी

### साल 2010 में मात्र 0.008 डॉलर थी इसकी कीमत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे लोकप्रिय, सबसे पुरानी और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। 10 नवंबर, 2021 को 68,789 डॉलर पर पहुंचने के बाद इसकी कीमत में काफी गिरावट आई थी। लेकिन हाल के दिनों में इसमें काफी तेजी देखी जा रही है। सोमवार को ट्रेड के दौरान यह 68,791 डॉलर पर पहुंच गई। अमेरिका में कई बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी मिली है जिसके बाद एक बार फिर निवेशकों का रुख इस ओर हुआ है। पहले 11 स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ जनवरी में लॉन्च हुए थे जो इस क्रिप्टोकरेंसी की रियल-टाइम मार्केट प्राइस को ट्रैक करते हैं।

बिटकॉइन की कीमत में पिछले एक साल में 200 परसेंट से अधिक तेजी आई है। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में बिटकॉइन की आधी से अधिक हिस्सेदारी है। बिटकॉइन दुनिया की सबसे पुरानी क्रिप्टोकरेंसी है। इसे 2009 में लॉन्च किया गया था। साल 2010 में इसकी कीमत 0.008 डॉलर थी। यानी एक डॉलर में आप 125 बिटकॉइन खरीद सकते थे। अगर तब आपने यह निवेश किया होता तो आज आपके निवेश की वैल्यू 81 लाख डॉलर यानी 67,17,01,000 रुपये होती।

### क्यों चढ़ रही है कीमत

बिटकॉइन में तेजी के कई कारण हैं। अमेरिका में हाल में कई बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी मिली है। इसके बाद से इसके वॉल्यूम में गजब की तेजी आई है। आने वाले दिनों में बिटकॉइन को दो हिस्सों में बांटने की भी तैयारी है। साथ ही कई जियोपॉलिटिकल कारणों से इन्वेस्टर्स अपने पोर्टफोलियो को डाइवरसिफाई करना चाहते हैं। यही वजह है कि वे बिटकॉइन का रुख कर रहे हैं जिसे डिजिटल इन्वेस्टमेंट का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। बिटकॉइन के वर्चुअल क्रिएटर सतोशी नाकामोतो ने 28 अक्टूबर, 2008 को इसका व्हाइटपेपर जारी किया था लेकिन इसकी मिंट डेट तीन जनवरी, 2009 थी।

# जिस कंपनी में किया कर्मचारी की तरह काम उसी की बन गईं फाउंडर! अब करोड़ों का पैकेज

**नई दिल्ली, एजेंसी। आकृति चोपड़ा की सफलता लाखों-लाख को इंस्पायर करती है। वह 2011 में बतौर कर्मचारी जोमैटो से जुड़ी थीं। 10 साल में आकृति इसी कंपनी की सह-संस्थापक बन गईं। उनकी पहचान भारत की फूड-टेक क्वीन के तौर पर भी होती है। जोमैटो से पहले आकृति ने पीडब्ल्यूसी में चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर के तौर पर भी काम किया। वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। आकृता दिल्ली के लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमन से ग्रेजुएट हैं। जमी-जमाई नौकरी छोड़कर जोमैटो से जुड़ने का फैसला पूरी तरह से उनका था। इस फैसले का माता-पिता ने विरोध भी किया। लेकिन, आकृति ने उन्हें मना लिया। आइए, यहां उनके सफर के बारे में जानते हैं।**

### आज को-फाउंडर हैं आकृति



आकृति चोपड़ा अभी जोमैटो में चीफ पीपुल ऑफिसर और को-फाउंडर हैं। इस कंपनी का मूल्य 17 अरब डॉलर से ज्यादा है। जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने एक इंटरव्यू में पिछले एक दशक में कंपनी के प्रति आकृति की अटूट प्रतिबद्धता और योगदान के लिए उनकी जमकर तारीफ की थी। कंपनी के साथ उनके जुड़े रहने के दौरान मजबूत फाइनेंशियल टीम बन पाई।

### तेजी से एक-एक पायदान चढ़ती गईं


जोमैटो में रहते हुए आकृति चोपड़ा ने लीगल, गवर्नेंस, रिस्क और कम्प्लायंस सहित अलग-अलग टीमों को हैंडल किया। वह 2011 में सीनियर मैनेजर (फाइनेंस एंड ऑपरेशंस) के तौर पर कंपनी में शामिल हुई थीं। फिर वह कंपनी के भीतर ही तेजी से एक-एक पायदान बढ़ती गईं। 2012 में वह वीपी (फाइनेंस एंड ऑपरेशंस) बन गईं। 2020 में आकृति सीएफओ की भूमिका में आ गईं। 2021 में उन्हें को-फाउंडर और चीफ पीपुल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया।

### करोड़ों का पैकेज

1988 में जन्मीं आकृति चोपड़ा गुरुग्राम में रहती हैं। उन्होंने डीपीएस, आरके पुरम से पढ़ाई की और एलएसआर से बीकॉम पूरा किया। जोमैटो ज्वाइन करने से पहले उन्होंने पीडब्ल्यूसी में तीन साल नौकरी की थी। 2021 में जब जोमैटो का आईपीओ आया था तब आकृति के इएसओपी शेयरों का मूल्य 149 करोड़ रुपये आंका गया था। यह तो नहीं पता कि उन्होंने इन शेयरों को बेचने का विकल्प चुना या नहीं। लेकिन, वह सबसे अधिक शेयर मूल्य वाले कर्मचारियों में से एक थीं। इसके अलावा 2021 में उनका सालाना वेतन 1.63 करोड़ रुपये था। आकृति चोपड़ा ने ब्लिंकिट के संस्थापक अलबिंदर ढींडसा से शादी की है। ब्लंकिटि का बाद में जोमैटो ने अधिग्रहण कर लिया था।

### कई पुरस्कारों से कयिा जा चुका है सम्मानित

आकृति को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें 2017 में फोर्ब्स इंडिया की 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया था। उन्हें 2018 में वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार से भी नवाजा गया था। अपनी मेहनत और समर्पण से उन्होंने कंपनी को भारत में अग्रणी ऑनलाइन फूड डिस्ट्रीब्यूशन सर्विस में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



# मुझे बॉलीवुड में जाने की कोई जल्दी नहीं है

धीरज धूपर टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। उन्होंने जी टीवी के हिट शो कुंडली भाग्य में काम किया था। दर्शकों ने उन्हें इस शो में काफी सराहा भी था। आने वाले दिनों में वे सीरियल रब से है दुआ में दिखाई देने वाले हैं। धीरज अपने इस शो को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में अपने नए शो के प्रमोशन के दौरान उन्होंने इस सीरियल में अपने किरदार और बॉलीवुड में अपने डेब्यू के बारे में कई खुलासे किए।

### रब से है दुआ के लिए सीख रहें उर्दू

धीरज धूपर जी टीवी के आगामी शो रब से है दुआ में अहम भूमिका निभाते दिखाई देने वाले हैं। यह शो मुस्लिम समुदाय पर आधारित है। धीरज अपने शो के बारे में बात करते हुए कहते हैं, मैंने आज तक जितने भी किरदार निभाए हैं उन सबसे काफी अलग किरदार निभाने का मौका मुझे इस शो में मिल रहा है। मैं सुभान सिद्दीकी का किरदार निभा रहा हूं और इस किरदार के लिए मैं उर्दू सीख रहा हूं। मेरे लिए इस सीरियल में काम करना काफी रोमाचंक अनुभव रहा है।

### टीवी के शाहरुख बन खुश हैं

धीरज धूपर ने सीरियल कुंडली भाग्य में अपने छह साल तक काम किया था। इस शो के बारे में बातें करते हुए धीरज कहते हैं, मेरे लिए मेरे फैंस की खुशी सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। करण लूथरा के किरादर में मुझे दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और मैं वही प्यार शो रब से है दुआ के किरदार सुभान के लिए भी चाहता हूं। दर्शक मुझे टेलीविजन का शाहरुख खान कहते हैं और मेरे लिए यह खुशी की बात है।

### टेलीविजन इंडस्ट्री के लिए है सम्मान

धीरज धूपर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं आज जहां हूं और जिस तरह का रोल कर रहा हूं मैं उससे काफी संतुष्ट हूं। मुझे बॉलीवुड में जाने की कोई जल्दी नहीं है। टेलीविजन इंडस्ट्री ने मुझे पहचान दी है और मैं इस इंडस्ट्री का काफी सम्मान करता हूं। मैं टेलीविजन का सलमान खान बनना चाहता हूं।



# सारा की सशक्त अदाकारी का संकेत है ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर

**सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली है। दिलचस्प बात यह है कि मार्च महीने में सारा अली खान की दो फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाली है। 15 मार्च के दिन नेटफ्लिक्स पर उनकी मर्डर मुबारक आएगी। वहीं 21 मार्च के दिन स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता पर आधारित ऐ वतन मेरे वतन स्ट्रीम होगी।**

ऐ वतन मेरे वतन में उषा मेहता की कहानी दिखाई जाएगी। उषा, महात्मा गांधी से बहुत ज्यादा प्रभावित थीं। उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन शुरू किया था। अधिकारी उन्हें पकड़ न लें इस डर से वह हर दिन रेडियो स्टेशन की जगह बदलती रहती थीं। वह रेडियो पर महात्मा गांधी सहित देश के प्रमुख नेताओं के रिकॉर्ड किए गए संदेश बजाती थीं। तीन माह तक प्रसारण करने के बाद अंतत- अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ लिया और चार साल तक जेल में बंद रखा। ट्रेलर की शुरुआत रेडिया से होती है। पहले रेडिया की और फिर रेडियो चलाने वाली 22 साल की उषा (सारा अली खान) की झलक दिखाई जाती है। पीछे स्वतंत्रता सेनानी की आवाज सुनाई देती है और स्क्रीन पर अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को दिखाया जाता है।

उषा अंग्रेजों से लड़ने से पहले अपनों से लड़ती है। उन्हें समझाती और एकजुट करने की कोशिश करती है। वह भारत को आजादी दिलाने में मदद करने के लिए गुपचुप तरीके से एक रेडियो स्टेशन खोलती है। यह रेडियो स्टेशन भारत छोड़ो आंदोलन की आग को हवा देने का जरिया बनता है और अंग्रेजों की नाक में दम कर देता है। ऐसे में अंग्रेज अपना सारा दम लगाकर रेडियो स्टेशन और उषा को ढूंढ निकालते हैं। वह उस पर खूब अत्याचार करते हैं। ट्रेलर देखने के बाद लोग सारा अली खान की तारीफ कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ये सारा अली खान के करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस है। इतना ही नहीं, वे इमरान हाशमी की भी प्रशंसा कर रहे हैं। जी हां, इस फिल्म में इमरान हाशमी का स्पेशल अपीयरेंस है। लोग उनके लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।



# फरहान अख्तर की डॉन 3 में कियारा आडवाणी वसूल रही हैं मोटा पैसा

कियारा आडवाणी के हाथ में दो एक्शन फिल्में हैं, जिनके लिए वह बेहद एक्साइटेड हैं। एक तो वॉर 2 और दूसरी डॉन 3, जिसमें ये जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। हालांकि इन मूवीज के लिए एक्ट्रेस ने मोटा पैसा लिया है लेकिन फरहान अख्तर की फिल्म के लिए ज्यादा फीस वसूली है। फरहान अख्तर ने जबसे डॉन 3 की लीड का ऐलान किया है, तभी से ये मूवी चर्चा में बनी हुई है। शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह और प्रियंका चोपड़ा की जगह कियारा आडवाणी को लेने की वजह से हालांकि कुछ फैन्स नाखुश हैं और कुछ बेहद एक्साइटेड। वहीं, इन सब उथल-पुथल के बीच एक्ट्रेस की फीस का भी खुलासा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि जंगली बिल्ली काफी मोटा पैसा वसूल रही हैं। कितना, जानकर होश उड़ जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, सोर्स ने बताया है कि कियारा आडवाणी इस मूवी के लिए एक मोटी फीस ले रही हैं। मेकर्स ने उन्हें उनके करियर का सबसे बड़ा पेमेंट चेक दिया है। दावा किया गया है कि डॉन 3 के लिए कियारा आडवाणी ने 13 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी फीस है और एक्ट्रेस ने एक्शन सीन्स की तैयारी के लिए पूरी फीस वसूल ली है। इतना ही नहीं, दावा ये भी किया गया है कि वॉर 2 के लिए मिल रही फीस से ये 50 प्रतिशत अधिक है।



# अंशुल गर्ग के अगले सिंगल वे पगला में बिग बॉस 17 की ईशा मालविया आयेंगी नज़र

अंशुल गर्ग पिछले कुछ समय से अपने लेबल देसी म्यूजिक फैक्ट्री के तहत इंडस्ट्री को संगीत रत्न दे रहे हैं। इस साल पहले ही, निर्माता ने बिग बॉस 17 के प्रतियोगियों के साथ दो चार्टबस्टर दिए हैं- अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा के साथ सांवरे, और मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की हल्की सी। और अब, अंशुल सीज़न के एक और प्रतियोगी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जैसा कि उन्होंने खुलासा किया है उनके अगले सिंगल वे पगला का फर्स्ट लुक, जिसमें ईशा मालविया नजर आ रही हैं। यह गाना बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद ईशा का पहला प्रोजेक्ट है और उडारियां अभिनेत्री वे पगला के फर्स्ट लुक पोस्टर में गायक और सह-कलाकार प्रीतिंदर के साथ मनमोहक लग रही हैं। गाना प्यार की मासूमियत को सामने लाता है और पोस्टर में ईशा और प्रीतिंदर की प्यारी केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने के लिए ईशा के साथ सहयोग करने के बारे में बात करते हुए, अंशुल ने कहते हैं कि, डीएमएफ में, बिग बॉस के प्रतियोगियों के साथ हमारा ट्रैक रिकॉर्ड अभूतपूर्व रहा है, और मुझे यकीन है कि वे पगला इस ट्रेंड को कंटिन्यू रखेगा। ईशा ने बिग बॉस 17 में अपने आकर्षण से दर्शकों का दिल जीता और इस गाने में वह खूबसूरती से सामने आई हैं। उनके साथ सहयोग करने का अनुभव बहुत ही अद्भुत था। प्रीतिंदर के साथ ईशा की केमिस्ट्री भी बहुत शानदार है और इस गाने में उनकी जादुई आवाज निश्चित रूप से दर्शकों को प्यार की मासूमियत का एहसास कराएगी। इस गाने का टीजर गुरुवार को रिलीज़ किया जाएगा। वे पगला में ईशा के साथ प्रीतिंदर हैं, जिन्होंने गाना भी गाया है। संगीत रजत नागपाल ने दिया है और गीत परम ने लिखे हैं। सत्ती ढिल्लों ने संगीत वीडियो का निर्देशन किया है और इसे अंशुल गर्ग ने अपने लेबल देसी म्यूजिक फैक्ट्री के तहत प्रस्तुत किया है।



# शादी को लेकर हुमा कुरैशी ने दिया बयान

**इन दिनों हुमा कुरैशी अपने एक नहीं बल्कि दो प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस की पॉपुलर वेब सीरीज महारानी 3 जल्द ही रिलीज होने वाली है। साथ ही वे कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे से टेलीविजन पर अपना कमबैक करेंगी। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, हुमा कुरैशी ने अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं। बातों-ही-बातों में उन्होंने अपनी शादी को लेकर भी बयान दिया। अभिनेत्री की मानें तो वे शादी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती हैं।**

### कई लोग शादी करने के बाद भी बहुत दुखी रहते हैं

मैं अपनी प्रोफेशनल के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ पर भी बहुत ज्यादा फोकस करती हूं। लेकिन शादी को लेकर मुझे या मेरे पेरेंट्स को कोई जल्दबाजी नहीं है। मेरे हिसाब से शादी सबसे जरुरी चीज नहीं है। जब होनी होगी तब हो जाएगी। मैं तब शादी करूंगी जब मुझे राइट पार्टनर मिल जाएगा। किसी एक्सटर्नल रीजन की वजह से शादी नहीं करूंगी। मैं तो आजकल देख रही हूं कि कई लोग शादी करने के बाद भी बहुत दुखी रहते है। जब तक शादी वाली फीलिंग नहीं आती तब तक नहीं करूंगी। मैं दु:खी पार्टनर बनकर नहीं रहना चाहती।

6 साल पहले सोनाली बेंद्रे को किया था रिप्लेस

6 साल पहले मैंने एक रियलिटी शो में बतौर जज काम किया था। उस वक्त भी मैं टीवी करने के लिए तैयार नहीं थी। दरअसल, उस वक्त एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे को कैंसर डिटेक्ट हुआ था। उन्होंने अपने ट्रीटमेंट के लिए उस शो से ब्रेक लिया था। मैंने कुछ समय के लिए उन्हें रिप्लेस किया था। उसके बाद टीवी करने का कभी दिल नहीं किया। इस बीच कोई अच्छा अवसर भी नहीं मिला। साथ ही, कॉमेडी करना आसान नहीं है। इस शो की पूरी टीम बहुत मेहनत कर रही है। हमारे पास टैलेंटेड पर्सनालिटी हैं। कोई यूट्यूब संसेशन तो कोई रीजनल सिनेमा का स्टार है। मैं रियल लाइफ में भी मैडनेस की मालकिन हूं। अब जब इतने सालों बाद लौट आई हूं तो मैडनेस जरूर मचाउंगी।



# कमल हासन की ठग लाइफ से बाहर हुए

दुलकर सलमान? सामने आई यह बड़ी वजह साउथ सुपरस्टार कमल हासन की अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मणिरत्नम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कमल हासन के साथ-साथ दुलकर सलमान भी अहम भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अब चर्चा है कि दुलकर ठग लाइफ का हिस्सा नहीं होगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के कुछ हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्य की शूटिंग सर्बिया में चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ठग लाइफ में दुलकर सलमान महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अपने कई अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के चलते दुलकर ने ठग लाइफ को छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स की माने तो अभिनेता अगले कुछ समय तक काफी व्यस्त हैं और उनके पास तारीखों की कमी है, जिसके चलते उन्हें इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को छोड़ना पड़ा। हालांकि, मेकर्स या फिर दुलकर की ओर से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गौरतलब है कि ठग लाइफ में जयम रवि भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले है। फिल्म में फिल्म में वे कैमियो करेंगे। हालांकि, जयम रवि के फिल्म में शामिल होने को लेकर भी मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की अनुसार, ठग लाइफ का पहला शेड्यूल 30 जनवरी को खत्म हो चुका है, जिसमें कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी ने हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन्स को शूट किया। फिल्म में कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी के अलावा त्रिशा, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि नास्सर, गौतम कार्तिक जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिलहाल दुलकर अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म लकी भास्कर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी एटलुरी कर रहे हैं। इसके अलावा दुलकर सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित पावर-पैक थ्रिलर सूर्या 43 में भी नजर आएंगे।

# इंडस्ट्री में 19 साल बिताने के बाद भी अभय देओल के पास नहीं है यह चीज



अभय देओल को इंडस्ट्री में 19 साल हो गए हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में फिल्म सोना ना था से डेब्यू किया था। करीब दो दशक की अपनी इस बॉलीवुड यात्रा को लेकर अभय देओल का कहना है कि ऐसा लगता है मानो कल की ही बात हो। अभय देओल का कहना है कि उन्होंने कुछ भी अलग नहीं किया है। अभय देओल ने बाकायदा एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर नोट लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि वे खुद के प्रति हमेशा ईमानदार रहे और बाजार के दबाव से बचते रहे।

### खुद को नहीं बनाया ब्रांड

अभय देओल ने कहा कि उन्होंने हमेशा विज्ञापनों और पीआर के दबाव को नजरअंदाज किया है। एक्टर ने लिखा, मैंने 19 साल पहले फिल्म सोचा ना था से बॉलीवुड डेब्यू किया। ऐसा लगता है कि यह तो कल की ही बात है! यह काफी सीखने वाला दौर रहा। हम कितने मासूम और भोले थे। हालांकि, मुझे इस बात की खुशी है कि मैंने बाजार की मांगों के आगे झुककर विज्ञापन और पीआर के जरिए खुद को एक ब्रांड के रूप में स्थापित नहीं किया। अभय ने आगे कहा, लेकिन, मैं 19 साल बाद भी यहां हूं और अभी भी फिल्में बना रहा हूं। इसके लिए मैं बेहद शुक्रगुजार हूं। और... मैंने जो फिल्में चुनीं, उससे मैं एक ब्रांड बन गया। मैंने अपने लिए जो भी चुना, उससे सफलता और असफलता दोनों देखी हैं। मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी है और इसके जरिए कई सबक सीखे हैं। मैं जैसा भी हूं उसमें बहुत सहज हूं और खुश हूं।

### अभय ने जताई यह ख्वाहिश

हालांकि, अभय देओल को कुछ चीजों को लेकर पछतावा भी है। जैसे कि उनका अपना स्टाइलिस्ट न होगा। एक्टर ने कहा, मेरी ख्वाहिश है कि मुझे फिल्म के लिए अपना खुद का स्टाइलिस्ट मिल जाए और कोई मुझे बताए कि मेरे साइड बर्न के कारण मैं 70 के दशक के जैसा दिखता हूं! बात करें फिल्म सोचा ना था की तो यह एक रोमांटिक कॉमडी फिल्म थी। इसमें अभय देओल के साथ आयशा टाकिया और अपूर्वा झा भी नजर आईं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था।

# रोहित और द्रविड़ धर्मशाला पहुंचे



धर्मशाला में 7 साल बाद टेस्ट मैच हो रहा

धर्मशाल में इतिहास का दूसरा ही टेस्ट मैच होगा। इससे पहले 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। भारत ने इसे 8 विकेट से जीतकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया था। अब भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 7 मार्च से सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा।

## प्रैक्टिस सेशन में शामिल होना मुश्किल

**धर्मशाला।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ धर्मशाला पहुंच गए हैं। टीम के बाकी खिलाड़ी 3 मार्च को ही स्टेडियम पहुंच गए थे। जहां 2 दिन बाद 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ 5वां टेस्ट खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ एक स्टेट इवेंट में चीफ गेस्ट बन कर गए थे। वे दोपहर तक धर्मशाला पहुंचे। इसलिए उनका आज के प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल होना मुश्किल है।




### टीम 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गई

इंग्लैंड और टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गए। इनके साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ स्टेडियम नहीं पहुंच सके। दोनों के मंगलवार सुबह तक ग्राउंड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दोपहर करीब 1-30 बजे तक ग्राउंड पहुंचे। दोनों टीमें 3 मार्च को प्रैक्टिस शुरू करने वाली थी, लेकिन तेज बारिश के कारण प्रैक्टिस नहीं हो सकी। फिर 4 मार्च को मौसम साफ हुआ और दोनों टीमों ने तैयारी की। अब 5 मार्च को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस सेशन है, लेकिन इसमें रोहित और द्रविड़ के शामिल होने की संभावनाएं कम हैं।

### खेल महाकुंभ में शामिल होने गए थे रोहित-द्रविड़

रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ धर्मशाला से करीब 150 किमी दूर बिलासपुर गए थे। यहां उन्होंने कैबिनेट मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के साथ खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। रोहित इससे पहले बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष पर रहीं शीतल, नॉकआउट में मिलेगी शीर्ष वरीयता

**दुबई, एजेंसी।** अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।

बिना बाजुओं की तीरंदाज शीतल देवी आठवें फजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के



क्वालिफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर रहीं। यह पेरिस पैरालंपिक का क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है। शीतल ने महिला कंपाउंड के ओपन वर्ग में 360 में से 348 का स्कोर किया। अब नॉकआउट में वह शीर्ष तीरंदाज के तौर पर खेलेंगी। शीतल ने गर्म तेज हवाओं के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में इतना अच्छा स्कोर किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। हालांकि उन्हें और राकेश कुमार को कंपाउंड मिक्स टीम के सेमीफाइनल में तुर्की के हाथों 145-148 से हार का सामना करना पड़ा। राकेश का एक निशाना पांच पर लगा, जिससे समीकरण बिगड़ गए।

### टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इस देश के साथ सीरीज खेलेगा पाकिस्तान

**कराची।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले ही पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से दोनों टीमों के लिए ये सीरीज बहुत ही अहम है। इस सीरीज में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप के लिए सही टीम संयोजन तलाशने की कोशिश करेंगे। लेकिन अब सीरीज से पहले ही न्यूजीलैंड का एक डेलीगेशन सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेने के लिए पाकिस्तान पहुंच गया है। पाकिस्तान पहुंचा न्यूजीलैंड का डेलीगेशन न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अप्रैल में होने वाली



टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने के लिए उसका एक डेलीगेशन पाकिस्तान पहुंच गया है। इस डेलीगेशन में न्यूजीलैंड क्रिकेट के दो सदस्य और एक स्वतंत्र सुरक्षा विशेषज्ञ शामिल है। यह डेलीगेशन लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद का दौरा करने के लिए पहुंचा है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैच की सीरीज अप्रैल में लाहौर और रावलपिंडी में खेली जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल मैच स्थलों और उन होटलों का दौरा करेगा जहां टीम को ठहरना है। वह टीम की सुरक्षा योजना को लेकर सरकार और सुरक्षा अधिकारियों से भी जानकारी लेगा। डेलीगेशन में न्यूजीलैंड खिलाड़ी संघ के सीईओ भी शामिल हैं।



## आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

### सोशल मीडिया पर लिखा- सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता

नईदिल्ली, एजेंसी। डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं। हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था।

### 22 मार्च से शुरू होगा मौजूदा सीजन

आईपीएल का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। बीसीसीआई ने लीग के पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

**धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में हो गए थे चोटिल-** धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2023 के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के 19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई, जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी। धोनी की यह फोटो गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के पहले मैच की है। जब गुजरात की पारी के आखिरी ओवर में धोनी डाइव लगाने के दौरान चोटिल हो गए थे।

## शटलर बी साई प्रणीत ने किया संन्यास का एलान

### 31 की उम्र में खत्म किया शानदार करियर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 31 वर्षीय बी साई प्रणीत ने अपने शानदार करियर को समाप्त करने का एलान सोमवार को इंस्टा के जरिए किया। भावुक पोस्ट के जरिए स्टार शटलर ने नई पारी की शुरुआत की भी जानकारी दी। भारतीय बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने रविवार को संन्यास का एलान कर दिया। 31 वर्ष की उम्र में स्टार शटलर ने अपने करियर को समाप्त कर दिया। प्रणीत ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप के दौरान कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। 36 साल बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बने। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीता था। हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर को खत्म करने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर एक पोस्ट किया।

फ्रेंच ओपन

## सिंधू चार महीने बाद सुपर सीरीज टूर्नामेंट में उतरेंगी



### देश के सभी शीर्ष शटलर पेश करेंगे दावेदारी

**पेरिस, एजेंसी।** चोट के चलते कोर्ट से दूर रहने वाली सिंधू ने भारत को एशियाई टीम चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस टूर्नामेंट में तीन एकल मुकाबले खेले, जिसमें उन्हें दो में जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा है।

एशियाई टीम चैंपियनशिप के जरिए बीते माह कोर्ट पर वापसी करने वाली पीवी सिंधू चार माह बाद किसी सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरने जा रही हैं। मंगलवार से शुरू होने जा रहे फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सिंधू ही नहीं बल्कि देश के सभी शीर्ष शटलर अपनी दावेदारी पेश करने जा रहे हैं। सभी की निगाहें पेरिस ओलंपिक के टिकट के लिए इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी रैंकिंग सुधारने पर होंगी। खासतौर पर विश्व नंबर 19, 24 लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत कठिन ड्रॉ के बावजूद अपना प्रभाव छोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। पिछले तीन टूर्नामेंट में उपविजेता के साथ संतोष करने वाली विश्व नंबर एक जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर सभी की निगाहें होंगी।

### लक्ष्य-श्रीकांत को पहले दौर में कड़ी टक्कर

सात्विक-चिराग को नवंबर में बीते वर्ष चाइना ओपन मास्टर्स, मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में हार मिली। यहां उनके पास खिताब जीतने का मौका होगा। उनका सामना पहले दौर में मलयेशियाई जोड़ी ओंग ये सिन और तेओ एई यी से होगा। सात्विक का कहना है कि हमने तीन टूर्नामेंट के फाइनल खेले और तीनों हारे। हमें अहम मौकों पर शांत रहना होगा। विश्व नंबर सात और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एचएस प्रणय पहले दौर में चीन का लू गुआंग जू से टकराएंगे। लक्ष्य के सामने जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती होगी, जबकि श्रीकांत के सामने ताइवान के चोउ तिएन चेन होंगे। उभरते शटलर प्रियांशु राजावात विश्व नंबर एक डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से टकराएंगे। महिला युगल में त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद के अलावा अश्वनी पोनप्पा-तनीषा क्रास्टो भी ओलंपिक टिकट के लिए जोर लगाएंगी।

पेरिस ओलम्पिक्स 2024

## क्वालिफायर के पहले दौर में हारीं जैस्मिन

### अभी भी छह मुक्केबाज कोटा हासिल करने की दौड़ में

**बस्टो अरसीजिओ (इटली),** एजेंसी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं। विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन का क्रम जारी है।

दीपक बोरिया और नरेंदर कुमार की हार के बाद रविवार की देर रात राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया भी 60 भार वर्ग में पहले दौर में हार गईं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मिन को जापान की आयका तागुशी के हाथों 0-5 से हार मिली। अभी भी छह भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हैं। सोमवार की देर रात लक्ष्य चाहर 2021 की एशियाई चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले ईरान के मेयसाम घेशलाघी से भिड़ेंगे।




रणजी ट्रॉफी में बवाल

## कोच ने कप्तान पर फोड़ा हार का ठीकरा, आमने-सामने थे मुंबई-तमिलनाडु

**मुंबई, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के हाथों मिली करारी हार के बाद तमिलनाडु टीम में अफरा-तफरी का माहौल है। टीम का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है। एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने हार के पीछे अजीबोगरीब तर्क देते हुए टॉस को दोषी ठहराया है। तमिलनाडु के कोच की माने तो कप्तान आर. साई किशोर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जबकि हमें गेंदबाजी करनी चाहिए थी। इस बयान के बाद अब क्रिकेट जगत में भूचाल आ गया है। टीम इंडिया के सीनियर विकेटकीपर और तमिलनाडु के खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने कोच सुलक्षण कुलकर्णी के बयान को गैरजिम्मेदाराना और बेकार बताया।

**चलिए जानते हैं आखिर क्या है पूरा मामला?** - तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी का मानना है कि टीम रणजी ट्रॉफी 2023-24 का सेमीफाइनल शुरू होते ही हार गई थी। कप्तान आर. साई किशोर के गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद पहले बल्लेबाजी करने के फैसले की कोच कुलकर्णी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वे विपक्षी टीम के पहले गेंदबाजी करने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे और कप्तान के फैसले ने उन्हें चौंका दिया।

वेटलिफ्टिंग

## भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ की नई पहल, देश के अंदर ही प्रशिक्षकों को तैयार करेगा विदेशी कोच




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी।

अब तक भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेलों की तैयारियां के लिए विदेशी प्रशिक्षक अनुबंधित किए जाते रहे हैं, लेकिन भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ अपने प्रशिक्षकों को विदेशी कोच से तैयार कराने की परंपरा आगे बढ़ाना जा रहा है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक भारतीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए मिस्र के जाने वेटलिफ्टिंग कोच और एजुकेटर अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया है। हसन के इस सप्ताह भारत आने की उम्मीद है। वेटलिफ्टिंग महासंघ ने प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए विदेशी प्रशिक्षक अविनाश पांडु को पहले भी अनुबंधित किया था, लेकिन वह कुछ माह तक ही रुके। इसके बाद से यह योजना बंद हो गई थी। अब इसे सिरे चढ़ाने के लिए अहमद अवाद अहमद हसन को अनुबंधित किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर पीएम मोदी महिलाओं के लिए कर सकते है बड़ी घोषणाएं

**नईदिल्ली , एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आधी आबादी यानी महिलाओं पर फिर एक बार फोकस बढ़ाने वाली है। दरअसल भाजपा चुनावी हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए 370 सीटों का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए महिला मतदाता भाजपा के लिए एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकती हैं। यही वजह है कि पार्टी प्रमुख राज्यों में महिला मतदाताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर काम कर रही है। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीएम मोदी इस संबंध में कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं।

पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा बेरोजगारी, महंगाई और कृषि संकट जैसे मुद्दों पर लोगों के एक वर्ग का गुस्सा झेल रही है लेकिन इसको दूर करने के लिए कई प्रमुख राज्यों में महिलाओं के बीच अपना समर्थन आधार बढ़ाने का प्रयास करेगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में संदेशखली की घटनाओं पर भाजपा काफी हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की




तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। टीएमसी पर पीएम मोदी के ताजा हमले ने संकेत दिया है कि पार्टी का लक्ष्य बंगाल की महिला मतदाताओं के बीच पहुंच बढ़ाना है ताकि इस बार लोकसभा में अपनी सीटों की संख्या भी बढ़ाई जा सके। भाजपा के तेज विरोध ने टीएमसी को डिफेंस मोड में ला दिया है। यही वजह है कि पार्टी के स्थानीय ताकतवर नेता शेख शाहजहां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए वस्तुतः बिगुल बजाते हुए मोदी ने बंगाल के लोगों से आग्रह किया कि वे चोट का जवाब वोट से दें। उन्होंने कहा, क्या आप ऐसी पार्टी को माफ करेंगे? क्या आप टीएमसी को माफ करेंगे। हर चोट का जवाब वोट से देना है। सुंदरबन के मुहाने पर स्थित संदेशखालि क्षेत्र टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों के खिलाफ यौन शोषण और भूमि हड़पने के आरोपों के कारण एक महीने से अधिक समय से हंगामे और प्रदर्शनों से जूझ रहा है। पुलिस ने 55 दिनों से फरार चल रहे शेख को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। मोदी ने कही, संदेशखालि की महिलाओं ने मदद मांगी। और उन्हें क्या मिलता है? मुख्यमंत्री ने उन दोषियों को बचाने के लिए हर संभव कोशिश की। गौरतलब है कि महिला मतदाताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी का पुरजोर समर्थन किया है, जिससे 2021 में तीसरी बार सत्ता में वापसी हुई। गौरतलब है कि पीएम मोदी के 7 मार्च को उत्तर 24 परगना के बारासात में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक को संबोधित करने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों के अलावा, संदेशखली की कई महिलाओं के भी इस सम्मेलन में भाग लेने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी चुनाव के लिए माहौल तैयार करना चाहती है। भाजपा ने पूरे बंगाल में अपने नेताओं से संदेशखली मुद्दे पर बड़े पैमाने पर प्रचार करने को कहा है। इसके अलावा, महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा की गई पहलों को उजागर करते हुए टीएमसी और अन्य विपक्षी दलों को महिला विरोधी के रूप में पेश करने के लिए भी कहा है। विभिन्न शहरों में भाजपा की महिला कार्यकर्ता इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन आयोजित कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवमानना कार्यवाही के खिलाफ बीबीसी की याचिका पर सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कर्नाटक हाई कोर्ट में शुरू की गई अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली बीबीसी की दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई। कर्नाटक हाई कोर्ट ने प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद वाइल्ड कर्नाटक डॉक्यूमेंट्री दिखाने पर बीबीसी के ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की थी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बीबीसी की याचिका पर नोटिस जारी कर नेटफ्लिक्स द्वारा दायर इसी प्रकार की याचिका के साथ संबद्ध कर दिया। शीर्ष अदालत ने गत 25 जनवरी को डॉक्यूमेंटी दिखाने पर नेटफ्लिक्स पर कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा शुरू की गई अवमानना कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। इससे पहले हाई कोर्ट ने बीबीसी, डिस्कवरी और नेटफ्लिक्स समेत विभिन्न प्रसारकों के खिलाफ नागरिक अवमानना के आरोप तय किए थे। इसमें फिल्म निर्माताओं व प्रसारकों पर डॉक्यूमेंट्री की रिलीज और प्रसारण पर 2021 के अंतरिम आदेश का पालन करने का आरोप लगाया गया था। हाई कोर्ट ने 29 जून 2021 को रविंद्र एन. रेडकर और उल्लाश कुमार की याचिका पर आदेश पारित किया था।

### बांग्लादेश में कर्ज, झूठ बोलकर भारतीय युवती से शादी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक बांग्लादेशी युवक ने पंजाब की लड़की से यह कहकर शादी कर ली कि वह अमेरिका से पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। पत्नी जब उस पर अमेरिका जाने के लिए दबाव डालने लगी तो वह बहाने बनाने लगा। उससे मिलने जब युवती का भाई कोलकाता जाने लगा तो उसने विमान में बम होने का ई-मेल भेजकर उड़ान को रुकवा दिया। पुलिस ने आरोपी नजरुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया है। बांग्लादेश में उस पर 50 लाख टका का कर्ज है। इसके चलते वह कोलकाता में छिपा हुआ था। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार 27 फरवरी को एयरपोर्ट प्रशासन को कोलकाता जा रहे विमान में विस्फोटक होने का मेल मिला था। विमान की छानबीन की गई, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला। एसएचओ विजेन्द्र राणा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय यादव ने जांच की तो पता चला कि मेल कोलकाता स्थित क्लासिक होटल के वाई-फाई से भेजा गया था। उस समय होटल में 40 मेहमान ठहरे हुए थे। इनमें से अधिकांश बांग्लादेशी नागरिक थे। मेहमानों से पूछताछ में पता चला कि नजरुल इस्लाम से मिलने के लिए उसका रिश्तेदार अमरदीप आया था। इस पर नजरुल का मोबाइल जब्त कर उसकी जांच करवाई गई। उसने ही अपने मोबाइल से मेल भेजा था। मेल भेजने के बाद उसने साक्ष्य मिटा दिए थे। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह चाहता था कि इस विमान से आ रहा उसका साला कोलकाता न पहुंचे। इसलिए उसने यह मेल भेजा था। आरोपी ने बताया कि उसने पंजाब के एक निजी विश्वविद्यालय से 2017 में एयरलाइंस, टूरिज्म और हॉस्पिटेलिटी का कोर्स किया था। वहां उसकी दोस्ती युवती से हुई थी। वर्ष 2020 में वह बांग्लादेश चला गया। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर दोनों में बातचीत शुरु हुई। उसने युवती को झूठ बोला कि वह अमेरिका से पीएचडी कर रहा है। उसके पास अमेरिका का वीजा है। इससे प्रभावित होकर युवती ने अप्रैल 2023 में शादी कर ली।

## दिल्ली के हर जोन में खोले जाएंगे एक्सीलेंस स्कूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के हर जोन में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एसओएसई) स्थापित किए जाएंगे। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि एसओएसई दिल्ली का गौरव है। आने वाले समय में सभी जोन में इसके विस्तार की योजना है। इसके लिए 42 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान रखा है। आतिशी ने कहा, बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा देने के लिए केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2021-22 में एसओएसई की शुरुआत की। इसमें स्टेम, ह्यूमैनिटीज, परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स और हाई एंड 21 सेंचुरी स्किल के 38 स्कूल दिल्ली में स्थापित किए गए हैं। आईआईटी से ज्यादा आवेदन मिलने का दावा आतिशी ने कहा कि पहले सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना गरीब परिवार की मजबूरी थी। वहीं, इस साल एसओएसई में छह हजार सीटों पर दाखिले के लिए एक लाख 40 हजार आवेदन आए हैं। दिल्ली में पिछले आठ वर्षों से हर साल हमारे स्कूलों का बोर्ड का परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर आ रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले तीन वर्षों में चार लाख से ज्यादा बच्चों ने निजी स्कूलों को छोड़कर दिल्ली सरकार के स्कूलों में दाखिला लिया है। आतिशी ने बताया कि एसओएसई के साथ हमारे तीन और स्पेशलाइज्ड स्कूल हैं। इनमें आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल, दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल और दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल शामिल हैं। गर्व की बात है कि आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के 76 में से 32 बच्चों ने यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालयों में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) को भी मजबूत किया जाएगा। आतिशी ने कहा कि स्कूलों को छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने न पड़े, इसलिए हमारी सरकार ने स्कूल प्रबंधन समिति के लिए 40 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल, वर्चुअल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लेकर आई है। कई बार खराब मौसम के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ता है। इसके लिए दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल एक शानदार उपाय के रूप में सामने आए हैं।

## दिल्ली में छाए रहेंगे बादल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी का तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज दिल्ली में बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा, उत्तर-प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज से अगले दो दिनों तक बारिश का अनुमान है। बात करें पहाड़ी इलाकों की तो हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी का भी अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वोत्तर भारत के कई इलाकों में आज बारिश की उम्मीद है। हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में आज हल्की बारिश हो सकती है। वेबसाइट स्काईमेट वेदर ने जानकारी दी है कि आज पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र पर असर डालेगा, जिसकी वजह से अगले दो दिनों तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश की संभावना है।


## इलेक्टोरल बांड मामले में एसबीआई ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख, आवेदन दाखिल कर मांगा अतिरिक्त समय

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक आफ इंडिया यानी एसबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर इलेक्टोरल बांड की जानकारी चुनाव आयोग को देने के लिए 30 जून तक का समय देने का अनुरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बांड योजना रद करने के फैसले में एसबीआइ को निर्देश दिया था कि वह जारी किए गए इलेक्टोरल बांड की जानकारी छह मार्च तक चुनाव आयोग को दे दे और साथ ही चुनाव आयोग से कहा था कि वह 13 मार्च को जानकारी वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दे। अब एसबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर इलेक्टोरल बांड की जानकारी देने की समयसीमा बढ़ाने की मांग की है। बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अर्जी में कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने को कृतसंकल्प है लेकिन तय समय के भीतर आदेश के पालन में कुछ व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं, इसलिए कोर्ट समय बढ़ा दे।

## ड्राई आइस जिसे खाते ही मुंह से निकलने लगा खून, बिगड़ी 5 की तबीयत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम के एक नामी रेस्टोरेंट में कल 5 लोगों ने माउथ फ्रेशनर की जगह ड्राइस आइस खाली जिसके तुरंत बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनके मुंह से खून निकलने लगा। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक को छोड़कर बाकी 4 आईसीयू में एडमिट है। जानकारी के मुताबिक इनमें से दो की हाल गंभीर बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ये ड्राई आइस क्या है और क्या वाकई ये इतनी खतरनाक है कि इसे खाने से खून की उल्टी शुरू हो गई?

डॉक्टर्स की मानें तो ड्राई आइस जितनी उपयोगी है उतनी खतरनाक भी। दरअसल ये कार्बन डाई ऑक्साइड का ही सॉलिड फॉर्म होता है जिसे कूलिंग एजेंट के रूप में काम में लिया जाता है। अब मेडिकल से लेकर फूड इंडस्ट्री तक, हर जगह इसका इस्तेमाल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक ड्राई आइस का इस्तेमाल कम टेंपरेटचर पर खाने की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए कियया जाता है। इसका तापमान -78 डिग्री




सेल्सियस होता है जो सामान्य बर्फ के टुकड़ों से बहुत ठंडा है। । इसलिए इसे कभी भी डायरेक्टर छूने की सलाह नहीं दी जाती।

सामान्य आईस क्यूब पिघलकर जहां पानी बन जाता है तो वहीं ड्राई आइस जब पिघलती है तो सीधा गैस का रूप ले लेता है जिसे कार्बन डाइऑक्साइड पैदा होती है जो खतरनाक साबित हो सकती है। दरअसल ये गैस जब पेट में जाती है तो तेजी से फैलने लगती है जिससे पाचन तंत्र पर असर पड़ता है और ब्लिडींग की समस्या होने लगती है। इसके अलावा इसका तापमान इतना ठंडा होता है कि पेट और गले में मौजूद गर्म ऊतकों के संपर्क में आने से जलन पेदा होती है और तबीयत बिगड़ने लगती है। इससे सेल डैमेज होने का खतरा बढ़ता है और खून की उल्टियां भी होती हैं।

जानकारी के मुताबिक जब लोगों का एक ग्रुप कैफे में खाना खाने गया तो खाने के बाद वेटर ने उन्हें माउथ फ्रेशनर लाकर दिया। उनमें से एक को छोड़कर बाकी पांच लोगों ने माउथ फ्रेशनर खा लिया। उन लोगों को थोड़ी देर बाद ही परेशानी होने लगी और वो लोग खून की उल्टिंयां करने लगे। आखिर में जिन्होंने माउथ फ्रेशनर नहीं खाया था वो ही बाकियों को अस्पताल ले गए। वहीं पता चला कि इन लोगों ने जो खाया था वो माउथ फ्रेशनर नहीं बल्कि ड्राइ आइस थी।

## डोनाल्ड ट्रंप अब लड़ सकेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, सुप्रीम कोर्ट ने हटाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कैपिटल (संसद परिसर) दंगे के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जवाबदेह ठहराने संबंधी प्रयासों को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेंगे। इससे पहले एक अदालत ने ट्रंप को कोलोराडो के रिपब्लिकन प्राथमिक मतदान से अयोग्य घोषित कर दिया था।



अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने सर्वसम्मति से निचली अदालत के उस फैसले को पलट दिया कि ट्रंप को छह जनवरी, 2021, कैपिटल दंगा मामले में उनकी कथित भूमिका के कारण 14 वें संशोधन के तहत सार्वजनिक पद धारण करने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। कोलोराडो के सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी तरह के पहले फैसले में कहा था कि प्रावधान, धारा 3, ट्रंप पर लागू की जा सकती है। इससे पहले किसी भी अदालत ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर धारा 3 लागू नहीं की थी। कोलोराडो, मेन और इलिनोइस में ट्रंप का नाम मतपत्रों से बाहर कर दिया गया था, लेकिन तीनों फैसलों पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आना था। ट्रंप के वकीलों ने दलील दी कि छह जनवरी का दंगा विद्रोह नहीं था और अगर ऐसा था भी, तो ट्रंप दंगाइयों में शामिल नहीं हुए थे।

## मालदीव को मुफ्त सैन्य सहायता देगा चीन

**माले, एजेंसी।** चीन ने सोमवार को मालदीव के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर समझौता किया है। इसके तहत चीन मालदीव के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को और बेहतर करने के लिए उसे मुफ्त सैन्य सहायता देगा। यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब मालदीव की मुइज्जू सरकार देश से भारतीय सैनिकों को निकाल रही है। मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद माउमून ने चीन के अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग डिपार्टमेंट के अधिकारी मेजर जनरल झांग बाओकुन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा समझौते पर साइन हुए। हालांकि, इस डील से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच मालदीव के मीडिया के मुताबिक, चीन ने मालदीव को 12 ईको-फ्रेंडली एंबुलेंस भी गिफ्ट की हैं। इससे पहले 29 मई को मालदीव में भारतीय सैनिकों को रिप्लेन करने के लिए टेक्निकल कर्मियों का पहला बैच मालदीव पहुंच गया था। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर



जायसवाल ने इसकी जानकारी दी थी। भारत और मालदीव के बीच हुए समझौते के तहत भारतीय सैनिक 10 मई तक अपने देश लौट जाएंगे मालदीव की रेस्क्यू यूनिट में इन सैनिकों की जगह भारत का ही टेक्निकल स्टाफ ऑपरेट करेगा। इस समझौते का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा हो जाएगा। मालदीव में करीब 88 भारतीय सैनिक हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते हैं। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव में इंडियन हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट मानवीय सहायता और मेडिकल इमरजेंसी में वहां के लोगों की मदद करते रहें। इन ऑपरेशन को संभालने के लिए ही टेक्निकल स्टाफ भेजा गया है। 2023 के राष्ट्रपति चुनाव में मोहम्मद सोलिह के खिलाफ मोहम्मद मुइज्जू ने दावेदारी पेश की थी। उन्होंने मालदीव में कथित भारतीय सेना की उपस्थिति के खिलाफ इंडिया आउट का नारा दिया था।

## पाकिस्तान में अहमदिया मुस्लिम समुदाय को नहीं मस्जिद जाने की इजाजत

### अपने ही देश में पहचान पाने में नाकाम है अहमदिया

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
साल 1947 में भारत को दो हिस्से में बांटने का फैसला लिया गया, जिसमें पहला देश तो भारत ही रहा और धर्म के आधार पर हुए बंटवारे के बाद मुस्लिमों के लिए पाकिस्तान बना। दरअसल, पाकिस्तान को इसी सोच के साथ बनाया गया था कि यहां पर मुस्लिम धर्म के लोग निवास करेंगे।

हालांकि, इसके बाद भी वहां कुछ मुस्लिम समुदाय के साथ बेहद खराब बर्ताव किया जाता है। अपने ही देश में उन्हें कई तरह के अपमान और तिरस्कार सहने पड़ते हैं। आज के समय में भी कई लोग वहां की नागरिकता के लिए परेशान है और काफी जद्दोजहद के बाद भी कोई खास परिणाम नहीं निकला।

पाकिस्तान मुस्लिम-बहुल देश है, जहां अलग-अलग वर्गों और समुदाय के लोग रहते हैं। वहीं, इस बीच एक ऐसा समुदाय है, जो आज भी खुद को मुस्लिम बताते हैं, लेकिन पाकिस्तान में उन्हें अल्पसंख्यक माना जाता है और उन्हें मुस्लिम नहीं माना जाता है। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के लोग आज भी अपनी पहचान के लिए परेशान है, लेकिन कोई उनकी सुनने को तैयार नहीं है।

आए दिन अहमदिया समुदाय के मुस्लिमों को वहां पर शिकार बनाया जाता है, उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। यहां तक कि उनके प्रार्थना स्थल और कब्रिस्तान में भी तोड़-फोड़ की जाती है। अहमदिया लोगों का कहना है कि वह भी



इस्लाम को मानते हैं और कुरान में विश्वास करते हैं, लेकिन फिर भी नहीं कोई समान अधिकार नहीं है, बल्कि उनके साथ बहुत ही खराब बर्ताव किया जाता है। बुरे बर्ताव और परेशान करने से भी मन नहीं भरता है, तो इन लोगों को ईशनिंदा के मामलों में लपेटा जाता है और कड़ी सजा- प्रताड़ना दी जाती है। इस तरह के व्यवहार से परेशान होकर अहमदिया मुस्लिम समुदाय के लोग पाकिस्तान छोड़कर दूसरे देशों में रहने को मजबूर हो रहे हैं। पाकिस्तान के संविधान में अहमदिया मुसलमानों को मुस्लिम माना ही नहीं गया है, बल्कि यह खुद को मुस्लिम मानते हैं। उन्हें अल्पसंख्यक गैर-मुस्लिम धार्मिक समुदाय का दर्जा दिया गया है और पाकिस्तान ने संविधान संशोधन के जरिए इन्हें गैर-मुस्लिम घोषित किया था। यहां तक कि इन्हें मस्जिदों में भी जाने की मनाही है। यहां तक कि वे अपने प्रार्थना स्थलों पर मीनार नहीं बना सकते पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के लगभग 5 लाख लोग रहते हैं। अहमदिया मुस्लिम समुदाय की शुरुआत साल 1889 में भारत के पंजाब के लुधियाना में अहमदी आंदोलन के साथ हुई। मिर्जा गुलाम अहमद इस समुदाय के संस्थापक थे, जिनका कहना था कि वह पैगंबर मोहम्मद के अनुयायी है और अल्लाह ने उन्हें शांति-अमन, खून-खराबा रोकने के लिए मसीहा के तौर पर चुना है।

## कमला हैरिस ने इजरायली वॉर कैबिनेट सदस्य से कहा युद्धविराम की कार्रवाई में तेजी लाएं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस ने इजराइल के कैबिनेट सदस्यों से मुलाकात कर सीजफाइयर की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा है। उन्होंने फिलिस्तीनी नागरिकों को सभी प्रकार की मानवीय सहायता सुनिश्चित किए जाने का भी आग्रह किया। इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री और उप-प्रधानमंत्री बेनी गैंट्ज़ के साथ हैरिस की मुलाकात सोमवार को हुई जिसमें उन्होंने इजरायल और हमास के बीच तत्काल युद्धविराम के लिए आह्वान किया। व्हाइट हाउस द्वारा जारी बैठक के एक रीडआउट में कहा गया है, उपराष्ट्रपति ने बंधक समझौते को हासिल करने की तात्कालिकता पर चर्चा की और बंधक वार्ता के लिए इज़राइल के दृष्टिकोण का स्वागत किया। उन्होंने कहा, उन्होंने हमास से शर्तों को स्वीकार करने का आह्वान किया, जिसके तहत बंधकों की रिहाई के बाद तत्काल छह सप्ताह का युद्धविराम होगा। रीडआउट में कहा गया है कि हैरिस ने गाजा में मानवीय स्थितियों और उत्तरी गाजा में एक सहायता काफिले के आसपास हाल ही में हुई भीषण त्रासदी के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 05-03-2024 21:58 Page 1



# निर्वाचन नियमावली की पुस्तक अच्छी तरह से पढ़ें अधिकारी : सीईओ

## समाहरणालय सभागार में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन संदीप सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव समेत गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन ने कहा कि निर्वाचन नियमावली को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2023 में अद्यतन किया गया है। आवश्यकतानुसार नियमावली में कई बदलाव किएं गए हैं। कई नई बातों को जोड़ा गया है। आयोग ने कई नयी आइटी एप को विकसित किया है। इस बार के निर्वाचन में इन आइटी एप (सी-विजील,वोटर हेल्प लाइन आदि) की अहम भूमिका रहेगी। इसलिए निर्वाचन नियमावली की पुस्तक को सभी अधिकारी ध्यान से पढ़ें। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ), सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी को इसे सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने निर्वाचन से पूर्व तैयारियों की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन ने सभी अधिकारियों को ईलेक्शन मोड में काम करने को कहा। उन्होंने जिले की अब तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि डिस्ट्रिक्ट ईलेक्शन मैनेजमेंट प्लान के अनुसार सभी कार्यों को तयसमय पर पूरा करेंगे। उन्होंने क्रमवार मतदाता सूची में नाम दर्ज करने,निर्वाचन पूर्व तैयारियों,प्रशिक्षण कोषांग,स्वीप कोषांग, ईवीएम कोषांग,वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों,वेब कास्टिंग, पेड न्यूज, फेक न्यूज, सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष चौकसी, हथियार सत्यापन एवं सभी तरह की रिपोर्टिंग कार्य को गंभीरता से पूरा करने को कहा।

इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन ने संबंधित कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने शुरू हुए सोशल मीडिया अभियान के आयोजन को लेकर भी चर्चा की। इस बाबत तैयार हुए एक वीडियो क्लिप एवं अब तक हुए स्वीप गतिविधियों का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देखा। मौके पर सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह दिवस पर डीवीसी कर्मियों ने निकाली प्रभात फेरी

## सुरक्षा भारतीय संस्कृति है इसका अनुपालन सभी का कर्तव्य : मनोज कुमार ठाकुर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंद्रपुरा**। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और सुरक्षा विभाग द्वारा 53 वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह दिवस के अवसर पर डीवीसी के अधिकारियों, कर्मचारियो एवं अन्य कर्मियों द्वारा मंगलवार की सुबह प्रभातफेरी निकाला गया। इस अवसर पर अधिकारियों , कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों ने संपूर्ण प्लांट का भ्रमण किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि सुरक्षा हम भारतियों की संस्कृति है। इसे हम अपना कर गृह व्यवस्था, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वास्थ्य विकास, सहित देश की समृद्धि के लिए आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्लांट में कार्यरत नीचे से नीचे तबका के कर्मचारी का भी उतना ही अधिकार है, जितना कि हम सभी का है।

हमारा योगदान हमेशा सकारात्मक होना चाहिए। कंपनी का मालिक एक छोटा सा कर्मचारी भी है। वे कोई भी सकारात्मक सलाह हमें दे सकते हैं । प्रभात फेरी में वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह, महाप्रबंधक अविजीत घोष के अलावा तरुणेश्वर प्रसाद , अजीत कुमार सिन्हा, राजीव रंजन ओझा, राजीव रंजन, संजीव कुमार, विनय कृष्ण दास, सुजीत कारक , सत्येंद्र कुमार, संजीव कमार, अशोक चौबें, रंजीत कुमार चौबे , मनोज कुमार झा, अक्षय कुमार, जितेंद्र कुमार, गणेश चंद्र गगुली आदि शामिल थे।

# महिला दिवस पर "उड़ान" कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पृष्ठभूमि में मानव संसाधन विकास विभाग में टीम निर्माण और नेतृत्व क्षमता के विकास पर केंद्रित उड़ान आउटबाउंड कार्यक्रम का आयोजन महिला कर्मियों के लिए किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद ,मुख्य महा बंधक हरिमोहन झा ,मुख्य महाप्रबंधक अनिमा कुशवाहा, मुख्य महा प्रबंधक मनीष जलोटा उपस्थित थे। उड़ान आउटबाउंड कार्यक्रम में बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत लगभग 150 महिला कर्मियों ने भाग लिया। नेतृत्व क्षमता के विकास तथा टीम निर्माण से जुड़ी मनोरंजक और शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित उड़ान कार्यक्रम का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के बीच नेतृत्व, समझ और सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देना है। अधिशासी निदेशक बीके तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को उड़ान कार्यक्रम से लाभान्वित होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विकास विभाग की महाप्रबंधक नीता बा, सहायक महा प्रबंधक अमित आनंद के नेतृत्व में पूरे विभाग का योगदान रहा।

# शराब अड्डों को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी बोकारो विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत खांजो नदी किनारे, ग्राम बिल्होर बेड़ा में अवैध रूप से संचालित 02 महुआ चुलाई अड्डो को ध्वस्त किया। इस दौरान उत्पाद टीम ने 100 लीटर महुआ शराब जब्त किया। वहीं, 1500 केजी फरमेंटेड महुआ को नष्ट किया।

छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की संगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति एवं अवर निरीक्षक तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थे। जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# बीपीसीएल एलपीजी संयंत्र में एलपीजी फायर का कराया मॉक ड्रिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। जिला के बियाडा क्षेत्र स्थित भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के एलपीजी संयंत्र में मंगलवार को आपदा प्रबंधन लेवल -3 मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आपात स्थिति में आगजनी एवं दुर्घटना में बचाव को लेकर की जाने वाली कार्रवाईयों को क्रमवार सुनिश्चित किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी की देख रेख में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिस क्रम में बीपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के टीएलडी गैन्ट्री में आग लगने के बाद राहत एवं बचाव कार्य को किया गया। प्लांट कॉम्बैट टीम ने एलपीजी से लगे आग पर काबू पाने के लिए प्लांट फायर फाइटिंग की शुरूआत की। वहीं,अनियंत्रित फायर होने के कारण एलपीजी संयंत्र में आपदा घोषित की गई। जिसके बाद मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि ने संयंत्र टीम को सहायता प्रदान करते हुए जॉइंट रेस्क्यू अंतर्गत आग बुझाने का कार्य किया,जो सफल हुआ। इस बीच, पारस्परिक सहायता सदस्यों में आइओसीएल,डालमिया सिमेंट, एचपीसीएल एवं बोकारो अग्निशमन विभाग के फायर फाइटर ड्रिल में शामिल हुए। रेस्क्यू टीम घायलों को निकालने में सफल रही। एक कर्मी को फायर चोट देखी गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार देकर सदर अस्पताल बोकारो रेफर किया गया। प्रशासन एवं कर्मियों की तत्परता व सुझ - बुझ से लेवल-3 मॉक ड्रिल सफल रहा। मौके पर मुख्य संयंत्र प्रबंधक धीरज प्रभाकर,सीनियर मैनेजर चंद्रमणि, एसआइ बालीडीह वीरमानी, ओसी संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# घर - घर दस्तक अभियान की हुई शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले भर में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता को लेकर घर-घर दस्तक अभियान की शुरूआत की गई। बोकारो जिला भ्रमण पर पहुंचे एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन संदीप सिंह एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने संयुक्त रूप से एलपीजी सिलेंडर लगे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व द्वय पदाधिकारियों ने सिलेंडर पर चुनाव का पर्व देश का गर्व स्टीकर चस्पा किया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसीएलआर सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रभाष कुमार दत्ता,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन आदि अधिकारियों/कर्मियों ने भी सिलेंडर पर चुनाव का पर्व देश का गर्व स्टीकर चस्पा किया।

इस अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली में शामिल जेएसएलपीएस की सखी दीदीओं ने मतदाता जागरूकता नारे (छोड़ के अपने सारे काम,पहले करें मतदान/आओ सब मिलकर गाएं, हम देने वोट जरूर जाएं/ प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं/आओ मिलकर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान कराएं/वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है) लगाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया।एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, डीडीयी आदि पदाधिकारियों ने आइ एम रेडी टू वोट सेल्फी स्टैंड में तस्वीर खिंचवाया। समाहरणालय परिसर में अधिष्ठापित मतदाता प्रतिज्ञा लेकर हस्ताक्षर किया। फूलों की रंगोली से मतदान करने का संदेश भी दिया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में स्वीप नोडल पदाधिकारी द्वारा एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन,जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों को मतदान करने से संबंधित संदेश वाले आर्मस बैंड बांधा गया।

# मार्क्सवादी युवा मोर्चा की सभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने बेड़ा फुटबॉल मैदान में एक विशाल आमसभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता देवरंजन दास ने किया एवं संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चतराज ने की। सभा में मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए जगदीश रवानी ने कहा कि भाजपा एवं कांग्रेस एक ही सिक्का के दो पहलू हैं। देश में कांग्रेस ने 70 साल राज किया। वहीं 2014 से भाजपा के जुमलेबाजी की सरकार लगातार देश में राज करते आए हैं। आम जनताओ, युवाओं, महिलाओं एंव छात्राओं को दिग्भ्रमित कर देश की सत्ता में काबिज हुए। 2 करोड़ रोजगार देने की बात कर युवाओं से रोजगार छीन कर 2024 की लोकसभा चुनाव में धर्म का झंडा हाथ में थमा दिया है। मेहनतकश किसान मजदूरों को सोचना है कि कामरेड ए के राय के बाद धनबाद संसदीय क्षेत्र का विकास किसने किया है।

उन्होंने कहा कि 1991 से लगातार भाजपा एवं कांग्रेस ने धनबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया लेकिन विकास की गति तो बढ़ी नहीं बल्कि एम्स हवाई अड्डा के अलावा कितने संस्थान दूसरे क्षेत्र चले गए। अब धनबाद में खटकर खाने वालों का राज आएगा लूटने वाले जाएंगे। मासस धनबाद लोकसभा क्षेत्र से जोरदार तरीके से लड़ेगी एवं आम जनता को लेकर अपनी आवाज को बुलंद करेगी। मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि मासस दबे कुचले वर्ग की लड़ाई को लड़ते आए हैं ' चाहे वह किसान की समस्या हो या मजदूरों की समस्या लगातार संघर्षों में रहा है।

सभा में मुख्य रूप से लाल सेना के सचिव चेतू प्रसाद महतो, लीला, चौहान, आशीष चटर्जी, पूर्व मुख्य संतोष रवानी, सीबू चक्रवर्ती, आनंदलाल महतो, कृष्णा कुमार उर्फ लला, मुकेश महतो, दिनेश महतो, सृष्टि महतो, उमेश सिन्हा, रिंकू सिन्हा, रवि बैरियार, महादेव महतो, लाली सिंह, संतोष रवानी, प्रभात पाल,जयलाल महतो, गीता देवी, सोना मनी मंझियान, सावित्री मंझियांन, लक्ष्मी देवी, अशोक महतो, दयाचंद रवानी, रोहित सोनकर, मुन्ना रवानी आदि शामिल थे।

# मतदान केंद्र का एडिशनल सीईओ ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। जिला भ्रमण पर मंगलवार को बोकारो पहुंचे एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन संदीप सिंह ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 326 सेंटजेवियर्स स्कूल का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, चास बीडीओ डा. प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे। इस दौरान एडीशनल सीईओ मंत्रिमंडल निर्वाचन ने मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखा। उपस्थित बूथ लेवल आफिसर से अभियान की जानकारी प्राप्त की। आवश्यक दिशा - निर्देश दिया।

# नव नियुक्त 31 ओ सी टी प्रशिक्षुओं ने बोकारो इस्पात संयंत्र में किया योगदान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। आज बोकारो इस्पात संयंत्र में नव नियुक्त 31 ओसीटी प्रशिक्षुओं का इंडक्शन कार्यक्रम मानव संसाधन विभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ,मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरिमोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) मनीष जलोटा, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) कुंदन कुमार उपस्थित थे। इंडक्शन कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलायी गयी।

मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) मनीष जलोटा ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और इसे जारी रखने में प्रशिक्षुओं की भूमिका भी अपेक्षित है।

अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने प्रशिक्षुओं से सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण की दृष्टिकोण से जीरो कार्बन एमीशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बोकारो स्टील में योग्य कर्मचारियों को समय-समय पर उनके शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर पदोन्नति देकर आगे बढ़ने का समुचित अवसर प्रदान किया जाता है।

मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरिमोहन झा ने प्रशिक्षुओं को बताया कि सेल में कोई भी कर्मचारी अपनी नौकरी के साथ-साथ उच्च शैक्षणिक योग्यता हासिल कर अपनी दक्षता को बढ़ाने एवं आंतरिक परीक्षाओं में भाग लेकर पदोन्नति प्राप्त कर सकता है। मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार ने नागरिक सुविधाओं के बारे प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। मंच का संचालन प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) प्रीति कुमारी ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के सभी कार्मिकों का अहम योगदान था।

# संदेशखाली को ले अभाविप ने दहन किया ममता बनर्जी का पुतला




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। भारतीय विद्यार्थी परिषद जरीडीह प्रखंड द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ममता बनर्जी के संरक्षण में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में आज बाबा तिलका माँझी चौक जैनामोड़ में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में युवावो नें संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के लिए न्यायी का मांग किया।

अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोशन जयसवाल ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज देश भर में पश्चिम बंगाल संदेश खाली की महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में आंदोलन कर रही है जिसके नियमित आज जेनामोड़ में भी महिलाओं के सम्मान के लिए अभाविप ने आक्रोश प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पुतला का पुतला दहन किया पश्चिम बंगाल में जिस प्रकार से टी एम सी के गुंडे जिहादी वहाँ की महिलाओं के साथ आए दिन अत्याचार दुष्कर्म कर रही है।

महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी ये साबित करती है कि वह जिहादी मानसिकता का समर्थन कर रही है साथ ही झारखंड में सरकार द्वारा महिलाओं के साथ दुष्कर्म एवं अभद्रता का व्यवहार किया जा रहा है वैसे मैं इंडिया गठबंधन की जो भी संगठन है उनको शर्म आनी चाहिए कि जो अपने राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ होते हुए भी नारी रक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था को ना चला पा रहे हैं उनसे क्या अपेक्षा रखता कि वह देश चला पाएंगे ऐसे संगठन के कार्यकर्ता द्वारा ही दुष्कर्म किया जा रहा है और उनको सजा दिलाने के बजाय उनका संरक्षण दिया जा रहा है झारखंड में 2023 में 1608 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट आया है इससे साफ पता चलता है कि झारखंड की सरकार की महिलाओं की सुरक्षा में विफल है विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता देश भर में आंदोलन कर आज राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंप कर महिलाओं की सुरक्षा की माँग करेगी एवं बंगाल में जल्द से जल्द राष्ट्रपति शासन लगाने की भी माँग करेगी।

जिसने मुख्य रूप से अभाविप सोशल मीडिया प्रभारी प्रमुख जरीडीह प्रखण्ड शिवम सिंह ,अभाविप नगर मंत्री - देवराज साव सह नगर मंत्री शंभु नायक, प्रमुख - रूपेश कुमार ,राष्ट्रीय बजरंगदल बोकारो ज़िलाध्यक्ष - विजय सिंह , राष्ट्रीय बजरंगदल बोकारो ज़िला उपाध्यक्ष - शिवम गुप्ता ,सतीश कुमार,राहुल रॉय,ऋषभ पांडेय ,सूरज कुमार महतो, राजवीर सिंह ,अनीश कुमार , रोनक प्रजापति , अभय लहरी , राज कुमार , अजय पाल , शुभम साव , सोनू कुमार, विकी कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पलाश मार्ट का सीईओ ने किया निरीक्षण

बोकारो। सदर अस्पताल समीप स्थित पलाश मार्ट का मंगलवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) संदीप सिंह ने निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार उपस्थित थे। जेएसएलपीएस सीईओ ने मार्ट के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। मार्ट में उपलब्ध उत्पादों,विक्रय - लाभ आदि की जानकारी डीपीएम प्रकाश रंजन एवं संचालन कार्य से जुड़ी दीदीओं से प्राप्त की। उन्होंने मार्ट का संचालन ससमय एवं *मांग के अनुरूप मार्ट में उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

# कॉमन रूम बनकर तैयार

**बोकारो**। अथक प्रयास के बाद बोकारो जिला अधिवक्ता संघ परिसर में महिलाओं के लिए कॉमन रूम बन कर तैयार हो गया है। कॉमन रूम का अधिवक्ता अतुल कुमार, संजीत सिंह, सचिन महतो ने निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि 7 मार्च को कॉमन रूम का विधिवत उद्घाटन सांसद धनबाद लोक सभा पशुपति नाथ सिंह द्वारा किया जायेगा। उनके संसद मद से ही कॉमन रूम का निर्माण किया गया है।

# शिव मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। जगजीवन नगर स्थित पुराना शिव मंदिर जो मानस मंदिर के बगल में स्थित तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा समारोह चल रहा है जो 4 मार्च से 6 मार्च तक चलेगी। मंगलवार को भगवान का नगर भ्रमण का कार्यक्रम हुआ जो नूतंडीह, कॉपरेटिव कॉलोनी, सी एम पी एफ कॉलोनी के पांच मंदिरों में भ्रमण कराया गया। 5 को स्थापना एवं 6 एवं 7 को अखंड कीर्तन का आयोजन होगा। मंगलवार को नगर भ्रमण में सैकड़ों महिलाए एवं युवक थे। मुक्तेश्वर महतो,जगत गुप्ता, शंकर साव, सुरेन्द्र बेलदार,राहुल रजक, बबिता देवी,गीता देवी, मालती देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com